लखनऊ, सोमवार, 3 अप्रैल 2023 | Email: starexpressnews@gmail.com | वर्ष : 16 अंक : 40 | पृष्ठ : 8 मूल्य : 1 रुपया

हिन्दी दैनिक/डिजिटल

# स्टार एक्सप्रेस

सोच..... बदलते भारत की

www.starexpress.news



## संक्षिप्त समाचार

### इसरो ने पुन: प्रयोज्य प्रक्षेपण यान स्वायत्त लैंडिंग मिशन के तहत सफल परीक्षण किया

(एजेंसी) बंगलुरु। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने पुन: प्रयोज्य प्रक्षेपण यान स्वायत्त लैंडिंग मिशन (आरएलवी एलएएक्स) के तहत रविवार को सफलतापूर्वक परीक्षण किय। राष्ट्रीय अंतरिक्ष एजेंसी ने बताया कि यह परीक्षण कर्नाटक के चित्रदुर्ग में वैमानिकी परीक्षण रेंज (एटीआर) में किया गया। एक बयान में कहा गया है, ''इसी के साथ इसरो ने प्रक्षेपण यान की स्वायत्त लैंडिंग के क्षेत्र में सफलता हासिल कर ली। इसरो ने कहा, ''एलईएक्स के साथ ही पुनरू प्रयोज्य प्रक्षेपण के क्षेत्र में भारत अपने लक्ष्य के एक और कदम करीब पहुंच गया। दुनिया में पहली बार, एक 'विंग बॉडी को एक हेलीकॉप्टर की मदद से 4.5 किलोमीटर की ऊंचाई पर ले जाया जाएगा और रनवे पर स्वायत्त लैंडिंग के लिए छोड़ा गया।

### सजा के खिलाफ सोमवार को कोर्ट जा सकते हैं राहुल गांधी

(एजेंसी) नई दिल्ली। राहुल गांधी आपराधिक मानहानि मामले में अपनी सजा के खिलाफसोमवार को सूरत की अदालत में अपील कर सकते हैं। सूत्रों ने बताया कि कानूनी टीम ने पूरी तैयारी कर ली है। राहुल गांधी को 23 मार्च को मानहानि के मामले में दो साल के लिए दोषी ठहराया गया था, जिसके बाद उन्हें लोकसभा से अयोग्य घोषित कर दिया गया। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने गुरुवार को कहा कि एक कानूनी टीम उस मामले पर काम कर रही है जिसमें राहुल गांधी को दोषी ठहराया गया था। खड़गे ने कहा कि पार्टी राजनीतिक और कानूनी रूप से मामले का सामना करने के लिए तैयार है।

### पीएम मोदी सोमवार को सीबीआई के हीरक जयंती समारोह का करेंगे उद्घाटन

(एजेंसी) नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 3 अप्रैल को राष्ट्रीय राजधानी में केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) के हीरक जयंती समारोह का उद्घाटन करेंगे। कार्यक्रम के दौरान, विशिष्ट सेवा के लिए राष्ट्रपति पुलिस पदक और सीबीआई के सर्वश्रेष्ठ जांच अधिकारियों और स्वर्ण पदक प्राप्त करने वालों के लिए एक समारोह आयोजित किया जाएगा, जिसमें प्रधानमंत्री पुरस्कार विजेताओं को पदक प्रदान करेंगे। प्रधानमंत्री शिलांग, पुणे और नागपुर में सीबीआई के नवनिर्मित कार्यालय परिसरों का भी वर्चुअली उद्घाटन करेंगे। वह सीबीआई के हीरक जयंती समारोह वर्ष को चिन्हित करते हुए एक डाक टिकट और स्मारक सिक्का जारी करेंगे। इस मौके पर प्रधानमंत्री सीबीआई का ट्विटर हैंडल भी लॉन्च करेंगे।

### अमित शाह का सशस्त्र सीमा बल के पटना फ्रंटियर का दौरा रद्द

(एजेंसी) पटना। एक बयान में कहा गया है कि केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह का सशस्त्र सीमा बल के पटना फ्रंटियर का रविवार को प्रस्तावित दौरा रद्द कर दिया गया है। समारोह में शाह एसएसबी के नौ प्रतिष्ठानों को जनता को समर्पित करने और पटना फ्रंटियर की एक नई इमारत के लिए भूमि पूजन करने वाले थे। बयान में अपरिहार्य कारणों से दौरा रद्द करना बनाया गया है। जनसभा को संबोधित करने के लिए नवादा जिले के हिसुआ के लिए रवाना होंगे। इसके अलावा, नवादा से बमुश्किल 40 किमी दूर, मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के गृह जिले बिहार शरीफमें सांप्रदायिक आग भड़क गई है।

# सिर्फ इस्पात ही नहीं, आज भारत सभी क्षेत्रों में आत्मनिर्भर हो रहा है : मोदी

(एजेंसी)

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सार्वजनिक क्षेत्र की इस्पात कंपनी स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लि. (सेल) के प्रदर्शन की सराहना की है। महारत्न कंपनी सेल ने बीते वित्त वर्ष 2022-23 में अपना अबतक का सबसे ऊंचा वार्षिक उत्पादन हासिल किया है। मोदी ने रविवार को हिंदी में ट्वीट कर कहा कि सिर्फ इस्पात ही नहीं बल्कि आज भारत सभी क्षेत्रों में आत्मनिर्भर हो रहा है। सेल ने बीते वित्त वर्ष में 1.94 करोड़ टन से अधिक हॉट मेटल और 1.82 करोड़ टन से अधिक कच्चे इस्पात का उत्पादन किया है। सालाना आधार पर कंपनी का हॉट मेटल उत्पादन 3.6 प्रतिशत और कच्चे इस्पात का उत्पादन 5.3 प्रतिशत बढ़ा है। मोदी ने सेल के ट्वीट को टैग करते हुए कहा, ''इस शानदार उपलब्धि के लिए बधाई। सेल के उत्पादन के इस आंकड़े से पता चलता है कि आज सिर्फ इस्पात ही नहीं, बल्कि सभी क्षेत्रों में भारत आत्मनिर्भरता हासिल करने की दिशा में बढ़ रहा है। मोदी ने गोवा के मुख्यमंत्री प्रमोद सावंत के नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा विभाग के सहयोग से विकसित सोलर रूफटॉप ऑनलाइन पोर्टल पर भी अपनी प्रतिक्रिया दी है।



मुख्यमंत्री के ट्वीट पर प्रधानमंत्री ने कहा कि यह सौर ऊर्जा के दोहन की दिशा में एक अच्छा कदम है। अरुणाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री प्रेमा खांडू के ट्वीट पर भी प्रधानमंत्री ने प्रतिक्रिया दी है। खांडू ने ट्वीट कर कहा है कि राज्य में जल जीवन मिशन काफी सफल रहा है और इसके तहत 75 प्रतिशत परिवारों को स्वच्छ जल मिल रहा है। मोदी ने ट्वीट किया कि अमृत महोत्सव के समय में इस तरह की उपलब्धि सराहनीय है। खासकर यह देखते हुए कि अरुणाचल प्रदेश में काफी इलाके 'कठिनाई वाले हैं। प्रधानमंत्री ने केंद्रीय बंदरगाह, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्री सर्बानंद सोनोवाल के सागर सेतु पर ट्वीट और गृह मंत्री अमित मिश्रा के मिजोरम में एक दिन में 2,500 करोड़ रुपये की 11 परियोजनाओं के शिलान्यास संबंधी ट्वीट पर भी बधाई दी है। मोदी ने ट्वीट किया, ''मिजोरम के लोगों को बधाई। इन विकास कार्यों से राज्य की वृद्धि में मदद मिलेगी।

# भाजपा के लिए चुनौती वाला राज्य है छत्तीसगढ़

(एजेंसी)

रायपुर। देश चुनावी मोड में है। इस साल जिन राज्यों में विधानसभा के चुनाव होने वाले हैं उनमें से एक है छत्तीसगढ़, यहां कांग्रेस की सरकार है और भाजपा के लिए अगर कोई चुनौती वाला राज्य माना जाता है तो वह छत्तीसगढ़ ही है। इस साल के विधानसभा चुनाव और अगले साल के लोकसभा चुनाव में भाजपा को इस राज्य से कड़ी टक्कर मिलने की संभावना बनी हुई है। छत्तीसगढ़ में भाजपा ने लगभग डेढ़ दशक तक राज किया था और वर्ष 2018 के चुनाव में उसका सूपड़ा साफहो गया था। यहां कांग्रेस ने एक नया इतिहास रचते हुए सत्ता पर कब्जा जमाया था। वहीं लोकसभा चुनाव में भाजपा बड़ी सफलता हासिल करने में सफल रही थी और कांग्रेस को राज्य की 11 में से सिर्फदो सीट पर ही जीत हासिल हो सकी थी। विधानसभा चुनाव के करीब आते ही राज्य में दोनों ही राजनीतिक दलों की गतिविधियां तेज हो गई हैं। कांग्रेस जहां अपनी योजनाओं के जरिए जनता को लुभाने में लगी है तो वहीं भाजपा वर्ष 2018 में किए गए वादों को पूरा न करने का आरोप खुले तौर पर लगा रही है। भाजपा के वरिष्ठ नेता शिवरतन शर्मा का कहना है कि वर्ष 2018 के विधानसभा चुनाव में 90 में से 68 स्थानों पर भाजपा को हार का सामना करना पड़ा था, इसकी वजह भी थी क्योंकि कांग्रेस ने आकर्षक जनघोषणा पत्र जारी किया था और हर वर्ग को लुभाने की कोशिश की थी। कांग्रेस की हार का बड़ा कारण जनता की नाराजगी बनेगा। भाजपा नेता शर्मा वर्ष 2018 के विधानसभा और वर्ष 2019 के लोकसभा चुनाव की चर्चा करते हुए कहते हैं कि जहां हम विधान सभा हारे थे वहीं लोकसभा की 11 में से नौ सीटों पर हमने जीत दर्ज की थी। इतना ही नहीं विधानसभा की 90 में से 65 सीटों पर भाजपा को बढ़त मिली थी। इस बार के विधानसभा चुनाव में भी ऐसे ही कुछ नतीजे आएंगे। वहीं कांग्रेस अगले विधानसभा और लोकसभा चुनाव को लेकर अपने को आरामदायक स्थिति में पा रही है। कांग्रेस के मीडिया विभाग के प्रमुख सुशील आनंद शुक्ला का कहना है कि छत्तीसगढ़ की भूपेश बघेल सरकार की यूएसपी हर वर्ग के लिए किए गए वादों पर अमल करना है। चुनाव से पहले कांग्रेस ने जो वादे किए थे उन्हें पूरा किया है और उससे एक कदम आगे भी निकली है सरकार। गरीब हो, किसान हो, मजदूर हो, खेतिहर मजदूर हो, जनजातीय वर्ग हो, युवा बेरोजगार हो, महिला वर्ग हो, सभी की जिंदगी में बदलाव लाने के लिए योजनाएं न केवल शुरू की गई बल्कि उसका जमीनी स्तर पर लाभ भी पहुंचा है।

# निकाय चुनाव पर सपा का बड़ा फैसला

## अखिलेश का ऐलान, गठबंधन के सहयोगियों साथ लड़ेंगे चुनाव, आरएलडी को मिलेंगी उचित सीटें

(संवाददाता)

लखनऊ। सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने कहा कि नगर निकाय चुनाव में सपा अपने गठबंधन के सहयोगियों के साथ बातचीत कर चुनाव लड़ेगी। निकाय चुनाव में सपा का भाजपा से सीधा मुकाबला है। भाजपा ने स्मार्ट सिटी के नाम पर जनता को धोखा दिया है। नगरों में कूड़ा भरा पड़ा है। नालियों में गंदगी है। सफाई नहीं है। सफाई न होने से नगरों में बड़े पैमाने पर डेंगू फैला। व्यापारी परेशान है। नगर निकाय चुनाव में जनता भाजपा को सबक सिखाएगी। अखिलेश यादव ने कहा कि महंगाई, बेरोजगारी चरम सीमा पर है। दवाओं से लेकर खाने पीने की सब चीजों के दाम बढ़ गए हैं।

बढ़ी महंगाई के लिए भाजपा सरकार जिम्मेदार है। भाजपा सरकार महंगाई, बेरोजगारी से ध्यान हटाने के लिए नए-नए मुद्दे लाती है। एक अप्रैल से दवाइयां महंगी हो गयी। इलाज महंगा हो गया। लोगों को इलाज नहीं मिल रहा है। अस्पताल में दवाएं नहीं हैं। बेरोजगारी के मामले में भाजपा झूठ बोलती है।

यूपी की नकली ग्रोथ रेट दिखाती है। झूठ को सच दिखाने के लिए 200 करोड़ रुपए खर्च कर अमेरिकी एजेंसी की मदद ली जा रही है। अखिलेश यादव ने कहा कि ओलावृष्टि से किसानों की फसल तबाह हो गयी। किसान बर्बाद हो गया। भाजपा ने फसल बीमा का प्रचार किया था लेकिन आज किसानों को कुछ नहीं मिल रहा है। भाजपा ने बीमा कंपनियों का मुनाफा कराया लेकिन किसान की मदद नहीं हुई। आलू किसान बर्बाद हो गया। किसान को लागत भी नहीं मिल पा रही है। भाजपा सरकार किसानों की दुश्मन है। महंगाई बढ़ा रही है। नौजवानों को बेरोजगार बना रही है। अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा सिर्फ बड़े उद्योगपतियों और कारोबारियों की मदद करती है किसानों, नौजवानों की मदद नहीं करती है। भाजपा ने अपने एक उद्योगपति मित्र को सरकारी संस्थाओं से पैसा दिलवाकर दुनिया में नम्बर दो बनाया था। लेकिन एक रिपोर्ट आते ही उद्योगपति की पोल खुल गयी और उसकी कम्पनियां डूबने लगी। कम्पनी में लगाया गया सरकारी संस्थाओं का पैसा डूब रहा है। भाजपा सरकार जिम्मेदार अधिकारियों पर कार्रवाई क्यों नहीं कर रही है। अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा सबसे बड़ी भ्रष्टाचारी पार्टी है। भाजपा ने पुलिस और अधिकारियों को भ्रष्टाचार की खुली छूट दे रखी है। भ्रष्टाचार से सरकार के अधिकारियों और कर्मचारियों की आय दोगुनी हो गई है। किसान और आम जनता की आय घटती जा रही है। अखिलेश यादव ने कहा कि सरकार के पास गेहूं खरीद की कोई तैयारी नहीं है।

### मदद के लिए अतिरिक्त अर्द्धसैन्य भेजेगा केंद्र

(एजेंसी) नई दिल्ली। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने बिहार में सांप्रदायिक हिंसा की घटनाओं पर रविवार को चिंता व्यक्त की और स्थिति का जायजा लेने के लिए राज्यपाल राजेंद्र विश्वनाथ आर्लेकर से बात की। सूत्रों ने यह जानकारी दी। केंद्रीय गृह मंत्रालय ने हिंसा से पैदा हुई स्थिति से निपटने में राज्य प्रशासन की मदद करने के लिए बिहार में अतिरिक्त अर्द्धसैन्य बलों को भेजने का फैसला किया है। बिहार सरकार के अनुरोध के बाद अतिरिक्त बलों को भेजा जाएगा। सूत्रों ने कहा, ''गृह मंत्री ने बिहार के राज्यपाल से बात की और स्थिति का जायजा लिया।

# सालासर बालाजी मंदिर से लौटते समय हादसा

## ट्रक-पिकअप की भिड़ंत में 3 बच्चों समेत 5 की मौत

❑ **केएमपी एक्सप्रेस-वे पर हादसा, ट्रक की टक्कर से बस सवार खाटू श्याम जा रहे 15 श्रद्धालु घायल**

(एजेंसी)

जयपुर। राजस्थान में चूरू जिले के राजगढ थाना क्षेत्र में शनिवार देर रात एक ट्रक और पिकअप वाहन की भिड़ंत में तीन बच्चों सहित पांच लोगों की मौत हो गई जबकि 19 अन्य लोग घायल हो गये। थानाधिकारी सुभाष चंद्र ने बताया कि जयपुरिया पट्टा गांव के पास ट्रक और पिकअप वाहन की भिड़ंत में पिकअप वाहन में सवार तीन बच्चों और दो महिलाओं की मौके पर ही मौत हो गई जबकि 19 अन्य लोग घायल हो गये। उन्होंने बताया कि पिकअप वाहन में सवार सभी लोग सालासर बालाजी मंदिर से हरियाणा के हिसार में लौट रहे थे। उन्होंने बताया कि घायलों को उपचार के लिए हिसार के अस्पताल में भर्ती कराया गया है।थानाधिकारी ने बताया कि राजगढ़ अस्पताल में मृतकों का पोस्टमार्टम किया जा रहा है जिसके बाद शव परिजनों को सौंप दिये जाएंगे। पुलिस मामले की जांच कर रही है। सोनीपत कुंडली-पलवल-मानेसर (केएमपी) एक्सप्रेस-वे पर गांव बढ़मलिक के पास पंक्चर हुई बस का टायर बदलते समय ट्रक की टक्कर से 15 श्रद्धालु घायल हो गए। सभी पंचर टायर बदलने के दौरान बस के आगे खड़े थे। ट्रक की टक्कर से सभी बस की चपेट में आ गए। घायलों को नागरिक अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां से 6 को ज्यादा चोट होने के चलते महिला मेडिकल कॉलेज अस्पताल खानपुर रेफर किया गया है। राई थाना पुलिस मामले की जांच कर रही है। उत्तर प्रदेश के मेरठ निवासी ललित ने बताया कि वह शनिवार देर रात उत्तर प्रदेश के मेरठ से राजस्थान के सीकर स्थित खाटू श्याम मंदिर में दर्शन करने जा रहे थे। बस में करीब 40 श्रद्धालु सवार थे। जब बस केएमपी के जीरो प्वाइंट से आगे खरखौदा की तरफचली तो गांव बढ़मलिक के पास अचानक बस के आगे का बाएं तरफका पहिया पंक्चर हो गया। जिस पर चालक ने बस को एक तरफरोक दिया। इसके बाद जैक लगाकर चालक टायर बदलने लगा। इस दौरान करीब 15-20 श्रद्धालु नीचे उतरकर बस के आगे रोशनी में खड़े हो गए।

# निकाय चुनाव को लेकर मायावती ने की बैठक, 14 अप्रैल तक प्रत्याशियों के चयन का दिया निर्देश

(संवाददाता)

लखनऊ। उत्तर प्रदेश में होने वाले निकाय चुनाव को लेकर सभी सियासी पार्टियों ने अपनी कमर कस ली है। सभी दलों ने चुनाव में जीतने के लिए रणनीति बनानी शुरू कर ली है। इसे लेकर बसपा सुप्रीमो मायावती ने राजधानी लखनऊ में प्रदेश के 75 जिलों के जिला अध्यक्ष और पार्टी के बड़े नेताओं के साथ बैठक की। उन्होंने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि 14 अप्रैल तक निकाय चुनाव के प्रत्याशियों का चयन कर लिया जाए। मायावती ने कहा कि राज्य के ताजा हालात ठीक नहीं है। बसपा ही एक ऐसी राजनीतिक पार्टी है जो भाजपा को हरा सकती है। उन्होंने कहा कि



जब-जब समाजवादी पार्टी कमजोर हुई है। तब भाजपा मजबूत हुई है। उन्होंने कहा कि यूपी में दिन-प्रतिदिन की विकट समस्याओं से ग्रस्त करोड़ों लोगों के जीवन में बेहतरी के लिए बीएसपी ही एकमात्र आशा की किरण है। उन्होंने कहा कि पार्टी की उम्मीदों पर खरा उतरने हेतु पार्टी के लोगों तन, मन धन से निकाय चुनाव में जुट जाए। उन्होंने कहा कि निकाय चुनाव में उम्मीदवारों का चयन काफी सोच-समझकर करने तथा उन्हीं लोगों को प्राथमिकता देने की बात कही जो निजी स्वार्थ लाभ में डूबे रहने के बजाय अपने क्षेत्र के लोगों के हित व कल्याण तथा क्षेत्र के विकास में रूचि रखते हों ताकि उनके जीतने का लाभ स्थानीय लोगों को आगे मिलना सुनिश्चित हो सके। उन्होंने कहा कि चुनावों में सरकारी मशीनरी के दुरुपयोग तथा विरोधी पार्टियों के साम, दाम, दण्ड, भेद आदि घिनौने हथकण्डों से भी खुद को बचने के साथ-साथ लोगों को भी इससे बचाने जैसी परिपक्वता के साथ चुनाव जीतने के लिए मुस्तैदी जरूरी है। उन्होंने कहा कि महंगाई, गरीबी, बेरोजगारी, बदहाल कानून व्यवस्था तथा इससे उत्पन्न अराजकता आदि की विकट समस्याओं से निपटने को सरकार द्वारा उचित महत्त्व नहीं दिया जाना अति-चिन्ताजनक है। इससे देशहित प्रभावित, अत: इस पर वोट व धर्म की राजनीति से ऊपर उठकर देश व संविधान हित में कार्य हो तो बेहतर होगा। सरकार में शहर सुविधाविहीन व दुर्दशा किन्तु घोषणाओं व बयानबाजी में स्मार्ट सिटी कहला रहे हैं तथा महंगाई, गरीबी व बेरोजगारी आदि के कारण गांवों के हालात खराब हैं। उन्होंने कहा कि सरकार में सब कुछ ठेका ठेका पर अस्थाई कर दिए जाने से इस ठेकाप्रथा के कारण स्थाई नौकरी अब लोगों के लिए दूर का सपना देश व जनहित के विरुद्ध हालात बन गए हैं।

# बेमौसम बारिश, ओलावृष्टि से 5.23 लाख हेक्टेयर में गेहूं की फसल प्रभावित, किसान मुआवजे के इंतजार में

(एजेंसी)

नई दिल्ली। बेमौसम बारिश, ओलावृष्टि और तेज हवाओं ने तीन राज्यों में 5.23 लाख हेक्टेयर से अधिक गेहूं की फसल को प्रभावित किया है, जिससे किसानों के लिए भारी उपज नुकसान और कटाई की चुनौतियों का डर पैदा हो गया है। अधिकारियों के मुताबिक खराब मौसम के कारण तीन राज्यों- मध्य प्रदेश, राजस्थान और उत्तर प्रदेश में लगभग 5.23 लाख हेक्टेयर गेहूं की फसल खराब होने का अनुमान है। उन्होंने कहा कि पंजाब और हरियाणा में गेहूं की फसल को हुए नुकसान का आकलन किया जा रहा है। इस साल गेहूं का बोया गया रकबा करीब 34 लाख हेक्टेयर है। अधिकारियों ने कहा कि सरकार चालू 2022-23 फसल वर्ष (जुलाई-जून) में रिकॉर्ड 11.22 करोड़ टन गेहूं उत्पादन का अनुमान लगा रही है। केंद्रीय कृषि सचिव मनोज आहूजा ने बताया कि पिछले दो से तीन दिनों में हुई बेमौसम बारिश के कारण गेहूं और अन्य रबी फसलों को हुए नुकसान की सोमवार को सरकार राज्य सरकारों के साथ समीक्षा करेगी। गेहूं एक प्रमुख रबी (सर्दियों) की फसल है। बारिश ऐसे समय में आई है जब फसल कटाई के लिए लगभग तैयार थी। मध्य प्रदेश के कुछ हिस्सों में न्यूनतम समर्थन मूल्य पर सरकारी खरीद शुरू हो गई है। पिछले दो हफ्तों से प्रमुख गेहूं उत्पादक राज्यों पंजाब, हरियाणा, उत्तर प्रदेश और मध्य प्रदेश में पश्चिमी विक्षोभ के कारण आंधी, ओलावृष्टि और तेज हवा के साथ बेमौसम बारिश हुई है। बेमौसम बारिश अभी कुछ और दिनों तक जारी रहने की उम्मीद है। खराब मौसम की वजह से गेहूं की फसल को भारी नुकसान हुआ है। 20 क्विंटल प्रति एकड़ की औसत उपज के मुकाबले इस बार यह घटकर 10-11 क्विंटल प्रति एकड़ रह जाएगी। बदरपुर में 34 एकड़ जमीन पर सर्दियों की फसल उगाने वाले सिंह ने कहा कि उनके खेतों में कुछ जगहों पर तेज हवा के कारण फसल भी चौपट हो गई है। उन्होंने कहा कि बेमौसम बारिश और तेज-तेज हवाओं के कारण गेहूं की फसल में औसतन 50 प्रतिशत उपज का नुकसान होगा, उन्होंने कहा और कहा कि यदि अधिक दिनों तक बारिश जारी रही, तो फसल पूरी तरह से इसमें डूब जाएगी। आधिकारिक सूत्रों ने कहा कि राजस्थान में भी, 29.65 लाख हेक्टेयर के कुल बोए गए क्षेत्र में से लगभग 3.88 लाख हेक्टेयर गेहूं की फसल बेमौसम बारिश के कारण प्रभावित हुई है। राजस्थान में गेहूं के अलावा सरसों, चना, जौ और अन्य सब्जियों की फसलें प्रभावित हुई हैं। सूत्रों ने कहा कि राज्य में बारिश के कारण करीब 1.54 लाख हेक्टेयर और 1.29 लाख हेक्टेयर में क्रमशरू सरसों और चना की फसल को नुकसान पहुंचा है। उत्तर प्रदेश के राहत आयुक्त के कार्यालय द्वारा उपलब्ध कराई गई जानकारी के अनुसार, इसी तरह उत्तर प्रदेश में हाल ही में हुई बेमौसम बारिश से 35,000 हेक्टेयर से अधिक गेहूं की फसल बर्बाद हो गई है। सबसे ज्यादा नुकसान राज्य के नौ जिलों आगरा, बरेली, चंदौली, हमीरपुर, झांसी, ललितपुर, प्रयागराज, उन्नाव और वाराणसी में हुआ है। उत्तर प्रदेश के राहत आयुक्त प्रभु एन सिंह ने बताया कि अनुमानित 1.25 लाख गेहूं किसान बारिश से प्रभावित हुए हैं।

# बिहार पुलिस ने रामनवमी हिंसा के सिलसिले में नालंदा में 27, सासाराम में 18 को गिरफ्तार किया

(एजेंसी)

पटना। बिहार के कुछ हिस्सों में रामनवमी समारोह के दौरान दो गुटों के बीच झड़प के बाद राज्य पुलिस ने रविवार को कहा कि नालंदा के बिहार शरीफमें स्थिति पूरी तरह सामान्य है। राज्य पुलिस ने भी लोगों को अफवाहों पर विश्वास न करने की सलाह दी। 31 मार्च को नालंदा के बिहार शरीफऔर रोहतास जिले के सासाराम में झड़प की सूचना मिली थी, जहां केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह आने वाले थे। नालंदा के पुलिस अधीक्षक अशोक मिश्रा ने स्थानीय लोगों से शांति बनाए रखने और अफ्वाहों या भ्रामक खबरों से प्रभावित न होने का आग्रह किया। बिहार पुलिस ने एक ट्वीट में कहा कि नालंदा के बिहारशरीफमें स्थिति पूरी तरह से सामान्य है। हम आम जनता से अफ्वाहों पर विश्वास न




करने का आग्रह करना चाहते हैं। अफ्वाह फैलाने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। सब डिविजनल मजिस्ट्रेट (एसडीएम), बिहारशरीफसदर अभिषेक पलासी ने कहा कि नालंदा में धारा 144 के तहत निषेधाज्ञा लागू है। एसडीएम ने कहा कि बिहारशरीफ में कानून और व्यवस्था की स्थिति सामान्य हो गई है। मैं लोगों से अपील करता हूं कि वे अफ्वाहों या भ्रामक खबरों पर ध्यान न दें। अफ्वाह फैलाने वालों पर कार्रवाई की जाएगी। नालंदा के डीएम शशांक शुभंकर ने दोहराया कि अफ्वाह फैलाने वालों पर कड़ी पुलिस कार्रवाई की जाएगी। शशांक शुभंकर ने एक ट्वीट में कहा कि अफ्वाहों पर ध्यान न दें। अफ्वाह फैलाने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। इससे पहले शनिवार को बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने कहा था कि घटनाएं स्वाभाविक नहीं हैं और किसी ने कानून और व्यवस्था को बिगाड़ने के लिए जानबूझकर अप्राकृतिक कुछ किया हो सकता है।

CMYK

## संपादकीय

# बिना इंटरनेट पढ़ाई

यह तथ्य परेशान करता है कि देश के दस लाख सरकारी स्कूलों में से सिर्फ2.47 लाख स्कूलों के पास इंटरनेट की सुविधा उपलब्ध है। यह संख्या महज 24 फीसदी बैठती है। दिल्ली और चंडीगढ़ अपनी पीठ थपथपा सकते हैं कि वहां स्कूलों में सौ फीसदी इंटरनेट की उपलब्धता है। वैसे देश की राजधानी दिल्ली व दो प्रदेशों की राजधानी चंडीगढ़ में ऐसा होना कोई आश्चर्य की बात नहीं कही जानी चाहिए, क्योंकि ये शहर देश के नीति-नियंताओं के केंद्र हैं और यहां संरचनात्मक ढांचा सबल है। लेकिन बाकी राज्यों में पंजाब का बेहतर प्रदर्शन सुखद ही है। पंजाब में करीब 47 फीसदी सरकारी स्कूलों में इंटरनेट की सुविधा उपलब्ध हो सकी है। निस्संदेह, इसका श्रेय शिक्षा विभाग की सक्रियता और शिक्षकों की जागरूकता को दिया जाना चाहिए। लेकिन राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली से तीन तरफसे जुड़े हरियाणा के सरकारी स्कूलों में इंटरनेट की उपलब्धता का 29 फीसदी रहना चौंकाता है। सरकार की तरफसे स्कूलों में लाखों टैब व लेपटॉप बांटने व कई अभियानों के बावजूद प्रतिशत कम रहना एक यक्ष प्रश्न है। दूसरी तरफहिमाचल प्रदेश में 27 फीसदी व जम्मू कश्मीर में महज 22 फीसदी स्कूलों में इंटरनेट कनेक्टिविटी हो पायी है। दरअसल, हाल ही में केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने सोमवार को लोकसभा में बताया था कि देश के महज 24 फीसदी सरकारी स्कूलों में ही इंटरनेट की उपलब्धता है। जिसमें बिहार की स्थिति सबसे खराब है जहां महज 5.8 फीसदी स्कूलों में ही इंटरनेट सुविधा उपलब्ध है। कमोबेश मिजोरम में 5.9 फीसदी सरकारी स्कूलों में इंटरनेट सुविधा उपलब्ध है। उत्तर प्रदेश में 8.8 फीसदी की उपलब्धता भी चिंताजनक स्थिति को दर्शाती है। इसी तरह ओडिशा में भी महज आठ फीसदी सरकारी स्कूलों में इंटरनेट सेवा की उपलब्धता है। बड़े राज्यों में सबसे सुखद स्थिति केरल की बतायी जाती है जहां 94.5 फीसदी सरकारी स्कूल इंटरनेट कनेक्टिविटी से युक्त हैं। इसी तरह गुजरात में भी 94.1 फीसदी स्कूलों में इंटरनेट सुविधा उपलब्ध है। ऐसे में सवाल उठना स्वाभाविक है कि कोरोना संकट के दौरान देशव्यापी लॉकडाउन और अन्य संचार प्रतिबंधों के बीच सरकारी स्कूलों में शिक्षा का क्या हाल रहा होगा? छात्र-छात्राओं की पढ़ाई इन दो बाधित सालों में कितनी हो पायी होगी? वैसे भी इन सरकारी आंकड़ों को यदि सही मान भी लिया जाये तो सवाल उठता है कि इन सरकारी स्कूलों में कितने फीसदी शिक्षक इंटरनेट से शिक्षण के लिये दक्ष हैं? यह भी कि क्या कोविड महामारी जैसी आपातकालीन स्थितियों को एक नया अवसर बनाने में हम चूके हैं? यह मौका था कि हम सूचना और संचार प्रौद्योगिकी का भरपूर लाभ उठाकर सरकारी स्कूलों को इंटरनेट सुविधा उपलब्ध कराने में जुट जाते। कहने को तो शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने दावा किया था कि सूचना और संचार प्रौद्योगिकी यानी आईसीटी प्रयोगशालाओं के लिये एक हजार करोड़ रुपये व राज्यों व केंद्र शासित प्रदेशों में स्मार्ट कक्षाओं के लिये 909.6 करोड़ रुपये स्वीकृत किये गये हैं। लेकिन देखने वाली बात यह है कि कितने स्कूलों को इसका लाभ मिला और ध्वहां इंटरनेट की सुविधा उपलब्ध हो पायी है। साथ ही शिक्षा मंत्री का यह भी कहना था कि दूरसंचार सुविधाओं में सुधार की जिम्मेदारी बीएसएनएल को दी गई है। यह बात पड़ताल की मांग करती है कि ये सरकारी प्रयास जमीनी स्तर पर कितने प्रभावी नजर आए हैं। लेकिन एक बात तो तय है कि देश में शिक्षा जगत में विभाजन कितना गहरा हो चला है। एक तरफपांच सितारा निजी स्कूल हैं, जहां धनाढ्य वर्ग, नीति-नियंताओं व संभ्रांत वर्ग के बच्चे पढ़ रहे हैं, वहीं सरकारी स्कूलों में इंटरनेट जैसी मूलभूत जरूरत उपलब्ध ही नहीं है। निस्संदेह, सभी समस्याओं के मूल में गरीबी बड़ा कारण है। ऐसे में केंद्र व राज्य सरकारों का नैतिक दायित्व बनता है कि सरकारी स्कूलों को वैश्विक धारा के अनुकूल बनाने के लिये अविलंब इंटरनेट जैसी मूलभूत सुविधा उपलब्ध करायें।

# इजरायल से उम्मीद की किरण

रक्षा, अनुसंधान, खुफिया तंत्र, तमाम लिहाज से दुनिया में अग्रणी और मजबूत माने जाना वाला देश इजरायल इस वक्त असुरक्षा के खतरे से जूझ रहा है। दरअसल इजरायल की सड़कों पर वहां की जनता सरकार के खिलाफउतर आई है और इस विरोध प्रदर्शन में जनता के साथ रिजर्व सेना के लोग भी उतर आए हैं। वे कार्य पर नहीं जा रहे हैं। इससे इजरायल की सुरक्षा को खतरा पैदा हो गया है। यह सब न्यायपालिका की स्वतंत्रता और लोकतंत्र की रक्षा के लिए हो रहा है। इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू पर भ्रष्टाचार के कई आरोप लगे हुए हैं। वे सत्ता में तो आ गए हैं, लेकिन उनकी सरकार न्यायपालिका में बदलाव लाने वाले न्यायिक सुधार कानूनों को लाने की तैयारी में थी। इसका विरोध करने वालों की आशंका है कि इन के लागू होते ही न्यायपालिका के अधिकार कम हो जाते। इजरायल की संसद के पास साधारण बहुमत से सुप्रीम कोर्ट के फैसलों को रद्द करने की शक्ति होती, मौजूदा सरकार को बिना किसी डर के कानून पारित करने की ताकत मिल सकती थी और सबसे बड़ी बात कि इस कानून का उपयोग प्रधानमंत्री नेतन्याहू पर चल रहे मुकदमों को खत्म करने के लिए भी किया जा सकता था। बेंजामिन नेतन्याहू ने पिछले साल नवंबर में बड़ी मुश्किल से सत्ता में वापसी की है। इससे पहले 2021 के जून में उन्हें भ्रष्टाचार के मामलों के कारण पद छोड़ना पड़ा था। नेतन्याहू सरकार ने जैसे ही न्यायिक सुधार कानून लाने की तैयारी तेज की, इजरायल की जनता सड़कों पर उतर आई। बेंजामिन नेतन्याहू के लिए बीबी घर जाओ के नारे लगने लगे, बीबी नेतन्याहू का प्रचलित नाम है। नेतन्याहू के राजनीतिक प्रतिद्वंद्वी इन विरोध प्रदर्शनों की अगुआई कर रहे हैं, लेकिन इसमें उनके साथ नेतन्याहू के कई समर्थक, श्रम संगठन और रिजर्व सेना के लोग भी आ गए हैं। विरोधियों का कहना है कि सरकार ने न्यायपालिका से जुड़े कानून में जो बदलाव की कोशिश की है उनसे देश के लोकतंत्र को गंभीर खतरा पैदा हो सकता है। सरकार न्यायिक व्यवस्था को कमजोर करना चाहती है। जबकि देश में इसका इतिहास सरकारों पर अंकुश लगाए रखने का रहा है। इजरायल के कई बड़े शहरों में विरोध का दायरा बढ़ता गया और आखिरकार बेंजामिन नेतन्याहू को कहना पड़ा कि वह विवादास्पद बन चुके इन न्यायिक सुधार कानूनों पर अस्थायी रूप से रोक लगा रहे हैं। उन्होंने कहा कि जब बातचीत के माध्यम से गृहयुद्ध से बचने का विकल्प होता है, तो मैं बातचीत के लिए समय निकाल लेता हूं। यह राष्ट्रीय जिम्मेदारी है। इस ऐलान के बाद अब सड़कों से विरोधी लौटने लगे हैं और इसे लोकतंत्र की बड़ी जीत के तौर पर देखा जा रहा है। कोई भी देश सच्चे अर्थों में तभी लोकतांत्रिक रह सकता है, जब वहां सत्ता पर अंकुश लगाने की व्यवस्था हो। इस व्यवस्था को स्वतंत्र न्यायपालिका, मजबूत विपक्ष और जनतांत्रिक अधिकारों से ही बनाया जा सकता है। इनमें से कोई भी पक्ष कमजोर हो तो लोकतंत्र पर आंच आने लगती है, सत्ता के निरंकुश होने का खतरा बढ़ने लगता है। इजरायल में नेतन्याहू ने इसी तरह निरंकुश होने का रास्ता बनाने की तैयारी की थी, लेकिन जनता, विपक्ष और सत्ता के साथ खड़े कुछ लोगों ने ही मिलकर इस रास्ते को बनने से रोक दिया। क्योंकि वे इसके बाद भविष्य के खतरों को भांप रहे हैं। लोकतंत्र में जब एक बार मनमाने आचरण की छूट मिल जाए, तो फिर तानाशाही को रोकना कठिन हो जाता है। जर्मनी जैसे देशों ने तानाशाही का क्या खामियाजा भुगता है, यह दुनिया ने देखा है। अभी उत्तर कोरिया में सत्ता की यही सनक लोगों पर भारी पड़ रही है, जहां शासक किम जोंग ने 2 लाख से अधिक आबादी वाले शहर हेसन में सिर्फइस बात के लिए कड़ा लॉकडाउन लगा दिया ताकि सैनिकों ने असॉल्ट राइफल की जो 653 गोलियां हाल ही में खोई हैं, उनकी तलाश की जा सके। कुछ सौ गोलियों के लिए 2 लाख लोगों को बंधक बनाने का यह फैसला अगर एक देश का तानाशाह कर सकता है, तो निरंकुशता की ओर बढ़ रहे बाकी देश कब तक ऐसे किसी सनक वाले फैसले से बच पाएंगे, ये ख्याल ही डराता है। दुनिया के कई देशों में शासकों ने अपने मन की बातें लोगों पर थोपी हैं। धर्म या नस्ल के गौरव, रूढ़िवादी विचारों, या राष्ट्रवाद के नाम पर कई ऐसे कानून बनाए हैं, जिनसे जनता के अधिकारों का हनन होता है या अदालतों की शक्तियां कम होती हैं। ये अतिवादी फैसले दुनिया को तबाह कर सकते थे, लेकिन दुनिया अब तक इसलिए ही बची हुई है, क्योंकि लोग समय-समय पर इन अविचारित फैसलों और निरंकुशता के खिलाफ खड़े होने की हिम्मत दिखाते रहे हैं।

# गर्मी और उच्च तापमान से मानव जाति और प्रकृति को बड़ा खतरा

**संजीव ठाकुर**



ग्लोबल वार्मिंग तथा अप्राकृतिक उष्णता के अनेक प्रभाव अब धरती, नदियां पहाड़, पेड़ एवं मानव जाति पर बेहद चिंताजनक रूप में दिखाई देने वाला है और निसंदेह यह प्राकृतिक संसाधनों का बेरहमी तथा अप्राकृतिक दोहन के फल स्वरुप होने वाला हैस जब हम अपने विकास का इतिहास देखते हैं तो ब्रिटिश सत्ता के दौरान हमारे संसाधनों का प्रकृति का अंधाधुंध दोहन होता रहा है। आजादी हमें मिली है यानी कि मानव को परंतु प्रकृति आजादी से अछूती रही है। अमूमन हमारी जरूरत रोटी, कपड़ा, मकान और जल की थी कि हमको उद्योग धंधे का विकास तीव्र गति से करना पड़ा। मशीनें जितनी बड़ी से बड़ी होती गई आदमी उतना ही बौना होता गया। कृषि में नई नई तकनीक ट्रैक्टर, रसायनिक उर्वरक, कीटनाशकों के प्रयोग से भूमि बंजर होकर कराहाने लगी। विकास का सही मायने माननीय शक्तियों के साथ ऊर्जा और उसकी शक्ति तथा सामर्थ्य का सही उपयोग ही होगा। जब से हमने विकास के पथ पर उड़ान भरी है उद्योगों की चिमनी यों को ऊपर उठाया मोबाइल क्रांति का बटन दबाया ई-मेल पर सवार होकर विश्व संदेश को सुना तब से हमारे झरनों का कल कल स्वर और संगीत बंद हो गया, पक्षियों का कलरव बंद हो गया पक्षी अब चीत्कार कर रहे हैं। नदी नाले सूखकर मृतप्राय हो गए हैं। समुद्र की लहरों की झंकार विलुप्त हो गई है और पानी खारा और खारा हो गया है। अब हमें यह सोचना है कि विकास के नाम पर हमें ग्रीन इंडिया चाहिए या इंटरनेट की सवारी कर डिजिटल इंडिया चाहिए। बच्चों की झोली में इंटरनेट को डालकर डिजिटल जेनरेशन का सपना देखना चाहिए या प्रकृति की गोद में सुगंधित वायु की लहरों में खो जाना चाहिए। झरनों में बैठकर नौका विहार का आनंद लेना चाहिए या कंप्यूटर में बैठकर नेट खोल कर नन्हे मुन्ने की आंखों पर जोर डालकर उन्हें चश्मा वाला बनाना चाहिए। हरा भरा हिंदुस्तान यानी कि ग्रीन इंडिया और डिजिटल इंडिया का सपना नदी के दो कभी ना मिलने वाले किनारे हैं। विकास के नाम पर असीमित उद्योग धंधों की बाढ़ आ गई है। भूमि समाप्त हो रही है साथ ही हमारी वायु विषैली हो गई है। रात में शहरी मकानों मैं बिजली के झालरों के सामने आकाश में रात्रि के तारों की चमक फीकी पड़ गई है। जंगलों को हम ऐसे साफकरते गए जैसे सड़क पर रोड रोलर चला रहे हैं। नगर बने ,महानगर बने ,मकान बने किंतु अब घर गायब होते गए, हमें तब सुध आई जब चिड़िया चुग गई खेत, हमें विकास के नाम पर मानव सभ्यता से जुड़ी जमीन पानी, हरियाली,पक्षी जानवर सब चाहिए केवल अंधाधुन्ध कंक्रीट का विकास या इंटरनेट की रफ्तार नहीं चाहिए। इसके लिए हमें संसाधनों के अंधाधुंध प्रयोग पर अंकुश लगाना होगा। संसाधनों का इस्तेमाल अतिरेक में नहीं होना चाहिए । महात्मा गांधी ने खुद कहा है कि पृथ्वी पर सभी की आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए संसाधन है, किंतु मानव की लालच को पूरा करने का कोई साधन नहीं है। हम प्राकृतिक परियोजना तथा परिस्थितिकी की परियोजनाओं का स्वागत करना होगा सम्मान करना होगा। हमें अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सौर, पवन, बायोगैस, ज्वार तरंग लहरों को ऊर्जा का आधार बनाना होगा। भारत में परिस्थितियां बड़ी विषम है एक तरफसोडियम लाइट से नहाती दिल्ली ,मुंबई ,बेंगलुरु की रंगीन सड़कें हैं, ऊंची ऊंची इमारतें हैं, तेज गति की मेट्रो है,वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग का लुफ्त उठाते हुए युवक युवतियां है, दूसरी तरफ पसीने से भीगा हुआ किसान हैं। कैरोसिन की चिमनी में बच्चों को कहानी सुनाती माताएं हैं। यानी कि इतनी डिजिटल विषम बताएं भारत के अलावा विश्व के किसी भी कोने में नहीं है। भारत में विकास के नाम पर डिजिटलाइजेशन करने की आवश्यकता जरूर है पर गांव जंगलों नदियों और प्राकृतिक संसाधनों के निरस्तीकरण और विनाश की कीमत पर नहीं। हमें यह साबित करना होगा कि भारत के विकास की हरित क्रांति के साथ-साथ डिजिटल इंडिया भी विकास की गति को बढ़ा रहे हैं। इसमें कोई संदेह नहीं कि भारत कि हरित क्रांति का विकास ही डिजिटल इंडिया का स्वप्न को भी पूरा करेगा। इसके लिए स्वच्छ साफ-सुथरे संसाधन जैसे जल, खनिज, यूरेनियम ,थोरियम नहीं होगा तब तक नाभिकीय रिएक्टर की भट्टीयां कैसे चलेंगी। किसी कवि ने कहा है, जो घर बनाओ तो एक पेड़ भी लगा लेना, पंछी सारे उपवन के चहचहा उठेंगे। विकास का जो भी रास्ता या नक्शा हम तैयार करेंगे निश्चित तौर पर वह मार्ग हरित क्रांति या हरित विकास से होकर गुजरेगा, जिससे हम अपनी 131 करोड़ जनसंख्या को स्वच्छ वातावरण दे पाएंगे और एक नए भारत की कल्पना को साकार कर पाएंगे।

# इस्राइल मे जनान्दोलन का दौर

**आदित्य नारायण**



इस्राइल विश्व के मानचित्र पर एक बहुत छोटा सा लगभग एक करोड़ की आबादी वाला ऐसा देश जरूर हो सकता है जिसे 1948 में दुनिया भर के यहूदियों के लिए उनके हक के तौर पर संयुक्त राष्ट्र संघ ने बनाया था मगर यह पूरी अरब दुनिया के बीच में बसा हुआ ऐसा आधुनिक व प्रगतिशील राष्ट्र है जिसकी वैज्ञानिक सोच के आधार पर अपनाये गये लोकतन्त्र को पूरी दुनिया नजरंदाज नहीं कर सकती। इसमें रहने वाले हर नागरिक के अधिकार इस हकीकत के बावजूद हैं कि यह मूल रूप से यहूदियों का ही देश है और दुनिया के किसी भी कोने में रहने वाला यहूदी मूल का व्यक्ति इसे अपना देश बना सकता है। इस देश में आजकल स्वतन्त्र न्यायपालिका के अस्तित्व को लेकर जिस तरह का कोहराम मचा हुआ है वह सभी लोकतान्त्रिक व न्यायप्रिय देशों के नागरिकों के लिए एक बेमिसाल नजीर है। इस देश के वर्तमान साझा सरकार के प्रधानमन्त्री श्री बेंजिन नेतन्याहू यहां कार्यरत न्यायपालिका को सरकार का हिस्सा बनाने की गरज से इसके न्यायाधीशों की नियुक्ति का अधिकार अपने हाथ में यहां की संसद 'नेसे' जरिये लेना चाहते हैं जिसका सबसे कड़ा विरोध उन्हीं की लिकुद पार्टी के वरिष्ठतम नेता व रक्षामन्त्री श्री योव गैलेंट ने किया जिन्हें श्री नेतन्याहू ने अपने मन्त्रिमंडल से बर्खास्त कर दिया परन्तु इसके बाद पूरे इस्राइल में नागरिक संघर्ष का खतरा खड़ा हो गया और पहले से ही विरोध में सड़कों पर निकले लोगों के बीच गुस्सा और बढ़ने की आशंका पैदा हो गई जिसका संज्ञान इस देश के संवैधानिक मुखिया राष्ट्रपति श्री इशका हेरजोग ने भी लिया और प्रधानमन्त्री से अपील की कि वह अपनी न्यायिक परिवर्तन करने की जिद को छोड़ दें क्योंकि इससे न केवल नागरिक संघर्ष बल्कि राष्ट्रीय सुरक्षा और आर्थिक सुरक्षा को भी खतरा पैदा हो गया है। उनकी इस अपील के बाद नेतन्याहू ने अपने कदम को पीछे हटाने का फैसला किया जिससे इस्राइल में हालात बदलने के आसार पैदा हो सकते हैं। नेतन्याहू की न्यायिक बदलाव या परिवर्तन की नीति का संसद से लेकर सड़क तक विरोध इस प्रकार हो रहा था कि उनकी सरकार जाने का खतरा पैदा हो गया था और लिकुद पार्टी के नेतृत्व में सत्तारूढ़ गठबन्धन के बीच ही दरारें पड़ने लगी थीं। राष्ट्रपति के हस्तक्षेप के बाद इस्राइली संसद में उनकी सरकार के विरुद्ध विपक्ष ने अविश्वास प्रस्ताव भी रखा जो इस वजह से गिर गया क्योंकि नेतन्याहू ने न्यायपालिका के मामले में सीधे हस्तक्षेप करने की नीति वापस ले ली थी। इस्राइल में न्यायपालिका की संरचना में बदलाव या उलटफेर का भारी विरोध इस देश की जनता ही कर रही थी और लाखों की संख्या में लोग सड़कों पर निकल कर न केवल इसका विरोध कर रहे थे बल्कि विभिन्न देशों में इस्राइली दूतावासों व वाणिज्य दूतावासों के राजदूतों से लेकर अन्य कर्मचारी तक इसका विरोध कर रहे थे। पूरे देश में अफरा-तफरी का माहौल बन चुका था और इस देश के अन्तर्राष्ट्रीय हवाई अड्डों तक से पिछले दो दिनों में उड़ाने रद्द हो चुकी थीं। इसके साथ ही विश्वविद्यालयों से लेकर स्कूल-कालेजों में पढ़ाई ठप्प हो गई थी और सभी वाणिज्यिक संस्थानों में भी काम बन्द हो गया था। इस देश के सबसे बड़े मजदूर संगठन ने बैंकिंग क्षेत्र से लेकर स्वास्थ्य व माल सप्लाई में कार्यरत लोगों से आन्दोलन करने का आह्वान कर दिया था। परिणामस्वरूप सर्वत्र आन्दोलन व काम बन्द का माहौल बन गया था। जिसकी वजह से राष्ट्रपति श्री हेरजोग को परिस्थितियों का संज्ञान लेना पड़ा और प्रधानमन्त्री से कहना पड़ा कि वह अपनी हठ छोड़ कर विपक्ष व अन्य लोकतान्त्रिक संस्थाओं के साथ संवाद का राब्ता कायम करें और समस्या का हल निकालें। इस्राइल में संसदीय लोकतन्त्र है और इसकी संसदीय विरासत को परिष्कृट करने वाले स्व. श्रीमती गोल्डा मेयर से लेकर नोशे दायां जैसे नेता भी हुए हैं जिन्होंने अपने देश के लोकतन्त्र को मजबूत करते हुए स्वतन्त्र न्यायपालिका के संस्थान को पाला-पोसा। हालांकि लिकुद पार्टी रूढ़ीवादी पार्टी ही मानी जाती है और इसका फिलहाल जिन अन्य पार्टियों से गठबन्धन है वे प्राय: धार्मिक रूप से कट्टरपंथी पार्टियां मानी जाती हैं मगर इस्राइल की जनता मूल रूप से लोकतन्त्र के सिद्धान्तों में यकीन रखने वाली मानी जाती है जिसकी वजह से इस देश में ऐसी स्थिति बनी। अत: नेतन्याहू ने जब अपना कदम पीछे उठाने का ऐलान कर दिया तो विपक्ष के नेता श्री यायिर लैपिद ने कहा कि वह प्रधानमन्त्री से इस मुद्दे पर अब विचार करने के लिए राजी हैं। उम्मीद की जानी चाहिए कि लोकतान्त्रिक संवाद प्रक्रिया के जरिये इस्राइल में पुन: शान्ति बहाल होगी क्योंकि भारत के साथ इस देश के सम्बन्ध मधुर माने जाते हैं हालांकि दोनों देशों के बीच दौत्य सम्बन्ध 90 के दशक के शुरू में ही स्थापित हुए थे।

# विदेशों में खालिस्तान समर्थकों के विरुद्ध सिखों का प्रदर्शन बहुत अच्छा कदम

**अशोक मधुप**



खालिस्तान के समर्थन में आंदोलन करने वालों के बारे में भारत में कहा जा रहा है कि खालिस्तानी उस समय कहां थे, जब अफगानिस्तान से सिख भाग रहे थे। वहां गुरुद्वारों पर हमले हो रहे थे। यह आंदोलनकारी अफगानिस्तान से सिखों को निकालने के लिए क्यों नहीं सक्रिय हुए कुछ देशों में खालिस्तान के समर्थन में भारतीय दूतावास पर किए जा रहे प्रदर्शन का विरोध होने लगा है। अच्छा यह है कि खुद प्रदर्शन वाले देशों का सिख समाज इस आंदोलन के पीछे की कहानी जान गया है। यह जान गया है कि इस आंदोलन को बढ़ाने के पीछे पाकिस्तान की गुप्तचर संस्था आईएसआई का हाथ है। यही कारण है कि वहां का सिख समाज इन आंदोलनकारियों के विरोध में उतर आया। उसने उन्हीं जगह पर भारत के समर्थन और खालिस्तान के विरोध में प्रदर्शन किया, जहां खालिस्तान के समर्थन में प्रदर्शन हुए थे। लंदन में पिछले रविवार को भारतीय हाई कमीशन में तोड़फोड़ की घटना का विरोध सोमवार को नई दिल्ली में भी किया गया। नई दिल्ली में बड़ी तादाद में सिख ब्रिटिश हाई कमीशन के बाहर जुटे और खालिस्तानियों की हरकत का विरोध किया। उधर, अमेरिका के सैन फ्रांसिस्को में इंडियन कॉन्स्यूलेट पर हमला किया गया। इसका भी भारतीयों ने विरोध किया। नई दिल्ली में ब्रिटिश हाई कमीशन के बाहर सिखों ने खालिस्तानियों के खिलाफ बैनर-पोस्टर लहराए और नारेबाजी की। कहा- भारत हमारा स्वाभिमान है। इन सिखों के मुताबिक- तिरंगे का अपमान किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। ऐसा ही सैन फ्रांसिस्को में हुआ। दोनों जगह खालिस्तान के समर्थन में आंदोलन करने वालां के विरुद्ध प्रदर्शन ही नहीं हुए। आंदोलनकारियों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग भी की गई। नई दिल्ली में प्रदर्शन के लिए पहुंचे सिखों ने कहा- पाकिस्तान की बदनाम खुफिया एजेंसी आएसआई हमारे देश के अमन-चौन को तबाह करने की साजिश रच रही है। हमने हमेशा अपने तिरंगे का सम्मान किया है और लंदन में हुई हरकत को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। लंदन के बाद अमेरिका के सैन फ्रांसिस्को में भी इंडियन कॉन्स्यूलेट पर हमला किया गया। रविवार को यहां भी खालिस्तान समर्थक जुटे। इन लोगों ने स्प्रे पेंट्स से अमृतपाल को रिहा करो.. लिख दिया। इन लोगों ने कॉन्स्यूलेट के गेट्स तोड़ दिए। वहां खालिस्तान के झंडे लगा दिए। इसके विरोध में भारतीय अमेरिकियों ने हमलावरों के खिलाफसख्त कार्रवाई की मांग की है। उन्होंने खालिस्तान समर्थकों द्वारा किए गये भारतीय राष्ट्र ध्वज तिरंगे के अपमान के प्रति गुस्सा जाहिर किया। प्रदर्शन भी किया। इसे भी पढ़ेंरू डवकप ने ठतपजंपद को जिस तरह झुकने पर मजबूर किया, उसका संदेश पूरी दुनिया में गया है दरअसल पिछले कुछ समय से साजिश के तहत खालिस्तान आंदोलन को हवा देने की कोशिश की जा रही है। ब्रिटेन में खालिस्तान के समर्थन में जनमत कराया गया। इसके बाद कुछ जगह के हिंदू मंदिरों पर खालिस्तान के समर्थन में नारे लिखे गए। भारत के इन देशों के राजदूतों का बुलाकर आपत्ति जताने के बाद भी कोई प्रभावी कार्रवाई नहीं हुई। इससे खालिस्तान समर्थकों के हौसले बढ़ते गए। पंजाब में अतिवादी अमृतपाल सिंह और उसके साथियों के खिलाफपुलिस की कार्रवाई के बाद लंदन स्थित भारतीय उच्चायोग और अमेरिका में सैन फ्रांसिस्को में भारत के वाणिज्य दूतावास को खालिस्तान समर्थकों ने जिस तरह निशाना बनाया, उसकी केवल निंदा-भर्त्सना ही पर्याप्त नहीं। भारत के विरुद्ध प्रदर्शन के बावजूद ब्रिटेन और अमेरिका की सरकारों ने इन उपद्रवियों के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की। न तो लंदन में भारतीय उच्चायोग में कोई सुरक्षा व्यवस्था दिखी और न ही सैन फ्रांसिस्को के वाणिज्य दूतावास में। सबसे खराब बात यह है कि इन दोनों भारतीय ठिकानों पर हमले के लिए जिम्मेदार खालिस्तानियों के विरुद्ध वैसी कार्रवाई नहीं हुई, जैसी अपेक्षित ही नहीं, आवश्यक थी। खालिस्तानियों के उपद्रव और उत्पात की एक लंबे समय से अनदेखी होती चली आ रही है। कनाडा और आस्ट्रेलिया में खालिस्तानियों ने एक मंदिरों को निशाना बनाया। कनाडा और आस्ट्रेलिया के अधिकारियों ने मंदिरों को निशाना बनाए जाने की घटनाओं की निंदा तो की, लेकिन उपद्रवी तत्वों के खिलाफकार्रवाई के नाम पर कुछ नहीं किया। ब्रिटिश साम्राज्य के पतन के बाद एक अलग सिख राष्ट्र की मांग शुरू हुई। 1940 में ख़ालिस्तान का जिक्र पहली बार ष्ख़ालिस्तानष् नामक एक पुस्तिका में किया गया। 1947 के बाद प्रवासी सिखों के वित्तीय और राजनैतिक समर्थन तथा पाकिस्तान की आईएसआई के समर्थन से ख़ालिस्तान आंदोलन भारतीय राज्य पंजाब में फला-फूला और 1980 के दशक तक यह आंदोलन अपने चरम पर पहुंच गया। 1984 के दशक में उग्रवाद की शुरुआत हुई जो 1995 तक चला। इस उग्रवाद को कुचलने के लिए भारत सरकार और सेना ने ऑपरेशन ब्लू स्टार, ऑपरेशन वुड रोज, ऑपरेशन ब्लैक थंडर-एक तथा ऑपरेशन ब्लैक थंडर-दो चलाए। इन कार्यवाहियों से उग्रवाद बहुत हद तक ख़त्म हो गया। उसके बाद भारी पुलिस एवं सैन्य कार्रवाई तथा एक बड़ी सिख आबादी का इस आंदोलन से मोहभंग होने के कारण 1990 तक यह आंदोलन कमजोर पड़कर विफल हो गया। 1980 से 1990 के दशक की खास बात यह रही कि इस खालिस्तान आंदोलन के विरोध में प्राय: अधिकांश सिख समाज चुप रहा। स्वर्ण मंदिर ऑपरेशन का विरोध करने वालों ने भिंडरावाला और उसके समर्थकों के स्वर्ण मंदिर में शरण लेने का भी विरोध नहीं किया। इसके फलस्वरूप देश ने बहुत कुछ झेला। बड़ी संख्या में हिंदू दुनिया के सभी धार्मिक स्थलों में जाते हैं। गुरुद्वारों में जाकर मत्था टेकने वालों की इस आंदोलन के पहले बड़ी संख्या थी। देखा जाये तो सिख आतंकवाद से सबसे ज्यादा ज्यादती सिखों ने ही झेलीं। उत्तर प्रदेश के तराई में आतंकवाद तेजी से बढ़ा। पहले जो सिख परिवार सिख आतंकवादियों को देवदूत मान कर उन्हें प्रश्रय देते थे, उनके गलत आचरण देख वे ही उनके विरुद्ध हो गए। बिजनौर जनपद में सिख अतिवादियों ने विदेश में नौकरी करने वाले एक सिख परिवार को लूटा। उस परिवार के पांच साल के बच्चे का अपहरण कर पांच लाख की फिरौती मांगी। पुलिस ने आतंकवादी को मारकर बच्चे को रिहा कराया। ऐसी घटनाएं सिख समाज को इस आंदोलन से दूर करती चलीं गईं। अतिवादी अमृतपाल सिंह ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह को इंदिरा गांधी जैसा हश्र करने की धमकी दी। देखा जाये तो उसने पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी हत्या को ही जाना। उसके बाद का हाल उसे शायद नहीं मालूम। इंदिरा गांधी की हत्या के बाद देश भर में सिखों के सामूहिक कत्ले आम हुए। दिल्ली में ही तीन हजार से ज्यादा सिख इस हत्याकांड के शिकार हुए। उनकी सम्पत्ति लूट ली गई या जला दी गई। देश भर में 18 हजार से 25 हजार सिख कत्ल कर दिये गए। धीरे-धीरे सिख समाज खालिस्तान की सच्चाई समझ गया। आज वह इसका समर्थक नहीं बल्कि विरोधी है। खालिस्तान समर्थकों के प्रदर्शन के बाद ब्रिटेन में प्रवासी भारतीयों के कई समूहों ने एकजुटता दिखाते हुए पिछले मंगलवार को लंदन स्थित श्इंडिया हाउसश् के बाहर श्हम भारतीय उच्चायोग के साथ हैंश् बैनर लहराते हुए प्रदर्शन किया। हाल के दिनों में लंदन में देखने को मिला कि कैसे खालिस्तानी तत्व हावी होने लगे और भारतीय उच्चायोग पर तिरंगा उतारने का प्रयास किया गया। लेकिन भारतीय अधिकारियों ने तिरंगा नहीं उतरने दिया और आज वहां पहले से बड़ा तिरंगा शान से लहरा रहा है। हमने देखा कि शुरू में भारतीय उच्चायोग के बाहर हंगामा करने वालों के खिलाफ कार्रवाई करने को लेकर ब्रिटिश सरकार अनमनी-सी दिखी लेकिन जब भारत में ब्रिटिश उच्चायुक्त के घर के बाहर सुरक्षा घटाई गयी तो तत्काल लंदन में भारतीय उच्चायोग की सुरक्षा भी बढ़ाई। स्कॉटलैंड यार्ड पुलिस भी हंगामा करने वालों के खिलाफएक्शन लेने के लिए हरकत में आई। ब्रिटिश संसद में यह मुद्दा उठ गया और मंत्रियों को भारतीयों की सुरक्षा का आश्वासन देना पड़ गया। इसके अलावा ब्रिटेन के कई सुरक्षा अधिकारी वहां लगातार गश्त कर रहे हैं और मेट्रोपोलिटन पुलिस के वाहन 'इंडिया प्लेस' के बाहर खड़े हैं। मजे की बात यह है कि इस बार खालिस्तान आंदोलन भारत में कम विदेशों में ज्यादा दिखाई दे रहा है। विदेशों में खालिस्तानियों की भारत विरोधी गतिविधियां लगातार बढ़ती जा रही हैं। अब खालिस्तान के समर्थकों ने कनाडा में महात्मा गांधी की मूर्ति को तोड़ दिया और उस पर स्प्रे पेंट से भारत और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खिलाफ नारे लिखे। रिपोर्ट्स के मुताबिक खालिस्तानियों ने भारत के राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की मूर्ति पर कई अपमानजनक बातें भी लिखीं हैं। भारत से बाहर यह अराजकता करने वाले ये नही सोच रहे कि ये बदलता भारत है। दुनिया में कहीं भी भारत विरोधी हरकत बर्दाशत नहीं की जाएगी। बीते 19 मार्च को लंदन में भारतीय उच्चायोग के सामने हुए विरोध प्रदर्शन के लिए दिल्ली पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है। केंद्र सरकार दूसरे देशों में बैठे उन भारतीयों को गिरफ्तार कर भारत लाने और उनकी पहचान कर पासपोर्ट निरस्त करने पर भी विचार कर रही है। विदेशों में नागिरकता ले चुके खालिस्तान समर्थकों पर भी कार्रवाई हो सकती है। खालिस्तान के समर्थन में आंदोलन करने वालों के बारे में आज बड़े पैमाने पर भारत में कहा जा रहा है कि खालिस्तानी उस समय कहां थे, जब अफगानिस्तान से सिख भाग रहे थे। वहां गुरुद्वारों पर हमले हो रहे थे। यह आंदोलनकारी अफगानिस्तान से सिखों को निकालने के लिए क्यों नहीं सक्रिय हुए? अफगानिस्तान में फंसे हजारों भारतीय नागरिकों सहित वहां के सिखों के लिए भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी देवदूत बनकर सामने आए। भारतीय विदेश मंत्रालय और भारतीय वायुसेना के प्रयासों की बदौलत श्री गुरु ग्रंथ साहिब की तीन प्रतियों के साथ 250 से ज्यादा अफगान सिखों को भी भारतीय वायुसेना के विमान से सुरक्षित भारत लाया गया। इतना ही नहीं प्रधानमंत्री मोदी ने सिखों के 10वें गुरु गोबिंद सिंह के चारों बेटों को श्रद्धांजलि देने के लिए पिछले साल से 26 दिसंबर को 'वीर बाल दिवस' के रूप में मनाने की घोषणा की। ये कार्य एक सिख जैल सिंह के राष्ट्रपति होते और दूसरे सिख डॉ. मनमोहन सिंह के प्रधानमंत्री होते भी नहीं हुआ। केंद्र सरकार के अल्पसंख्यक मामलों के मंत्रालय ने 05 अगस्त, 2021 को सिख दंगा पीड़ितों के लिए एक पुनर्वास पैकेज की घोषणा की। इसमें प्रत्येक मृतक के आश्रितों को 3.50 लाख रुपये और घायलों को 1.25 लाख रुपये देने का प्रावधान किया गया। इस पुनर्वास पैकेज में मृतकों की विधवाओं और बुजुर्ग परिजनों को 2500 रुपये मासिक पेंशन देना शामिल था।

# मुख्यमंत्री को आउटसोर्सिंग कर्मियों के विनियमितीकरण के लिए भेजा पत्र

## राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद ने सुझाया समस्या का समाधान

संवाददाता

लखनऊ। राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद के अध्यक्ष जेएन तिवारी ने आज प्रदेश के मुख्यमंत्री को पत्र भेजकर प्रदेश में विभिन्न सेवा प्रदाता एजेंसियों के माध्यम से कार्य कर रहे आउटसोर्स कर्मचारियों के सेवा संरक्षण एवं वेतन संरक्षण का मुद्दा सुलझाने के लिए प्रस्ताव भेजा है। जेएन तिवारी नेअवगत कराया है कि आउटसोर्स कर्मचारियों का मुद्दा पुरानी पेंशन की बहाली से भी बड़ा मुद्दा है। पुरानी पेंशन का मुद्दा जहां केंद्र सरकार का मुद्दा है। प्रदेश में लाखों की संख्या में कार्य कर रहे आउटसोर्स कर्मचारियों के वेतन संरक्षण एवं सेवा संरक्षण का मुद्दा उत्तर प्रदेश सरकार को ही सुलझाना है।जेएन तिवारी ने कहा कि आउटसोर्सिंग प्रक्रिया वह प्रक्रिया है जिसमें एक कंपनी अपने किसी आंतरिक कार्य के लिए दूसरी कंपनी के साथ समझौता करके उससे वह काम करवाती है।उत्तर प्रदेश में आउटसोर्स पर काम करने वाले कर्मचारियों की संख्या लाखों में है। भारत सरकार द्वारा विकसित जेम पोर्टल को उत्तर प्रदेश सरकार ने भी अपनाया है। जेम पोर्टल के माध्यम से कर्मचारियों को आउटसोर्स किया जा रहा है। जैसा कि आउटसोर्सिंग प्रक्रिया की उपरोक्त परिभाषा से ही स्पष्ट है कि एक कंपनी अपने किसी आंतरिक कार्य के लिए दूसरी कंपनी के साथ समझौता करके काम करवाती है। जेएन तिवारी ने यह प्रश्न खड़ा किया है कि क्या उत्तर प्रदेश सरकार एक कंपनी के रूप में कार्य कर रही है जो बाहरी सेवा प्रदाता कंपनियों के साथ समझौता करके सरकारी कार्यों का संचालन करा रही है? आउट सोर्स पर कार्य करने वाले कर्मचारियों का कोई भविष्य नहीं है। 2019 में काफी प्रयास करके राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद के माध्यम से आउटसोर्स कर्मचारियों के लिए एक नियमावली बनाए जाने का आदेश कराया गया था। उस समय कार्मिक विभाग ने आदेश जारी करते हुए सूक्ष्म ,लघु एवं मध्यम उद्योग विभाग को 40 दिनों के अंदर आउटसोर्स कर्मचारियों के लिए नियमावली बनाने के लिए कहा था लेकिन आज 4 साल बाद भी आउटसोर्स कर्मचारियों के लिए कोई नियमावली नहीं बन सकी है। आउटसोर्स कर्मचारी न तो सरकार के कर्मचारी है और नाही किसी सेवा प्रदाता के कर्मचारी हैं, वह केवल एक कंपनी के द्वारा दूसरी कंपनी के लिए कार्य करने के लिए आउट सोर्स किए जाते हैं। कर्मचारियों को हायर करने वाली कंपनी और उनको कार्य पर भेजने वाली कंपनी आउट सोर्स कर्मचारियों को इंसान नहीं समझती है। राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद मुख्यमंत्री एवं मुख्य सचिव को आउटसोर्स कर्मचारियों की पीड़ा से अवगत कराती रही है। जे एन तिवारी ने आउटसोर्स कर्मचारियों के लिए न्यूनतम सुविधाएं देने की मांग किया है। उन्होंने आउट सोर्स कर्मचारियों के मजदूरी का भुगतान, उस सरकारी विभाग के द्वारा किए जाने की मांग किया है जिस विभाग में आउटसोर्स कर्मचारी अपनी सेवा दे रहा है ,सेवा प्रदाता कंपनी का एक प्लेसमेंट एजेंसी के रूप में कार्य करें, जिसके माध्यम से किसी भी विभाग में सेवा के योग्य निर्धारित अर्हता एवं तकनीकी प्रशिक्षण के उम्मीदवार संदर्भित किए जा सके। चयन की प्रक्रिया सम्बन्धित विभाग निर्धारित करें। जेएन तिवारी ने आशा व्यक्त किया है कि मुख्यमंत्री की दूर दृष्टि आउटसोर्स कर्मचारियों पर भी पड़ेगी तथा इनकी समस्याओं का हल भी जरूर निकलेगा।

# अद्भुत होगा नजारा, साथ में भोजन होगा हमारा तुम्हारा, अटल कन्वेंशन सेंटर में 13 अप्रैल को होगा सम्मेलन

❑ विपक्ष मोदी के पीछे पड़ा और मोदी आत्मनिर्भर भारत बनाने के पीछे पड़े हैं : कौशल



संवाददाता

लखनऊ। केंद्रीय आवासन एवं शहरी कार्य राज्यमंत्री कौशल किशोर के दुबग्गा लखनऊ स्थित आवास पर सभी समाज के लोगों के साथ केंद्रीय राज्य मंत्री कौशल किशोर ने बैठक कर भाजपा सरकार के तमाम फायदे गिनाए और राहुल गांधी समेत विपक्ष की देशविरोधी बातें सभी के सामने रखी। कौशलकिशोर ने कहा मोदी ने अमृतकाल के आगामी 25 वर्षों में विकसित भारत आत्मनिर्भर भारत बनाने का खाका पहले से तैयार कर लिया है, राहुल गांधी समेत पूरा विपक्ष मोदी के पीछे पड़ा है और मोदी विकसित भारत आत्मनिर्भर भारत और नशामुक्त भारत बनाने के पीछे पड़े हैं। कौशल किशोर ने कहा भाजपा और राष्ट्रीय स्वयं संघ डा. अंबेडकर के मिशन को पूरा करने का काम कर रही है, इसके लिए आगामी 13 अप्रैल को अटल बिहारी वाजपेई कनवेंशन सेंटर, लखनऊ में प्रस्तावित विशाल सम्मेलन कार्यक्रम की केंद्रीय राज्य मंत्री कौशल किशोर ने समीक्षा बैठक भी की जिसमे सभी समाज के समाजसेवी एवं नेताओ द्वारा तय हुआ कि संविधान निर्माता, 20 वीं सदी के सिंबल ऑफ नॉलेज ज्ञान का प्रतीक, सर्व समाज के मसीहा डा. भीमराव अंबेडकर की जयंती के पूर्व दिवस 13 अप्रैल को अटल बिहारी वाजपेई कनवेंशन सेंटर, लखनऊ में डा. अंबेडकर के मिशन शोषणविहीन जातिविहीन समाज की स्थापना को पूरा कर रही है भाजपा और आरएसएस विषय पर विशाल सम्मेलन का आयोजन किया जायेगा। कौशल किशोर ने बताया उक्त कार्यक्रम में सामान्य वर्ग, पिछड़े वर्ग एवं अनुसूचित जाति जनजाति समाज एवं सभी समाज के हजारों लोग अपने अपने घर से खाना लेकर आएंगे और सम्मेलन उपरांत सभी लोग साथ में बैठकर खाना खायेंगे ।ये अद्भुत होगा नजारा साथ में भोजन होगा हमारा तुम्हारा।

# नृत्य प्रस्तुत करने आई पद्मश्री अरुणा मोहंती ने कहा- ओडिसी मेरा पेशा नहीं नशा है

संवाददाता



लखनऊ। लखनऊ में आयोजित ओडिसा दिवस पर ओडिसी नृत्य प्रस्तुत करने आई पद्मश्री अरुणा मोहंती ने बताया कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर ओडिसी नृत्य ने अपनी खास जगह बना ली है। अमेरिका में ओडिसी को कथक और भरतनाट्यम जैसा सम्मान हासिल है। बता दें कि ओडिसी नृत्यांगना पद्मश्री अरुणा मोहंती नृत्य में अपने प्रयोगों के लिए जानी जाती हैं। उनका-एक कम्पोजीशन प्रतिनायक भुवनेश्वर से लेकर न्यूयार्क तक कलाप्रेमियों के 5 दिलों पर दस्तक दे चुका है। पद्मश्री गंगाधर प्रधान की शिष्या अरुणा मोहंती ने बताया कि कथक की तरह से ओडिसी भी मंदिरों से निकला नृत्य है। इसे देवदासियां किया करती थीं। ओडिसी नृत्य पहले सिर्फ महिलायें ही करती थीं लेकिन अब बड़ी संख्या में पुरुष भी इस नृत्य को करते हैं। अरुणा मोहंती उड़ीसा संगीत नाटक अकादमी की अध्यक्ष हैं। भुवनेश्वर में उड़ीसा डांस अकादमी की सचिव हैं। उन्होंने छह साल की उम्र में ओडिसी नृत्य सीखना शुरू किया था। 57 साल की उम्र में पद्मश्री मिला। बोलीं, जीवन एक यात्रा है। हर पल डांस को समर्पित है। यह मेरा पेशा नहीं नशा है। यह मेरा पैशन है। यही पैशन मेरा भगवान है। इन 51 सालों में हर सांस में सिर्फ और सिर्फ डांस ही था मगर पद्मश्री के रूप में मेरे डांस को सामाजिक मान्यता मिली तो उसके बाद मुझे डर लगना शुरू हुआ। उसके बाद ही समाज की अपेक्षाएं बढ़ गईं। इसके बाद देश घूम लिया, दुनिया घूम ली। आज 64 की हूं। 16 जैसी परफार्मेंस नहीं कर सकती लेकिन अपेक्षाओं पर खरा उतरने की कोशिश लगातार कर रही हूं। वह कहती हैं कि हिरण्यकश्यप न होता तो हम प्रहलाद को कैसे पहचानते। रावण न होता तो हम राम को कैसे पहचानते। दरअसल हमारे भीतर देव और दानव दोनों होते हैं। मैंने भगवतगीता को ओडीसी में ढाला है। शंकराचार्य के साथ बैठी हूं। मेरी कोशिशों के नीचे मेरा दानव दब गया है। अपने जीवन में लगातार काम करने के बाद यह पूछती हूं कि मृत्यु भी तो एक स्टाइल है फिर उस पर परेशानी क्यों? अरुणा मोहंती कहती हैं कि आपका विवेक ही आपका औचित्य डिसाइड करता है। जिस दिन यह जान लिया कि भगवान अंतरात्मा में होता है मूर्ति में नहीं। उस दिन लॉ ऑफनेचर समझ आ जायेगा। उस दिन समझ आ जायेगा कि मूर्ति जगन्नाथ की हो, नटराज की या फिर सिर्फएक जलता हुआ दिया। सब में एक जैसा ईश्वर नजर आएगा। जिस दिन ईश्वर को पहचान लिया उस दिन फल की इच्छा खत्म हो जायेगी और जो भी मिले वह प्रसाद लगेगा और हर हाल में खुश रहना आ जायेगा।

# सी.एम.एस द्वारा 'डिवाइन एजुकेशन कान्फ्रेन्स' का आयोजन

## बच्चों को परमार्थ के संस्कार शुरू से ही दें : डा. जगदीश गाँधी

संवाददाता



लखनऊ। सिटी मोन्टेसरी स्कूल, जॉपलिंग रोड कैम्पस द्वारा 'डिवाइन एजुकेशन कान्फ्रेन्स' का आयोजन आज सी.एम.एस. गोमती नगर ऑडिटोरियम में सम्पन्न हुआ। सी.एम.एस. संस्थापक व प्रख्यात शिक्षाविद् डा. जगदीश गाँधी ने दीप प्रज्वलित कर समारोह का विधिवत् उद्घाटन किया एवं विभिन्न प्रतियोगिताओं में सर्वोच्चता अर्जित करने वाले व वार्षिक परीक्षाओं में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले मेधावी छात्रों को पुरष्कृत कर सम्मानित किया।

इस अवसर पर अभिभावकों को सम्बोधित करते हुए डा. गाँधी ने कहा कि बच्चे का जन्म स्वार्थ सिद्धि के लिए नहीं, अपितु परमार्थ के लिए हुआ है। बच्चे तो परमात्मा के आज्ञाकारी पुत्र अर्थात युवराज बनकर इस संसार की सेवा करने के लिए पैदा हुए है, अत: परमात्मा के दिव्य गुणों जैसे सदाचार, ईमानदारी, अहिंसा, न्याय, सहयोग आदि जीवन मूल्यों को बच्चों में प्रारम्भ से ही रोपित करें। इस शानदार समारोह में जहाँ एक ओर विद्यालय के छात्रों ने ईश्वर भक्ति से परिपूर्ण अपने गीत-संगीत से सभी दर्शकों एवं अभिभावकों को मंत्रमुग्ध कर दिया तो वहीं दूसरी ओर छात्रों ने सार्वभौमिक जीवन मूल्यों, विश्वव्यापी चिंतन, विश्व की सेवा के लिए तथा सभी चीजों में उत्कृष्टता विषय पर अपने सारगर्भित विचार प्रकट किये। इसके अलावा, विश्व संसद, सर्वधर्म प्रार्थना, विश्व एकता प्रार्थना, लोकनृत्य आदि विभिन्न कार्यक्रमों ने अभिभावकों को झूमने पर मजबूर कर दिया। इस अवसर पर सी.एम.एस. जॉपलिंग रोड कैम्पस की प्रधानाचार्या शिप्रा उपाध्याय ने कहा कि सी.एम.एस. अपने छात्रों का सर्वांगीण विकास कर 'टोटल क्वालिटी पर्सन' बनाने को दृढ़-संकल्पित है। उन्होंने समारोह में पधारकर बच्चों की हौसलाअफ्जाई करने के लिए अभिभावकों के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया।

## संक्षिप्त समाचार

### ईपीएस 95 पेंशनरो का प्रदर्शन, डीएम को सौंपा ज्ञापन

संवाददात, लखनऊ। ईपीएस-95 राष्ट्रीय संघर्ष समिति के पदाधिकारियों की 28 मार्च को दिल्ली में हुई गिरफ्तारियों और ईपीएफओ द्वारा सीबीटी मीटिंग में न्यूनतम पेंशन में वृद्धि के सम्बंध में कोई प्रस्ताव न दिए जाने के विरोध में ईपीएस-95 पेंशनरों ने आज धिक्कार दिवस मनाकर प्रदर्शन किया और जिलाधिकारी को केंद्रीय श्रममंत्री के लिए ज्ञापन सौंपा। लखनऊ में दोपहर 12 बजे जिलाधिकारी कार्यालय में पेंशनर एकत्र हुए, केन्द्र सरकार की पेंशनरों के प्रति दमनकारी नीति के विरुद्ध नारेबाजी की और अपनी माँगे तत्काल पूर्ण कराए जाने के लिए केंद्रीय श्रम मंत्री को संबोधित ज्ञापन सौंपा ,जिसकी प्रतिलिपि प्रधानमंत्री को भी की गयी है। ज्ञापन में कहा गया है कि यदि उच्च पेंशन के ऑनलाइन आवेदन करने की अनावश्यक शर्तों को नहीं हटाया जाता है और न्यूनतम पेंशन बढ़ाने की मांग पर तत्काल कोई कार्रवाई नहीं होती है तो सांसदों के घर के सामने धरना-प्रदर्शन किया जाएगा। आज के प्रदर्शन में केएस तिवारी राष्ट्रीय उपाध्यक्ष, राजीव भटनागर मुख्य समन्वयक आर एस नागर प्रांतीय महामंत्री, राजेशतिवारी, पीके श्रीवास्तव, उमाकांत सिंह, सुभाष चौबे, दिलीप पांडे, अशोक बाजपेई, मेवाराम शुक्ला, श्रीराम, आरपी सिंह, इंदु प्रताप सिंह, विनोद दर, रामदरस,सुनीता सोनकर सहित अनेक पदाधिकारी सम्मिलित थे।

### लखनऊ में 24 घंटे में मिले 6 नए केस, कुल मरीजों की संख्या हुई 34

संवाददाता, लखनऊ। देश में बढ़ रहे कोरोना के खतरे ने एक बार फिर चिंता बढ़ा दी है। इसी कड़ी में यूपी की राजधानी में कोरोना वायरस के मरीजों की गिनती में लगातार इजाफा हो रहा है। दो हफ्ते के अंदर ही मरीजों की संख्या 34 पहुंच गई है, जबकि 24 घंटे के अंदर 6 नए मामले भी सामने आए हैं। ऐसे में बढ़ते कोरोना मामलों के चलते लखनऊ के सभी अस्पतालों में अलर्ट जारी कर दिया गया है। जांच बढ़ाई गई है। लखनऊ शहर के आलमबाग क्षेत्र में कोविड-19 पॉजिटिव केस सबसे ज्यादा आ जा रहे हैं। कोरोना पर काबू पाने के लिए मुख्य चिकित्सा अधिकारी की ओर से भी लोगों को लगातार मास्क पहनने, सोशल डिस्टेंसिंग नियम का फॉलो करने और भीड़-भाड़ इलाके में जाने से बचने की सलाह दी जा रही है। बड़े-बड़े शॉपिंग मॉल, सिनेमाघर और पार्क जैसी जगहों पर भी अब न तो कोविड-19 की कोई जांच हो रही है और न ही लोगों को मास्क पहनने के लिए कुछ कहा जा रहा है। लोग सड़कों पर बिना मास्क के नजर आ रहे हैं। इस बारे में मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. मनोज अग्रवाल ने बताया कि आलमबाग में पांच महिला, अलीगंज में दो महिला, इन्दिरानगर में एक महिला और दो पुरूष, सरोजनीनगर में एक महिला और सिल्वर जुबली में एक महिला कोविड पॉजिटिव रोगी पाए गए हैं।

### ओलाजाला और भारी बारिश से तबाह किसानों के फसलों का पर्याप्त मुआवजा दे सरकार: शमीम खान

संवाददात, लखनऊ। नागरिक एकता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मुहम्मद शमीम खान ने उत्तर प्रदेश सरकार से मांग की है कि ओलावृष्टि और भारी बारिश से तबाह हुई किसानों की फसल का पर्याप्त मुआवजा दिया जाए। मुहम्मद शमीम खान ने कहा कि आज उत्तर प्रदेश का किसान दोहरी मार से जूझ रहा है, एक तो उसे उसकी लागत का वाजिब दाम नहीं मिल रहा है, दूसरा ओले, ओलावृष्टि और तेज बारिश ने किसानों की उम्मीदों पर पानी फेर दिया है. और किसानों की खड़ी फसल चौपट हो गई। इस मुश्किल घड़ी में सरकार को किसानों को पर्याप्त मुआवजा देना चाहिए। मुहम्मद शमीम खान ने कहा कि पिछले कुछ दिनों में भारी बारिश और ओलावृष्टि से किसान प्रभावित हुए हैं. लेकिन सरकार ने 33 फीसदी से ज्यादा फसल खराब होने पर मुआवजे देने की बात की थी. मैं उत्तर प्रदेश सरकार से अनुरोध करता हूं कि वह 33 प्रतिशत प्रतिबंध को छोड़े और किसानों को सीधा लाभ पहुंचाए।

# अटेवा ने मनाया काला दिवस,काली पट्टी बांधकर दर्ज कराया विरोध

संवाददाता, लखनऊ। यूपी मे 01 अप्रैल 2005 को पुरानी पेंशन व्यवस्था समाप्त कर एनपीएस लागू किये जाने के विरोध में पूरे प्रदेश के विभिन्न विभागों स्वास्थ्य विभाग, सिंचाई विभाग, लोक निर्माण विभाग, प्राथमिक विद्यालयों, वाणिज्य कर विभाग, विश्वविद्यालय , डिग्री कॉलेजों, माध्यमिक विद्यालयो समेत कई अन्य विभागों के कर्मचारियों, शिक्षकों और अधिकारियों ने काली पट्टी बांधकर प्रदेश सरकार से 14 लाख कर्मचारियों की पुरानी पेंशन बहाली की मांग की। काला दिवस मनाने के लिए लोगों में भारी उत्साह था और आक्रोश भी था। विदित हो आज के ही दिन पुरानी पेंशन व्यवस्था समाप्त हो जाने से आज कर्मचारी दर-दर का मोहताज हो गया है। अटेवा के प्रदेश अध्यक्ष विजय कुमार बन्धु ने कहा कि आज के दिन ही यूपी में पुरानी पेंशन व्यवस्था को समाप्त कर एनपीएस रूपी काला कानून लागू किया गया है। अटेवा कई वर्षों से काला दिवस मनाकर मुख्यमंत्री से प्रदेश में पुरानी पेंशन व्यवस्था लागू करने की मांग करता आ रहा है। चिकित्सा एवं स्वास्थ्य महासंघ के प्रदेश महामंत्री ने कहा कि आज पूरे प्रदेश में पुरानी पेंशन बहाली की लड़ाई अटेवा मजबूती के साथ लड़ रहा है।पीडब्ल्यूडी के वरिष्ठ कर्मचारी नेता भारत सिंह ने कहा कि आज पूरे प्रदेश में लोक निर्माण विभाग के कर्मचारियों ने अटेवा के आह्वान पर काली पट्टी बांधकर एनपीएस के प्रति विरोध जताया। प्रदेश महामंत्री डॉ नीरजपति त्रिपाठी ने कहा कि इस काले कानून के लागू हो जाने से आज कर्मचारी अपने आप को ठगा महसूस कर रहा है और उसे अपना बुढ़ापा काटना मुश्किल हो गया है।



# पाँच आईएएस अफसरों समेत कई प्रशासनिक अधिकारियों का तबादला

संवाददाता




लखनऊ। उत्तर प्रदेश शासन ने आज पांच आईएएस अफसरों और करीब एक दर्जन पीसीएस अधिकारियों का स्थानांतरण कर दिया है। बाँदा जनपद में नई डीएम की तैनाती कर दी गई हैं। आईएएस दुर्गा शक्ति नागपाल को बांदा का जिलाधिकारी नियुक्त किया गया है। वही आईएएस कृष्ण कुमार को सदस्य न्यायिक राजस्व परिषद नियुक्त किया गया है। इसी तरह आईएएस दिव्य प्रकाश गिरि को स्टाफऑफिसर मुख्य सचिव के पद पर तैनाती दी गई है।आईएएस संयुक्त समद्दार को राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र एनसीआर का आयुक्त नियुक्त किया गया है। आईएएस आनंद कुमार को सदस्य न्यायिक राजस्व परिषद बनाया गया है। वही जारी की गई सूची के मुताबिक मुजफ्फरनगर के सिटी मजिस्ट्रेट अनूप कुमार को एडीएम सिटी आगरा बनाया गया है। इसके अलावा स्थानांतरित पीसीएस अफसरों में राकेश सिंह एडीएम वित्त बाराबंकी से एडीएम प्रशासन रायबरेली,अरुण कुमार सिंह ओएसडी एलडीए से एडीएम वित्त बाराबंकी, शमशाद हुसैन मुख्य राजस्व अधिकारी सुल्तानपुर से अपर आयुक्त मेरठ, शैलेंद्र मिश्रा एडीएम वित्त भदोही से मुख्य राजस्व अधिकारी सुल्तानपुर, वीरेंद्र मौर्य सिटी मजिस्ट्रेट जालौन से एडीएम वित्त भदोही, रामप्रकाश एसडीएम आगरा से सिटी मजिस्ट्रेट जालौन, अनूप कुमार सिटी मजिस्ट्रेट मुजफ्फरनगर से एडीएम सिटी आगरा , मंगलेश दुबे एसडीएम बलरामपुर से सिटी मजिस्ट्रेट मुजफ्फरनगर,देवेंद्र प्रताप सिंह अपर आयुक्त सहारनपुर से एडीएम वित्त बलिया के पद पर भेजे गए हैं।जयनाथ मुख्य राजस्व अधिकारी गोंडा से उप निदेशक दिव्यांगजन निदेशालय लखनऊ, महेश प्रकाश एसडीएम अम्बेडकर नगर से सीआरओ गोंडा और नीता यादव को सीआरओ बस्ती से कमांडेंट नागरिक सुरक्षा प्रशिक्षण संस्थान लखनऊ के पद पर तैनाती मिली है।

# एएमसी सेंटर और कॉलेज में मेडिकल ऑफिसर्स बेसिक कोर्स-241 की सेरेमोनियल परेड का आयोजन

संवाददाता, लखनऊ। मेडिकल ऑफि सर्स बेसिक कोर्स-241 (एमओबीसी-241) के सफल समापन पर 01 अप्रैल 2023 को ऑफि सर्स ट्रेनिंग कॉलेज, सेना चिकित्सा कोर, केंद्र एवं कॉलेज, लखनऊ में एक सेरेमोनियल परेड आयोजित की गई। नौ सप्ताह का कोर्स युवा अफसरों को गहन युद्ध चिकित्सा सहायता प्रशिक्षण प्रदान करता है। सशस्त्र बल चिकित्सा और दंत चिकित्सा अधिकारी को कर्तव्यों का प्रभावी ढंग से पालन करने और युवा अफसरों को सशक्त बनाने के लिए इस पाठ्यक्रम का संचालन किया जाता है। इस कोर्स में 44 महिला अधिकारियों सहित तीनों सेनाओं के 118 अधिकारी शामिल थे। परेड को सैन्य सटीकता और पारंपरिक तरीके से आयोजित किया गया। औपचारिक परेड की समीक्षा सेना चिकित्सा कोर केंद्र एवं कॉलेज लखनऊ के कमांडेंट एवं एएमसी अभिलेख प्रमुख तथा आर्मी मेडिकल कोर के कर्नलक मांडेंट लेफ्टिनेंट जनरल वीसाबिद सैयद द्वारा की गई। कैप्टन शुभम सैनी को पाठ्यक्रम का सर्वश्रेष्ठ ऑल राउंड अधिकारी घोषित किया गया और उन्हें कमांडेंट की रोलिंग ट्रॉफी से सम्मानित किया गया। कैप्टन ओंकार अग्रवाल को फील्ड इवेंट्स में सर्वश्रेष्ठ अधिकारी होने के लिए मेजर लैशराम ज्योतिन सिंह, अशोक चक्र मेमोरियल ट्रॉफी से सम्मानित किया गया। युवा अधिकारियों को संबोधित करते हुए, लेफ्टिनेंट जनरल वीसाबिद सैयद ने उन्हें पेशेवर क्षमता के उच्चतम क्रम को बनाए रखते हुए सेना चिकित्सा कोर की परंपराओं को बनाए रखने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने अधिकारियों को ऑफि सर्स ट्रेनिंग कॉलेज में प्रदान किए जाने वाले ज्ञान को लगातार उन्नत करने और विकसित करने की भी सलाह दी। सशस्त्र बलों द्वारा प्रदान किए गए अवसरों पर जोर देते हुए, उन्होंने उन्हें अपनी पेशेवर आकांक्षाओं को आगे बढ़ाने के लिए कड़ी मेहनत करने औरक्षेत्र और शांति में हमारे सैनिकों के लिए गुणवत्ता पूर्ण रोगी देखभाल के लिए प्रतिबद्ध रहने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने उन सभी को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन और परेड के सावधानी पूर्वक संचालन के लिए बधाई दी। इस दौरान बड़ी संख्या में सशस्त्र बल चिकित्सा सेवा के अधिकारियों सहित पाठ्यक्रम अधिकारियों के 200 से अधिक गौरवशाली माता-पिता एवं उनके परिजन और रिश्तेदार इस परेड के साक्षी बने।

# राज्यपाल ने संजय गांधी पोस्ट ग्रेजुएट इंस्टीट्यूट की नैक ग्रेडिंग हेतु तैयार सेल्फस्टडी रिपोर्ट की समीक्षा

## नए विद्यार्थियों को टीम में भी जोड़ें

संवाददाता

लखनऊ। उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने राजभवन में बतौर कुलाध्यक्ष संजय गांधी पोस्ट ग्रेजुएट इंस्टीट्यूट, लखनऊ द्वारा नैक हेतु तैयार सेल्फ स्टडी रिपोर्ट की समीक्षा की। बैठक में राज्यपाल ने कहा कि पीजीआई प्रदेश का देश-विदेश स्तर पर विख्यात विशेष चिकित्सा संस्थान है। संस्थान अपनी संस्थागत सभी विशेषताओं को रिपोर्ट में समग्रता से हाइलाइट करे। उन्होंने कहा उपलब्धियों को सूचीबद्ध करके नैक के क्राइटेरियावाइज बिंदुवार प्रस्तुतिकरण से जोड़ा जाए। बैठक के के दौरान कहा पीजीआई के चिकित्सकों द्वारा अपने चिकित्सा कार्यों से इतर अन्य कार्यों के सम्पादन में समय का अभाव एक बड़ी बाधा है। इसी क्रम में नैक ग्रेडिंग की तैयारी के लिए गठित टीम में नए विद्यार्थियों को भी जोड़ने और उन्हें भी जिम्मेदारी देने का सुझाव दिया। समृद्ध भाषा गठन में प्रस्तुति तैयार करने का सुझाव देते हुए। उन्होंने इसके लिए अन्य विश्वविद्यालयों के भाषा शिक्षकों से सहयोग पर विचार करने को कहा है। क्राइटेरिया छ: और सात के प्रस्तुतिकरण में पूर्ण बदलाव करने के निर्देश के साथ राज्यपाल ने क्राइटेरिया दो का पुनर्लेखन करने को भी कहा है। संजय गांधी पोस्ट ग्रेजुएट आयुर्विज्ञान संस्थान पहली बार राष्ट्रीय स्तर पर होने वाली ग्रेडिंग नैक के लिए अपनी सेल्फस्टडी रिपोर्ट दाखिल करने की तैयारी कर रहा है। जबकि संस्थान को पूर्व से अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर



मूल्यांकनों में उल्लेखनीय स्थान हासिल हैं। बैठक में आज पीजीआई के निदेशक डॉ. आर के धीमन के नेतृत्व में संस्थान की नैक हेतु गठित टीम के सदस्यों ने प्रस्तुतिकरण दिया। इस अवसर पर अपर मुख्य सचिव राज्यपाल कल्पना अवस्थी, विशेष कार्याधिकारी शिक्षा पंकज जॉनी तथा अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

# गोमती मित्रों ने की शासन से अग्निकांड पीड़ित व्यापारियों के लिए विशेष पैकेज की मांग

स्टार एक्सप्रेस संवाददाता



सुलतानपुर। गोमती मित्र मंडल द्वारा हर रविवार आयोजित होने वाला साप्ताहिक श्रमदान रविवार 2 अप्रैल को भी प्रात: 6.00 बजे से शुरू होकर 9.00 बजे तक पूरे धाम परिसर एवं सीता उपवन की साफसफाई करके समाप्त किया गया, श्रमदान के तत्काल बाद सभी ने कानपुर अग्निकांड में प्रभावित हुए व्यापारियों के शीघ्र पुनरुत्थान के लिए प्रार्थना की, प्रदेश अध्यक्ष रूद्र प्रताप सिंह मदन एवं मीडिया प्रभारी रमेश माहेश्वरी ने गोमती मित्र मंडल की ओर से शासन से मांग की कि प्रभावित व्यापारियों को शीघ्र ही एक विशेष आर्थिक पैकेज दिया जाए ताकि वह पुन: अपने व्यापार को शुरू कर सकें और सुचारू रूप से अपने परिवार का जीविकोपार्जन कर सकें, व्यापारियों के साथ ही अप्रत्यक्ष रूप से प्रभावित कामगारों एवं श्रमिकों के लिये भी शासन की ओर से कुछ विशेष करने की आवश्यकता है, महा आरती संयोजक डॉ कुंवर दिनकर प्रताप सिंह ने शनिवार शाम वाटर वूमेन के धाम आगमन पर आयोजित कार्यक्रम में गोमती मित्रों द्वारा दिए गए सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया, श्रमदान में मुख्य रूप से उपस्थित रहे प्रदेश अध्यक्ष मदन सिंह, मीडिया प्रभारी रमेश माहेश्वरी, संत कुमार प्रधान, विनोद सेठ, अजय प्रताप सिंह, दिनकर सिंह, सेनजीत कसौधन दाऊ, अजीत शर्मा, रामेंद्र सिंह राणा, सुनील कसौधन, सोनू सिंह, मुन्ना पाठक, राकेश मिश्रा (अधि.), अभय, अर्जुन यादव, सचिन, सुजीत कसौधन, विशंभर सोनी, अरविंद सोनी, टीपू, रूद्र, सतनारायण, लड्डू, आलोक तिवारी आदि।

# ड्राईवरी सीख रहे युवक से पलटा टैंपो, गंभीर रूप से घायल

संवाददाता, महराजगंज, रायबरेली। ड्राईवरी सीख रहे युवक से टैंपो अनियंत्रित होकर पलट गया। जिसमें वह गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल युवक को ग्रामीणों द्वारा सीएचसी लाया गया जहां चिकित्सको द्वारा हालत गंभीर देखते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है। बताते चले की सोथी निवासी राजू (30) पुत्र दुर्गा सुबह टैंपो चलाना सीख रहा था किंतु अनाड़ी होने के कारण टैंपो वाह सम्हाल नही पाया और वह अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पलट गया जिससे राजू गंभीर रूप से घायल हो गया।

ग्रामीणों द्वारा घायल युवक को एंबुलेंस की मदद से सामुदायिक स्वस्थ केंद्र लाया गया जहां चिकित्सको ने प्राथमिक उपचार कर घायल युवक की हालत गंभीर देखते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

# डिलेवरी के लिए पत्नी को सीएचसी लेकर आए पति को वॉर्ड ब्यॉय ने बेल्टो से पीटा

स्टार एक्सप्रेस संवाददाता



हरदोई शहाबाद रात्रि में पत्नी की डिलीवरी कराने के लिए सीएचसी पहुंचे पति को वार्ड बॉय ने पीट दिया। शराब के नशे में धुत होने के कारण बेल्ट से पीटा है जिससे उसे काफी चोटें आई हैं। वरिष्ठ चिकित्सक नौमानुल्लाह को जब इसकी सूचना हुई तो उन्होंने क्वार्टर से बाहर आकर किसी तरह बीच दृ बचाव किया। तब कही जाकर मामला शांत हुआ है, घटना के बाद से स्वास्थ्य विभाग में हड़कंप मच गया। शाहाबाद कोतवाली क्षेत्र के ग्राम उमरिया कैथानी निवासी अविनाश पुत्र रामपाल अपनी गर्भवती पत्नी रूबी को डिलीवरी के लिए आशा बहू नीलम के साथ सीएचसी शाहबाद लाया। जहां रात्रि में उसे भर्ती कराकर उपचार शुरू किया गया। अविनाश ने बताया कि रात्रि में वह अस्पताल की नाली में पेशाब कर रहा था। उसी समय शराब के नशे में गेट के ठीक सामने पेशाब कर रहे वार्ड बॉय अवनीश तिवारी ने उसे देख लिया और गाली गलौज करने लगा। बात ज्यादा बढ़ने पर वार्ड बॉय ने बेल्ट निकालकर गर्भवती महिला के पति अविनाश को पीटना प्रारंभ कर दिया। इस दौरान आशा बहू नीलम बचाने का प्रयास करती रही लेकिन वार्ड बॉय नहीं माना। इसकी सूचना जब वरिष्ठ चिकित्सक नोमानुल्लाह को हुई तो वह तत्काल अपने क्वार्टर से बाहर आकर बीच-बचाव करने लगे और किसी तरह गर्भवती महिला के पति को बचाया। अविनाश के बेल्ट के हमले से काफी चोटें आई हैं। अविनाश ने बताया कि जब उसने पिटाई के बाद 112 नंबर डायल करके पुलिस बुलानी चाही तो वार्ड बॉय ने उससे मोबाइल छीनने का प्रयास किया और दोबारा फिर पिटाई की। घटना की सूचना मीडिया को मिली उसके बाद स्वास्थ्य महकमे में हड़कंप मच गया। इससे पूर्व भी रात्रि के वक्त शराब के नशे में इसी वार्ड बॉय ने एक गर्भवती महिला को बिना डिलीवरी ही अस्पताल से बाहर भगा दिया था। जो मामला मीडिया की सुर्खियों में आया परंतु कुंभकरण की नींद सो रहे स्वास्थ्य विभाग ने कोई कार्रवाई नहीं की। जिससे शराबी वार्ड बॉय हौसले बुलंद है। आशा बहू नीलम का कहना है अगर वार्ड बॉय के खिलाफ कार्यवाही नहीं की जाती है तो वह सीएचसी में किसी भी गर्भवती महिला को नहीं लाएगी क्योंकि उसकी जिम्मेदारी होती है। अविनाश के पुत्र हुआ है उसने बताया यहां से डिस्चार्ज होने के बाद वह वार्ड बॉय के खिलाफ कोतवाली में मारपीट का प्रार्थना पत्र देगा। फिलहाल घटना के बाद से स्वास्थ्य महकमे में हड़कंप मचा हुआ है। वॉर्ड ब्यॉय की इस तरह की हरकत से इलाके में तमाम तरह की अटकलें तेज है।

# मीटर रीडरों को किया सम्मानित दिए गए सही कार्य करने के निर्देश

स्टार एक्सप्रेस संवाददाता



हरदोई शाहाबाद अधिषासी अभियन्ता विनोद कुमार द्वारा विद्युत खंड शाहाबाद में मीटिंग का अयोजन किया गया, जिसमे सीनियर सुपर वॉइजर अभय प्रताप सिंह और सुपर वाइजर सत्यदेव शुक्ला, प्रिंस सिंह, विशाल मौर्या और समस्त मीटर रीडर मौजूद रहे। जिसमे अधिशासी अभियंता विनोद कुमार ने बिलिंग संबंधित दिशा निर्देश दिए। तथा जिसमे प्रोब बिल 100 प्रतिशत और वैलेट द्वारा बिल जमा कराना। खराब मीटर खराब बिल की सूचना देकर तत्कालीन सही करवाना। उन्होंने यह भी कहा जो कर्मचारी कार्य में लापरवाही करेगा उसके खिलाफ सख्त से सख्त कारवाई की जाएगी। अधिशासी अभियन्ता विनोद कुमार द्वारा कुछ मीटर रीडरो को सम्मान दिया जिसमें संजय दीक्षित, मुरारी, मेहराज, नावेद, शिवम मिश्रा एवं परविंदर यादव निवासी सवायजपुर आदि को प्रोत्साहित किया गया। और सभी को निर्देशित करते हुए कहा कि इन लोगो की तरह अच्छा कार्य करें और अच्छा व्यवहार करें ताकि शाहाबाद डिविजन को अच्छे डिविजन में गिना जाए।

# सरकारी तालाब की जमीन पर अवैध कब्जा करने का आरोप

## किसानों के खिलाफलेखपाल ने दर्ज कराया मुकदमा

स्टार एक्सप्रेस संवाददाता



हरदोई शाहाबाद पाली थाना क्षेत्र के अतरजी गांव में सरकारी तालाब की जमीन पर अवैध कब्जा करना किसानों को महंगा पड़ गया। लेखपाल की तहरीर के पर 15 किसानों के खिलाफ पाली थाने में मुकदमा दर्ज किया गया है। प्रशासन की इस कार्रवाई से अवैध कब्जेदारों में हड़कंप मचा हुआ है। जानकारी के मुताबिक लेखपाल विवेक राठौर ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि ग्राम अतरजी तहसील व परगना शाहाबाद की खतौनी में गाटा संख्या 70 और गाटा संख्या 85 तालाब के खाते में दर्ज अभिलेख है। उपरोक्त गाटाओं पर अवैध कब्जे के संबंध में एसडीएम शाहाबाद के मौखिक आदेश के क्रम में तहसीलदार और नायब तहसीलदार की उपस्थिति में उक्त गाटा संख्याओं का स्थलीय निरीक्षण कर पैमाइश की गई है। जिसमें पाया गया है कि तालाब की भूमि पर मोनू मिश्रा पुत्र रामप्रकाश, आनंद कुमार पुत्र कृष्ण मुरारी, विनोद और अरविंद पुत्रगण सोमेश्वर दयाल निवासीगण गोपालपुर, राजेश और महेश पुत्रगण रामकृष्ण निवासी ग्राम ददिउरा मजरा अतरजी, पंतजीत पुत्र मुनीम, राम मोहन पुत्र रामाधार, इतवारी पुत्र गोपाल, केशव राम पुत्र मेवाराम निवासीगण गोपालपुर, मुंशीलाल पुत्र सोहन निवासी पहाड़पुर, देशराज और हादुर पुत्रगण छुट्टा निवासी विंध्यया मजरा अतरजी, ओमप्रकाश पुत्र कप्तान सिंह, निवासी गोपालपुर उषा पत्नी उदय प्रताप निवासी ग्राम ददिउरा मजरा गोपालपुर द्वारा अवैध रूप से गेहूं और सरसों की फसल बोई गई है। उपरोक्त सभी किसानों के खिलाफ लेखपाल विवेक राठौर की तहरीर के आधार पर सरकारी तालाब की भूमि पर अवैध कब्जा करने का पाली पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है ।

# आगामी त्योहारों को लेकर पिहानी कोतवाली में हुई बैठक

स्टार एक्सप्रेस संवाददाता



हरदोई कोतवाली पिहानी में आने वाले आगामी त्योहारों को लेकर एक बैठक की गई बैठक में सभी को आपसी सौहार्द से के साथ त्यौहार मनाने की अपील की गई कोतवाल बेनी माधव त्रिपाठी ने सभी से अपील करते हुए कहा कि सभी को आने वाले आगामी त्योहारों पर भाईचारे के साथ मिलजुल कर ही त्यौहार मनाने हैं उन्होंने मुस्लिम धर्मगुरुओं शिया व सुन्नी समुदाय के मस्जिदों के ,मौलाना से कहा कि आप सभी अपने अपने समुदाय के लोगों को जागरूक करेंगे और सभी को यह बताएंगे कि आने वाले ईद के त्यौहार में सभी लोग शांति के साथ त्यौहार मनाए कोतवाल बेनी माधव ने कहा कि अगर कोई माहौल खराब करने की कोशिश करेगा तो उस पर कठोर कानूनी कार्रवाई की जाएगी बैठक में अतिरिक्त कोतवाल पीपी सिंह, कस्बा इंचार्ज रजनी त्रिपाठी, संदीप कुमार, पवन सिंह, हेड मुहर्रिर शिव बाबू, ओमवीर, मोहित कुमार, सौरभ कुमार, उप निरीक्षक अनिल कुमार, उप निरीक्षक अशोक कुमार, उप निरीक्षक रामलाल समेत कई लोग कई पुलिसकर्मी उपस्थित रहे। भाजपा नगर अध्यक्ष आदर्श सिंह, प्रदीप अवस्थी, नागेंद्र सिंह, दीनदयाल वर्मा, प्रधान संघ अध्यक्ष मेवाराम विमलेश तिवारी, ऋषि कुमार, प्रधान वाजिद नगर राजेश कुमार, रामशरण सिंह अलावलपुर मौलाना फरमान अली, अंबार जैदी गुल्लू, मोहसीन जैदी, आदि उपस्थित रहे।

# व्यापार मंडल ने सही करवाया शमशान घाट का नल

स्टार एक्सप्रेस संवाददाता



हरदोई शाहाबाद नर्मदा तीर्थ स्तिथ स्मशान घाट पर लगा एक नल जिससे शव स्नान करवाया जाता है उसे सही करवा कर पुण्य का कार्य किया है इस अवसर पर व्यापार मंडल द्वारा अंतेयष्ठी स्थल पर पीपल के पेड़ों को भी लगाया गया है ।ज्ञात रहे कि अंतेष्ठि स्थल पर शव स्नान करवाने वाला नल आए दिन खराब रहता था ।लोग जब शव दाह क्रिया के लिए वहां पहुंचते थे तो इधर उधर से पानी लाकर शव स्नान करवाया जाता है ।और उस वक्त सभी कहते कि नल सही होना चाहिए लेकिन घर आकर फिर दोबारा उस नल को सही कराने पर किसी का ध्यान नहीं जाता था ।शाहाबाद व्यापार मंडल द्वारा मानवता के दृष्टिकोण से अंतेयष्ठि स्थल के नल को सही करवाया गया ।व्यापार मंडल अध्यक्ष सर्वेश गुप्ता ने बताया कि काफी समय से नल खराब था सही करवाया गया है ।पीपल हमे हर समय आक्सीजन देता है शव दाह कराने वाले लोगों को आक्सीजन युक्त छाया मिले इसलिए व्यापार मंडल पीपल के पौधों का रोपण करवाया है ।इस अवसर पर संजीव बांगा छुन्ना भाई सुरकुट्टी गुप्ता रामू राठौर सहित व्यापार मंडल पदाधिकारी मौजूद रहे।

# बर्दाश्त नहीं की जाएगी पंचायत प्रतिनिधियों की अनदेखी : अभिलाष चंद कौशल

स्टार एक्सप्रेस संवाददाता

ऊँचाहार, रायबरेली। भाजपा ओबीसी मोर्चा के प्रांतीय मंत्री और क्षेत्र पंचायत सदस्य अभिलाष चंद कौशल ने पंचायत प्रतिनिधियों के हक और हुकूक के लिए हमेशा खड़े रहने की बात कही है । उन्होंने कहा कि पंचायत प्रतिनिधियों की अनदेखी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इसके लिए हर स्तर पर वह पंचायत प्रतिनिधियों के साथ खड़े हैं। ऐसे में क्षेत्र पंचायत सदस्य की अनदेखी हो जाती है । क्षेत्र पंचायत सदस्य गांव के विकास का कार्य अपने मुताबिक नहीं कर पाते हैं। इसके लिए क्षेत्र पंचायत सदस्यों का संगठन सरकार से लगातार मांग कर रहा है ।उन्होंने कहा कि लगातार दो वर्षों से क्षेत्र पंचायत सदस्यों की समस्याओं की बात रखी जा रही है ।इस दौरान क्षेत्र पंचायत सदस्यों ने भाजपा नेता को स्मृति चिन्ह , बुकें एवं फूल मालाओं से सम्मानित किया। क्षेत्र पंचायत सदस्य संगठन के नेता मनीष कौशल का भी इस अवसर पर सम्मान किया गया। समारोह के दौरान जगलाल गुप्ता ,विजयपाल, सुनील जायसवाल ,उमेश साहू ,विनीत मिश्रा ,अरुण बाजपेई ,शुभम साहू, उमेश साहू ,राहुल पासी, इंद्रपाल पासी ,कमलेश पासी, लाल बहादुर पासी ,भोला यादव, गेंद राज यादव, बली यादव ,राजू गुप्ता ,हरेंद्र पासी ,फिरोज अहमद, यार मोहम्मद, अमरेश कुमार ,संदीप पटेल, गुड्डन यादव, सुनील निषाद सहित कुल 62 क्षेत्र पंचायत सदस्य उपस्थित रहे।

# सामाजिक परिवर्तन के महानायक व दलितों के मसीहा कांशीराम की मूर्ति का आज सपा सुप्रीमो करेंगें अनावरण

## दलितों और पिछड़ों के कद्दावर नेता स्वामी प्रसाद मौर्य की अध्यक्षता में होगा अनावरण

**रवीन्द्र भारद्वाज रवी/संवाददाता स्टार एक्सप्रेस**



रायबरेली। कांग्रेस की सरकार में देश की राजनीति में चर्चा का प्रमुख केंद्र रहने वाला रायबरेली एक बार फिर से सुर्खियों में हैं। जिले के इस बार सुर्खियों में रहने की वजह हैं, दलितों के मसीहा कांशीराम की मूर्ति का अनावरण। सामाजिक परिवर्तन के महानायक और दलितों के मसीहा कांशीराम की मूर्ति का अनावरण समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव करने जा रहे हैं। कांशीराम के सहारे दलितों के दिलों में पैठ बनाने की कोशिश सपा कर रही है और इसके सूत्रधार बन रहे हैं स्वामी प्रसाद मौर्य। रामचरितमानस की कुछ चौपाईयों पर आपत्ति जताकर देशभर की राजनीति में उबाल लाने वाले सपा के कद्दावर नेता और विधान परिषद सदस्य स्वामी प्रसाद मौर्य सामाजिक परिवर्तन की डगर पर पूरी तरह से निकल चुके हैं। जातिगत जनगणना और सामाजिक परिवर्तन का प्रमुख मुद्दा बनाकर इस समय समाजवादी पार्टी पूरी तरह से राजनीतिक लड़ाई लड़ रही है। सपा ने अपनी इस राजनीति को मजबूती देने के लिए दलितों और पिछड़ों के कद्दावर नेता स्वामी प्रसाद मौर्य को पूरी तरह से छूट दे रखी है। स्वामी प्रसाद मौर्य सपा के वोट को मजबूती देने के लिए अब दलित वोटरों को रिझाने की पूरी कोशिश कर रहे हैं। इस कड़ी में उनका एक कदम कांशीराम की मूर्ति का अनावरण कराना है। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव सोमवार को स्वामी प्रसाद मौर्य के महाविद्यालय मान्यवर कांशीराम में आकर कांशीराम साहब की प्रतिमा का अनावरण करेंगे। सपा सुप्रीमो अखिलेश यादव मान्यवर कांशीराम की मूर्ति का अनावरण करने के साथ ही स्वामी प्रसाद मौर्य के पिता बदलू मौर्य की प्रतिमा का भी अनावरण करेंगे। हालांकि अभी समाजवादी पार्टी की तरफसे अपने इस कार्यक्रम को कोई राजनीतिक रूप नहीं देने की कोशिश की जा रही है, लेकिन ऐसा कहा जा रहा है कि समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव पहली बार कांशीराम की मूर्ति का अनावरण करने जा रहे हैं। कांशीराम की मूर्ति का अनावरण करने के साथ ही राम मनोहर लोहिया के आदर्शों पर चलने वाली सपा उन्हें अपना आदर्श मानने लगी है।

**हमेशा ही सुर्खियों में रहता है रायबरेली**

कांग्रेस का गढ़ कहीं जाने वाली रायबरेली की राजनीतिक हमेशा ही सुर्खियों में रही है। गांधी परिवार का सीधा रिश्ता रायबरेली से रहा है, फिरोज गांधी ने रायबरेली से गांधी-नेहरू परिवार की नींव रखी थी। उनके बाद यहां से पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी फिर राजीव गांधी का गहरा नाता रहा है। उनके न रहने के बाद में सोनिया गांधी ने उनकी इस विरासत को आगे बढ़ाया और वर्तमान में भी रायबरेली से सांसद हैं। कांग्रेस के अपने गढ़ को मजबूती कहीं न कहीं इस वजह से भी मिलती रही है कि क्षेत्रीय पार्टियों का भी सहयोग हमेशा ही मिलता रहा है, लेकिन वर्ष 2024 में उन्हें क्षेत्रीय पार्टी का साथ मिलेगा या फिर नहीं यह तो भविष्य के गर्त में हैं, लेकिन फिलहाल यहां से स्वामी प्रसाद मौर्य के परिवार ने हलचल बढ़ा दी है।

**सभी पार्टियों के अपने आदर्श होते हैं महापुरूष**

वर्ष 2024 के लोकसभा चुनाव में सभी पार्टियां राजनीतिक रूप से रणनीतियां बनाने लगी है। समाजवादी पार्टी भी इसी कड़ी में अपने कदम से कदम मिलाकर लड़ने की पूरी कोशिश कर रही है। वर्ष 2022 के विधानसभा चुनाव में अब तक के सबसे अधिक वोट पाने के बाद भी सत्ता से दूर रहने वाली सपा वर्ष 2024 का लोकसभा चुनाव बड़ी रणनीति के साथ में चुनाव लड़ने जा रही है। बस इसी कड़ी में समाजवादी पार्टी अब कहीं न कहीं कांशीराम को अपना आदर्श मानने लगी है। मीडिया से बातचीत करने के दौरान स्वामी प्रसाद मौर्य ने कहा कि सभी राजनीतिक पार्टियां अपने आदर्श मानने वाले महापुरूषों को बढ़ावा देती है, अब वैसे ही समाजवादी पार्टी भी अपने आदर्श को आगे बढ़ा रही है, इसमें किसी भी राजनीतिक पार्टियों को कोई आपत्ति नहीं होनी चाहिए।

# पुलिस लुटेरों के मध्य जबरदस्त हुई मुठभेड़

## मुठभेड़ में 13 बदमाश गिरफ्तार ,1 बदमाश को लगी गोली

स्टार एक्सप्रेस संवाददाता



भरथना, इटावा। भरथना कोतवाली पुलिस ने क्षेत्र अंतर्गत नमामि गंगे गोदाम के सुरक्षा गार्डों को बंधक बनाकर जल जीवन मिशन योजना से संबंधित कीमती सामान की लूट करने वाले अन्तर्राज्यीय गिरोह के कुल 13 सदस्यों को पुलिस मुठभेड में गिरफ्तार किया गया है। जिनके कब्जे से लूटी हुई पीतल की टोंटी, फेरुल (कनेक्टर), पाइप, 2 ट्रक, 1 बुलेरो कार (कुल बरामदगी अनुमानित कीमत 1 करोड़ रुपये),2 तमंचा 315 बोर व कारतूस बरामद हुए हैं। अपर पुलिस महानिदेशक कानपुर जोन कानपुर व पुलिस महानिरीक्षक कानपुर परिक्षेत्र कानपुर के निर्देशन एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजय कुमार के पर्यवेक्षण में एसओजी टीम व सर्विलांस टीम एवं भरथना कोतवाली व फ्रेंड्स कालोनी थाना पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा कार्यवाही की गई है। जानकारी के अनुसार बीती 4 व 5 मार्च की रात्रि को भरथना कोतवाली क्षेत्रान्तर्गत ओम इन्फ्रा लिमिटेड,जेवी कम्पनी के गोदाम भरथना से कुछ अज्ञात बदमाशों ने गोदाम के सुरक्षा गार्डों को बंधक बनाकर गोदाम में रखे जल जीवन मिशन योजना से संबंधित पीतल की टोंटी व फेरुल (कनेक्टर) की लूट की गई थी। जिसके सम्बंध में उपरोक्त मिशन के कर्मचारी अमित कुमार श्रीवास्तव की लिखित तहरीर के आधार पर मुकदमा पंजीकृत किया गया था। जिसमें पुलिस महानिरीक्षक कानपुर परिक्षेत्र,कानपुर व वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक द्वारा घटना स्थल पर पहुंचकर मौका मुआयना भी किया गया था तथा घटना के अनावरण हेतु पुलिस टीमों का गठन किया गया था। गठित टीमें उक्त घटना के अनावरण के क्रम में क्षेत्र में भ्रमणशील थी, इसी दौरान मुखबिर द्वारा सूचना दी गई कि क्षेत्र में जेवी कम्पनी के गोदाम से लूट करने वाले बदमाशों का गिरोह दो ट्रकों में चोरी का माल भरकर साथ में एक बुलेरो कार से अछल्दा की तरफ से नहर पटरी के रास्ते भरथना की तरफ आ रहे है। सूचना पर तत्काल कार्यवाही करते हुए पुलिस टीमों द्वारा मल्हौसी पुलिया एवं बाहरपुर नहर पुलिया पर बदमाशों की घेराबंदी शुरु की गई। इसी दौरान मल्हौसी पुलिया से दो ट्रक एवं बुलैरो कार बाहरपुर पुलिया की ओर से गुजरी, जिन्हें पुलिस टीमों द्वारा बाहरपुर पुलिया के पास घेरकर रोक लिया गया। स्वयं को पुलिस टीम से घिरा हुआ देखकर बुलेरो सवार बदमाशों ने पुलिस टीम पर जानलेवा फायर किया गया। पुलिस टीम द्वारा की गई जबाबी फायरिंग में 1 बदमाश को गोली लगने से घायल होने के उपरांत अन्य 12 बदमाशों को घेराबंदी कर पुलिस ने मौके से गिरफ्तार कर लिया। तथा घायल बदमाश को पुलिस टीम ने अपनी सुरक्षा में उपचार हेतु चिकित्सालय भेजा दिया।

# विश्व हिंदू परिषद ने निकाली रामनवमी की शोभायात्रा

## मुस्लिम समाज ने किया कई जगह स्वागत



संवाददाता, हरदोई शाहाबाद विश्व हिन्दू परिषद की श्री रामनवमी शोभा यात्रा 02 अक्टूबर को शाहाबाद नगर के प्रमुख मार्गों से होकर निकाली गई जहां रामनवमी के दिन पथराव की सूचना आती हैं वही शाहाबाद में विश्व हिंदू परिषद के नेतृत्व में रामनवमी में निकाली गई शोभायात्रा में सैकड़ों मुसलमानों ने जगह जगह विश्व हिंदू परिषद का मिठाई और फल खिलाकर फूल माला पहनाकर जोश के साथ विश्व हिंदू परिषद के सभी पदाधिकारियों कार्यकर्ताओं का स्वागत किया ऐसी मिसाल कहीं-कहीं कभी-कभी देखने को मिलती है मुख्य अतिथि रहे विश्व हिंदू परिषद प्रांतीय उपाध्यक्ष हर्षवर्धन सिंह ब विजेंद्र सिंह चौहान प्रांत प्रमुख विशेष संपर्क विभाग श्री हर्षवर्धन जी ने कहा हम उन विचारों के साथ है जो हमारे हिंदुत्व के विचारों के साथ हैं हम इन सभी भाइयों का बहुत-बहुत स्वागत करते हैं और हमें आशा है ऐसे ही हमारे धर्म और हमारे भाइयों के साथ मिलकर चलेंगे विश्व हिंदू परिषद कभी भी किसी धर्म का अपमान नहीं करता किंतु हमारे धर्म का भी सम्मान करना आवश्यक है यह जानकारी देते हुए विश्व हिंदू परिषद के अशोक कुमार गुप्ता ने बताया कि इस वर्ष लोगों में विशेष रूप से श्री रामनवमी शोभायात्रा को लेकर उत्साह रहे ।लोग बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। इस शोभायात्रा का नेतृत्व विश्व हिन्दू परिषद के प्रांत उपाध्यक्ष हर्षवर्धन सिंह ने किया ।उन्होंने बताया कि शोभायात्रा रामवाटिका मैदान चौक शाहाबाद चौक सर्राफा बाजार, सदर बाजार, बड़ी बाजार, सिनेमा चौराहा, बस स्टैण्ड, महुआ टोला, सरदार गंज हो कर वापस राम वाटिका मैदान में जा कर समापन हुआ शोभा यात्रा की शुरूआत राम वाटिका से हुई जहां लोग गुलाल और रंग के साथ शोभा यात्रा निकालते हैं वही इस शोभायात्रा में देखने को मिला लोग कई कुंतल फूलो से पूरे रास्ते भर होली जैसा माहौल देखने को मिला पूरे रास्ते पर फूलों की वर्षा होती रही यह एक अद्भुत नजारा था सच मानो ऐसा नजारा मैंने अभी तक किसी टीवी चौनल या कहीं नहीं देखा सच में यह एक शोभायात्रा मिसाल बन गई भाईचारा का भी ऐसा मिलन नहीं देखा पूरा नगर खुश नजर आया इस शोभायात्रा में हमारे सभी अधिकारियों का भी बहुत सहयोग रहा।

# वार्षिक परीक्षाफल वितरण समारोह सम्पन्न

खीरों, रायबरेली। न्यू सरस्वती ज्ञान मंदिर इंटर कॉलेज खीरों में परीक्षाफल वितरण समारोह आयोजित हुआ। इस कार्यक्रम के मुख्यअतिथि पूर्व विधायक रामभक्त राकेश सिंह पहुचकर मां सरस्वती की चित्र पर पुष्पा अर्चन एवं दीप प्रज्वलन से की। जिसमे सभी कक्षा में प्रथम द्वितीय व तृतीय स्थान पाने वाले छात्र छात्राओं को ट्रॉफी व सर्टिफिकेट प्रदान कर सम्मानित किया गया। सड़क खराब होने के कारण सड़क बनवाने व सोलर टंकी का आगाज किया वही प्रबंधक बी डी चक्रवती ने पूर्व विधायक रामभक्त राकेश सिंह का आभार प्रकट किया।

# अंतर्जनपदीय तीन स्मैक तस्कर पुलिस ने किए गिरफतार

## 25 लाख की स्मैक व 2 लाख रुपए नगद बरामद

स्टार एक्सप्रेस संवाददाता




हरदोई कछौना। लखनऊ एसटीएफने हरदोई पुलिस के साथ मिलकर तीन अंतर्जनपदीय स्मैक तस्करों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उनके कब्जे से लगभग 25 लाख की स्मैक, 2 लाख 10 हजार 570 रुपए नगद व एक कार बरामद की है। पुलिस ने तीनों तस्करों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। जानकारी के मुताबिक लखनऊ एसटीएफ के इंस्पेक्टर दिलीप कुमार तिवारी ने बताया कि 1 अप्रैल की रात मुखबिर से सूचना मिली कि अंतर्जनपदीय मादक पदार्थ तस्कर गिरोह के सदस्य लखनऊ से हरदोई होते हुए पश्चिम उत्तर प्रदेश जा रहे हैं, मुखबिर की सूचना पर कछौना पुलिस टीम के साथ एसटीएफने ग्राम मल्हपुर के पास नाकेबंदी की। इस दौरान सफेद रंग की जायलो कार लखनऊ की ओर से आते दिखी। पुलिस ने कार को रोकने का प्रयास किया तो तीनों कार सवार भागने लगे। पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए घेराबंदी कर तीनों व्यक्तियों को पकड़ लिया। पूछताछ में तीनों व्यक्तियों ने अपने नाम मो. अजीम उर्फगुड्डू पुत्र सैयद अली निवासी ग्राम मोहद्दीपुर थाना जैतपुर, विनय कुमार यादव पुत्र अमर सिंह निवासी ग्राम व थाना मसौली व मो.जाबिर पुत्र अब्दुल गफूर निवासी ग्राम चंदवारा थाना सफ्दरगंज जिला बाराबंकी बताया है। वही पकड़े गए व्यक्तियों के पास 2 लाख 10 हजार 570 रुपए नगद व 250 ग्राम स्मैक व एक सफेद जायलो कार बरामद हुई है। बरामद स्मैक की अंतराष्ट्रीय बाजार में कीमत लगभग 25 लाख रुपये बताई जा रही है। इंस्पेक्टर दिलीप कुमार तिवारी ने बताया कि पुलिस टीम द्वारा कड़ाई से पूंछताछ के दौरान ज्ञात हुआ कि यह अवैध मादक पदार्थ तस्कर गिरोह पश्चिम बंगाल व अन्य प्रान्तों से मादक पदार्थ लेकर उत्तर प्रदेश के विभिन्न जनपदों में बेंचते हैं और पैसों को आपस में बांट लेते हैं। पकड़े गए तीनों शातिर तस्करों को उनके जुर्म व धारा से अवगत कराते हुए तीनों को माननीय न्यायालय समक्ष पेश किया गया है। जहां से तीनों अभियुक्तों को जेल भेज दिया गया है। वही बरामद कार के कागज पूर्ण न होने पर मोटर वाहन अधिनियम के तहत कछौना थानें पर अलग से कार्यवाही की गई है।

# कलीनगर के एसडीएम समेत तीन लोग संक्रमित, सक्रिय मरीजों की संख्या हुई 15

स्टार एक्सप्रेस संवाददाता

पीलीभीत। जिले में कोरोना के मामलों में लगातार इजाफा हो रहा है। दो दिन पूर्व आई रिपोर्ट में एडीएम एफ्आर राम सिंह गौतम कोरोना संक्रमित निकले थे। शनिवार को आई रिपोर्ट में एसडीएम कलीनगर शिखा शुक्ला समेत तीन मामले और सामने आए हैं। नए मामलों में एसडीएम के अलावा अमरिया क्षेत्र के दो संक्रमित शामिल हैं। सक्रिय मरीजों की संख्या 15 हो गई है। सीएमओ डॉक्टर आलोक कुमार ने बताया कि रिपोर्ट आने के बाद संक्रमितों की खोज कर हकीकत को परखा गया। जिसमें सर्दी जुकाम के लक्षण मिले। संक्रमितों के संपर्क में आने वाले लोगों को भी खोजने के निर्देश दिए गए हैं। जिला अस्पताल की ओपीडी में रोजाना एक हजार से अधिक मरीज पहुंच रहे हैं, लेकिन बचाव के लिए न तो मास्क का इस्तेमाल किया जा रहा है और न ही जांचें हो रही हैं। डॉक्टर सर्दी, खांसी, जुकाम के मरीजों की कोरोना जांच के लिए लिख ही नहीं रहे हैं। सिर्फ ऑपरेशन कराने वाले मरीजों की ही कोरोना जांच की जा रही है। ऐसे में खतरा बढ़ रहा है। जिले में अब 15 संक्रमित कोरोना के लेकर देश और प्रदेश में सतर्कता बढ़ाने के बाद जनपद में भी जांचों को बढ़ाने के लिए दिशा-निर्देश जारी किए गए थे। एक सप्ताह पूर्व बीसलपुर और अमरिया क्षेत्र से दो संक्रमित सामने आए थे। इसके बाद स्थिति बिगड़ती चली गई। इस समय 15 सक्रिय संक्रमित हैं। इसके बाद मुख्यालय के अलावा सीएचसी स्तर पर जांच का दायरा बढ़ाने के निर्देश दिए गए। दावा किया जा रहा है कि रोजाना सात सौ से एक हजार लोगों की कोरोना जांच की रही है, लेकिन हकीकत इससे परे है। शनिवार को जिला अस्पताल की ओपीडी में एक हजार से अधिक मरीज पहुंचे। फिजीशियन कक्ष में मरीजों की भीड़ लगी रही। सर्वाधिक मरीज खांसी, जुकाम और बुखार के थे, लेकिन डॉक्टर इन लोगों की कोरोना जांच नहीं करा रहे थे। इतना ही नहीं बचाव के लिहाज से मरीज मास्क तक नहीं लगाए थे। नाममात्र मरीज जागरूक नजर आए जो मास्क लगाए थे। अस्पताल प्रशासन की ओर से ऑपरेशन वाले मरीजों की कोरोना जांच पर जोर दिया जा रहा है। इसके अलावा चिकित्सक के परामर्श देने के बाद ही मरीजों की जांच की जा रही है। यहां बता दें इस समय जिला अस्पताल में रोजाना दो से चार लोगों की ही कोरोना जांच हो रही है। ओपीडी का समय बदला एक अप्रैल से जिला अस्पताल समेत सीएचसी और पीएचसी में ओपीडी का समय बदल गया है शनिवार को सुबह आठ बजे से दो बजे तक की ओपीडी शुरू हो गई। ऐसे में जिला अस्पताल में सुबह से ही मरीजों की कतार लगी रही, एक हजार मरीज ओपीडी में दर्ज किए गए।

# राष्ट्र निर्माण में पत्रकारों की भूमिका महत्वपूर्ण : राजेश पाण्डेय

### पंडित रामनरेश त्रिपाठी सभागार में आयोजित हुई संगोष्ठी व शपथ ग्रहण कार्यक्रम



संवाददाता, सुलतानपुर। पत्रकार देश के सजग प्रहरी हैं उनकी सुरक्षा और सम्मान आवश्यक है। राष्ट्र के निर्माण में पत्रकारिता का योगदान महत्वपूर्ण है। यह बातें उत्तर प्रदेश शासन की नमामि गंगे परियोजना के विशेष सचिव वरिष्ठ आईएएस राजेश पाण्डेय ने कहीं। रविवार को पंडित रामनरेश त्रिपाठी सभागार में आयोजित भारतीय राष्ट्रीय पत्रकार महासंघ के शपथ ग्रहण समारोह में आयोजित राष्ट्र निर्माण में पत्रकारों की भूमिका एवं चुनौती विषयक संगोष्ठी को बतौर मुख्य अतिथि सम्बोधित कर रहे थे। संगोष्ठी की विशिष्ट अतिथि जिलाधिकारी जसजीत कौर ने कहा कि प्रशासन और पत्रकार का संबंध अटूट होता है। पुलिस अधीक्षक सोमेन बर्मा अपनी यूपीएससी की तैयारियों में पत्रकारिता और अखबार के योगदान में बताया। उन्होंने कहा कि पुलिस पत्रकारों की सुरक्षा के लिए गंभीर है। मुख्य वक्ता मान्यता प्राप्त पत्रकार समिति के अध्यक्ष वरिष्ठ पत्रकार हेमंत तिवारी ने कहा कि वर्तमान में पत्रकारिता की चुनौती काफी बढ़ गई है। दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र भारत में दुनिया के सबसे ज्यादा पत्रकार पीड़ित हो रहे हैं यह चिंतनीय है। वरिष्ठ साहित्यकार युग तेवर पत्रिका के सम्पादक कमल नयन पाण्डेय ने कहा कि यथार्थ की पीठ पर ही आदर्श का पौधा विकसित हो सकता है इसलिए पत्रकारिता को सचेत रहना होगा। पूर्व मंत्री संदीप शुक्ल ने पत्रकारों के लिए वेतन और पेंशन की मांग करते हुए कहा कि पत्रकारों का आर्थिक रूप से मजबूत होना जरूरी है। दो सत्रों में हुई संगोष्ठी का सफ्ल संचालन ज्ञानेन्द्र विक्रम सिंह रवि ने किया। भारतीय राष्ट्रीय पत्रकार महासंघ के राष्ट्रीय संयोजक डॉ.भगवान प्रसाद उपाध्याय ने संगठन के इतिहास की जानकारी देते हुए जिला व तहसील ईकाईयों को शपथ दिलाई। स्वागत जिला महासचिव श्रीकृष्ण पाण्डेय व आभार ज्ञापन जिलाध्यक्ष राकेश तिवारी ने किया। इस अवसर पर लखनऊ के वरिष्ठ पत्रकार राजेश मिश्र, सचिवालय के अनुभाग अधिकारी आशुतोष पाण्डेय,जया सिंह, जटाशंकर पाण्डेय, व्यापारी नेता हिमांशु मालवीय, संगठन के राष्ट्रीय पदाधिकारी विजय विद्रोही,सत्य प्रकाश गुप्त, अशोक मिश्र ,मंडल अध्यक्ष अनुराग द्विवेदी, जिला कोषाध्यक्ष पंकज पाण्डेय, वरिष्ठ संगठन मंत्री पवन मिश्र, आडिटर मनोज मिश्र, तहसील अध्यक्ष कादीपुर रमेश त्रिपाठी, केशव प्रसाद मिश्र, तहसील अध्यक्ष लंभुआ ओमप्रकाश शुक्ला, तहसील अध्यक्ष जयसिंहपुर पवन कुमार मिश्र, तहसील अध्यक्ष बल्दीराय भूपेन्द्र सिंह, राजेश मिश्रा सहित संगठन के सभी पत्रकार उपस्थित रहे।

## आगजनी से गेहूं की फसल जलकर राख

संवाददाता, महराजगंज, रायबरेली। एक तरफ प्रकृति का प्रकोप तो दूसरी तरफआगजनी के चलते आम किसान खून के आसू रोने पर मजबूर हो गया है। गर्मी का मौसम आते ही खड़ी गेहूं की फ्सल को कभी बेमोस्म बरसात बरबाद कर देती है तो कभी अपरिहार्य कारणों से लगने वाली आग आप फ्सल को अपने आगोस में जकड़ कर किसान को रोने पर मजबूर कर देती है। गेहूं की फ्सल के लिए आगजनी एक बड़ी समस्या बन गई है। शनिवार को क्षेत्र के एक गांव में बिजली की शॉर्ट सर्किट से अच्छी खासी गेहूं की फ्सल जलकर राख हो गई। ऐसा ही एक घटना तहसील क्षेत्र के टूक गांव निवासी राम गुलाम पुत्र जंगली के साथ घटी।

## डीसीएम चालक की सड़क हादसे में मौत

संवाददाता, पूरनपुर। तरबूज लेने ग्वालियर जा रहा डीसीएम चालक हादसे का शिकार हो गया।हादसे में चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पर पहुंचे परिजन उसको अपने घर ला रहे थे। लेकिन रास्ते में उसकी मौत हो गई।पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेजा है। नगर के मोहल्ला रजागंज निवासी असद खान गाडी चलाकर अपने परिवार का भरण पोषण करता था। शनिवार को वह डीसीएम से तरवूज लेने ग्वालियर जा रहा था।इसी दौरान रास्ते में उसको टक्कर मार दी। जिससे वह मैजिक सहित गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया।उपचार के लिए स्थानीय अस्पताल ले जाया गया।सूचना मिलने पर युवक के परिजन ग्वालियर अस्पताल पहुंचे।जहां वह उसको इलाज कराने के लिए पूरनपुर लाए।परिजन उसको सीएचसी लेकर पहुंचे। जहां डॉक्टरों ने चालक को मृत घोषित कर दिया। सूचना पर परिजनों में चीत्कार मच गई। रोते बिलखते परिजन अस्पताल जा पहुंचे।घटना को लेकर लोगों की भारी भीड़ मौके पर जुट गई।सूचना मिलने पर कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची।जांच पड़ताल के बाद शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।कोतवाल आशुतोष रघुवंशी ने बताया शब को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।एकाएक हुई घटना को लेकर परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है।मृतक के पुत्र हैं।दो छोटे-छोटे बच्चे होने के चलते अपने परिवार का भरण पोषण करता था।अचानक उसके चले जाने से परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है।

## फर्जी टिकट बनाते रंगे हाथों युवक गिरफ्तार

संवाददाता, ऊँचाहार, रायबरेली। फर्जी टिकट बनाने के आरोप में सीआईबी लखनऊ व रेलवे सुरक्षा बल के जवानों ने एक युवक को रंगे हाथों गिरफ्तार कर लिया। जिसके बाद उसे ऊंचाहार रेलवे पुलिस थाना लाया गया। जहां संबंधित धाराओं में रिपोर्ट दर्ज किया गया है। जिसे सोमवार को सक्षम न्यायालय में पेश किया जाएगा। प्रतापगढ़ जनपद के हथिगवां थाना अंतर्गत महेवा मोहनपुर निवासी हसीब खान जनपद के ही कुंडा रेलवे स्टेशन के पास जन सेवा केंद्र चलाता है। आरोप है कि हसीब जाली टिकट बना कर यात्रियों से अच्छी कमाई करता था। जानकारी पर रविवार की सुबह लखनऊ की सीआईबी व रेलवे सुरक्षा बल की टीम ने कुंडा रेलवे स्टेशन स्थित जन सेवा केंद्र पर छापेमारी की गई। जहां उसे जाली टिकट बनाते हुए रंगे हाथों पकड़ लिया। जांच के दौरान उसके पास से काफी फर्जी टिकट भी पाए गए हैं। जिसके बाद उसे ट्रेन से ऊंचाहार रेलवे स्टेशन स्थित रेलवे सुरक्षा बल थाना लाया गया। जहां संबंधित धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर कार्यवाही की जा रही है। कार्यवाहक रेलवे थाना प्रभारी जितेंद्र यादव ने बताया कि सीआईबी व आरपीएफके संयुक्त टीम की छापेमारी में युवक को जाली टिकट बनाते हुए पकड़ा गया है। जिसके विरुद्ध संबंधित धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। जिसे लखनऊ स्थित सक्षम न्यायालय में पेश किया जाएगा।

## युवक के विरुद्ध मारपीट का मामला दर्ज

संवाददाता, ऊँचाहार, रायबरेली। कोतवाली क्षेत्र के पूरे चरई मजरे पुरबारा गाँव निवासी महिला के साथ मारपीट करने के मामले में पुलिस ने एक युवक के विरुद्ध मारपीट का मामला दर्ज किया है। गाँव निवासी सुमित्रा का कहना है कि शुक्रवार को गाँव निवासी एक युवक से उसकी कहासुनी हो गई थी, जिसके बाद युवक ने उन्हें मारपीट कर घायल कर दिया,पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने शनिवार की देर शाम रोहन कुमार के विरुद्ध मारपीट का मामला दर्ज किया है। कोतवाल बालेन्दु गौतम ने बताया कि मारपीट के मामले में केस दर्ज कर आवश्यक कार्यवाही की जा रही है।

## बाइक सवार को बचाने में ट्रक से टकराई कार, क्षतिग्रस्त

संवाददाता, ऊँचाहार, रायबरेली। कोतवाली क्षेत्र के चड़रई चौराहे पर बाइक सवार को बचाने के चक्कर में एक कार अनियंत्रित होकर ट्रक से टकरा गई, जिससे कार का अगला हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया, गनीमत रही कि घटना में कार सवार लोग बाल बाल बच गए हैं। खोजनपुर गाँव निवासी मनोज अग्रहरि उर्फसिंगर रविवार की सुबह परिवार के लोगों के साथ कार से रायबरेली जा रहे थे, तभी चड़रई चौराहे पर बाइक सवार को बचाने के चक्कर में कार अनियंत्रित होकर ट्रक से टकरा गई, गनीमत रही कि घटना में कार सवार लोग बाल बच गए।

## दो वांछित व एक वारंटी अभियुक्त को किया गया गिरफ्तार

संवाददाता, उन्नाव। अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम मे थाना हसनगंज पुलिस द्वारा दो वांछित व एक वारंटी अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया। रविवार को थाना हसनगंज पुलिस द्वारा थाना स्थानीय पर मुकदमा पंजीकृत किया गया है। सम्बन्धित अभियुक्त सतीष पुत्र राजेश रावत निवासी हसनापुर थाना हसनगंज, उन्नाव को कस्बा हसनगंज से तथा मुकदमा से सम्बन्धित अभियुक्त नरसिंह पुत्र जुगराम सिंह निवासी पंचमखेड़ा थाना हसनगंज उन्नाव को ग्राम पंचमखेड़ा से गिरफ्तार किया गया एवं वारण्टी अजय पुत्र हरिशचन्द्र निवासी अमोइया थाना 15 अप्रैल को उसके घर के पास ग्राम अमोइयाखेड़ा से गिरफ्तार किया गया है।

## परिवार परामर्श केन्द्र में पति-पत्नी के 35 विवादित जोड़े आपसी कलह भुलाकर साथ रहने को हुए राजी

संवाददाता, उन्नाव। सिद्धार्थ शंकर मीना पुलिस अधीक्षक उन्नाव के कुशल निर्देशन में रिजर्व पुलिस लाइन उन्नाव में विभिन्न थानों में स्थित महिला हेल्प डेस्क में पति-पत्नी के विवादित जोड़ों को बुलाया गया। परिवार परामर्श केन्द्र, परिवार परामर्शदाताओं एवं महिला हेल्पडेस्क की टीम द्वारा उनकी काउंसलिंग करते हुए उनके बीच उपजे विवाद को खत्म कराया गया तथा परिवार को टूटने से बचाया। तदोपरान्त महिला थाना से 11, परिवार परामर्श केन्द्र, थाना बांगरमऊ व थाना गंगाघाट से 4-4, थाना अचलगंज से 3, थाना कोतवाली सदर व थाना फ्तेहपुर चौरासी से 2-2, थाना बीघापुर, थाना बारासगवर, थाना आसीवन, थाना सफीपुर व थाना दही से 1-1 जोड़े को बिना विवाद साथ रहने के वादे के साथ विदा किया गया।

# उन्नाव की शाही जामा मस्जिद मे तराबी का पहला दौर हुआ मुकम्मल

स्टार एक्सप्रेस संवाददाता



उन्नाव। पवित्र महीना रमजान के शुभ अवसर पर हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी शाही जामा मस्जिद किला मे तराबी का पहला दौर मुकम्मल हुआ। इस पवित्र रमजान के महीने में 30 रोज मुस्लिम समाज के लोग रोजे रखते है व 30 दिन तराबी सुनते है इसी क्रम में मस्जिदों में कहीं-कहीं पर कुरान सुनने का दौर दो बार किया जाता है जिसमें शाही जामा मस्जिद किला पर 10 रोज का कुरान का पहला दौर मुकम्मल हुआ। किला शाही जामा मस्जिद के इमाम शफीक खान ने कुरान सुना कर पहला दौर मुकम्मल किया। इसके उपरांत दुआ की गई जिसमे सब लोगो साथ अपने मुल्क हिन्दुस्तान के लिए अमन व चौन आपस मे भाईचारा बनाए रखने की दुआ की गई। नात मे हाफ्जि निगार ने शमा बाधा एवं हाफ्जि शफीक खान बयान से लोगो के मुंह से सुब्हान अल्लाह की सदा मुलंद होने लगी। उसके बाद लोगो की भीड़ ने इमाम हाफ्जि शफीक खान को घेर कर मुलाकात करने लगे किसी ने पानी मे फूक्र डलाई तो किसी ने इनाम से नवाजा गया। शाही जामा मस्जिद के इमाम ने कमेटी के लोगो के लिए दुआ भी की। कमेटी के लोगो में तारिक शाह,आरिफ शाह,खालिद शाह, शरीफ् शारिब शाह, सिराज, ताजू,कज्जाफी, अकील, शफीक मास्टर , मोहम्मद अहमद लाला, काशिफशाह, मोहम्मद अजीज जानू, शब्बू , लाले नेता , सलमान शाहिद,अशरफ्रौनक, समशाद, पप्पू, राशिद बाबा, मोहम्मद इमरान खान मानू आदि लोग मौजूद रहे।

# बारिश से हुई फसल बर्बाद अभी तक नहीं हुआ सर्वे किसानों ने किया प्रदर्शन

स्टार एक्सप्रेस संवाददाता



पूरनपुर। खेतों में तैयार खड़ी गेंहू की फ्सल बारिश के साथ हुई ओलावृष्टि से बर्बाद हो गई।आरोप है कि किसानों की फ्सल का अभी तक सर्वे नहीं किया गया है।इससे आक्रोशित किसानों ने एकत्र होकर जिम्मेदारों के खिलाफ प्रदर्शन कर मुआवजे को लेकर सर्वे करने में हो रही लेटलतीफी पर किसानों में रोष है। तेज वारिश के साथ हवाओं से फ्सल चटाई की तरह विछ गई।वंही शुक्रवार को वारिश के साथ हुई ओलावृष्टि से तहसील क्षेत्र के गांव जितौरिया टांडा,पुन्नापुर,गुलडिया भूपसिंह,सिकरहाना,पिपरिया सहित दर्जनों गांवो में खेतों में खडी गेंहू,सरसों आदि फ्सलें नष्ट हो गईं।किसान पहले से ही परेशान था।लेकिन ओलावृष्टि ने किसानों को ओर परेशानी में डाल दिया। फ्सल खराब होने से किसानों का बेहद नुकसान हुआ है।फ्सल बर्बाद होने से किसान तबाह हो गया है।प्रशासन की तरफसे खेतों की सर्वे कराकर मुआवजा दिलवाने की बात कही गई थी।आरोप है कि राजस्व विभाग का कोई भी अधिकारी व कर्मचारी गांवों में सर्वे करने को नहीं पहुंचा है।नष्ट हुई फ्सल से किसानों को आर्थिक संकट से जूझना पड रहा है।उनके खून पसीने से तैयार की गई फ्सल पल भर में तवाह हो गई। किसानों का आरोप है कि जिलाधिकारी ने तत्काल खेतों में जाकर सर्वे कर रिपोर्ट देने की बात कही थी। लेकिन अधिकारी व कर्मचारी पूरी तरह से मौन धारण किए हुए हैं। सर्वे न होने खफा तहसील क्षेत्र के गांव जितौरिया टांडा के किसानों ने राजस्व विभाग के खिलाफ प्रदर्शन कर नारेवाजी की।उन्होने जल्द ही फ्सल का सर्वे कराकर मुआवजा दिलाए जाने की मांग की है।प्रदर्शन करने वालों में गोधनलाल कुशवाहा, इंद्रजीत भारती,भूपराम प्रजापति,रामोतार वर्मा,प्रेमपाल भारती, हरिओम गौतम,रमेश वर्मा,बृजपाल कुशवाहा,बाबूराम भारती,राजेंद्र भारती सहित कई शामिल रहे।

# शिकायतकर्ता को एसडीएम ने गाली गलौज कर भगाया

स्टार एक्सप्रेस संवाददाता

हरदोई । सवायजपुर एसडीएम अभिषेक पटेल ने एक शिकायतकर्ता को गाली गलौज कर भगा दिया। शिकायतकर्ता ने बताया कि जब वह दोबारा शिकायत करने पहुंचा इतनी सी बात से नाराज होकर एसडीएम ने उनके साथ गाली गलौज की है। पीड़ित का कहना है कि काम नहीं करना था तो ना करते लेकिन गाली देना यह कहां का इंसाफहै। पीड़ित जमीन की दोबारा पैमाइश किए जाने की गुहार लेकर एसडीएम के पास पहुंचा था। विकास खण्ड सांडी के बैठापुर निवासी रामशरण अपनी जमीन की दोबारा पैमाइश किए जाने की गुहार लेकर एसडीएम के पास पहुंचा था। रामशरण ने बताया कि प्रार्थना पत्र को देखते ही एसडीएम साहब भड़क गए। एसडीएम ने गाली गलौज करते हुए जूतों से मारने तक की धमकी देकर बाहर भाग जाने को कहा, पीड़ित ने कहा कि मैं वहां से बाहर निकल आया। शिकायतकर्ता ने एसडीएम के द्वारा उसके साथ की गई अभद्रता को तहसील परिसर के अधिवक्ताओं को बताया। वहीं अधिवक्ता संघ अध्यक्ष जितेंद्र मिश्रा सहित अन्य पदाधिकारी गाली गलौज के शिकार पीड़ित रामशरण को साथ लेकर तहसील सभागार में पहुंचे। एसडीएम द्वारा शिकायतकर्ता के साथ गाली गलौज करने का कारण पूछा। एसडीएम ने शिकायतकर्ता के साथ गाली गलौज जैसी कोई भी बात करने से इंकार कर दिया। कहा गया कि शिकायतकर्ता द्वारा बेबुनियाद आरोप लगाए जा रहे हैं। वहीं मौके पर उपस्थित अधिकारियों ने भी मामले में अनभिज्ञता जताई। सवायजपुर एसडीएम अभिषेक पटेल से इस संबंध में जानकारी की गई तो उन्होंने बताया कि शिकायतकर्ता फर्जी तरीके से शिकायत करने आया था। वो झूठ बोले जा रहा है। गाली गलौज के आरोप बेबुनियाद हैं। उन्होंने कहा कि तहसील के अधिवक्ता भी मौके पर मौजूद थे। हालांकि अभिषेक पटेल का यह कोई पहला मामला नहीं है इससे पहले भी ज्वाइंट मजिस्ट्रेट रहते हुए कलेक्ट्रेट में डीएम के सामने वह कई फरियादियों से उलझ चुके हैं। इससे पहले का भी उनका कार्यकाल बेहद विवादित रहा है। उनको कई महीनों तक मजबूत पैरवी के बाद भी चार्ज नहीं मिल सका था। अभी जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह ने उनकी कार्यकुशलता को चेक करने के लिए सवायजपुर का चार्ज दिया। लेकिन वहां पर भी पहले अधिवक्ताओं के साथ विवाद और अब फरियादियों के साथ इस तरह पेश आने से उनकी कार्यकुशलता और विवेकशीलता का परिचय आम आदमी से जरूर हो रहा है।

# बढ़ रहा कोरोना का खतरा,फिर मिला एक कोरोना संक्रमित

स्टार एक्सप्रेस संवाददाता

हरदोई । जिले में कोरोना संक्रमण फिर से सक्रिय होने लगा है। लोग बिना मास्क लगाए और सामाजिक दूरी को नजरअंदाज कर बेपरवाही से घूम रहे हैं। लापरवाही का आलम यही रहा तो फिर वे डेढ़ साल पहले जैसे हालात दोबारा दिखाई देंगे। यही नहीं जिम्मेदार भी बेपरवाही से संक्रमित मरीजों की देखरेख कर रहे हैं। जिले में अभी सांडी क्षेत्र में 27 मार्च कोरोना से संक्रमित तीन महिलाओं की पुष्टि की गई थी। अभी तीन दिन ही गुजरे थे कि फिर बिलग्राम में एक और मरीज कोरोना संक्रमित मिला है। जिस तरह से कोरोना से संक्रमित मरीजों की संख्या बढ़ रही है। इससे यह साबित होता है कि वायरस धीरे-धीरे अपने पांव पसार रहा है। संक्रमित मरीजों को जिस तरह से पहले घर में एकांतवास में रखा जाता था। मोहल्ले के रास्तों को बंद कर दिया जाता था, लेकिन इन दिनों ऐसा कुछ भी नहीं देखा जा रहा है। सिर्फमौखिक फरमान जारी हो रहे हैं और हकीकत की सच्चाई कोसों दूर है। जिले में कोरोना से निपटने के लिए महकमा बिलकुल अनफिट है। कन्नौज से विवादित सीएमओ हरदोई तबादला होकर आए, लेकिन उनका अंदाज ए बयां अभी भी नहीं बदला है। कोविड-19 को लेकर विभाग कितना सक्रिय है, क्या बाकी मामलों को लेकर क्या किया जा रहा है, इस पर वह कुछ भी बोलने को तैयार नहीं है। सीएमओ राजेश तिवारी ने बताया अब कुछ ही महीने रह गए हैं, रिटायरमेंट के, सुकून से बस वह जी लेने दीजिए। वहीं पंकज मिश्रा ने बताया कि लोगों से अपील है कि कोरोना वायरस से बचने के लिए सामाजिक दूरी का पालन करें।

# सपा राष्ट्रीय महासचिव शिवपाल सिंह यादव ने दीप प्रज्वलित कर किया काशिफ पब्लिक स्कूल का लोकार्पण

स्टार एक्सप्रेस संवाददाता



बाराबंकी ।बाराबंकी के अन्तर्गत शहाबपुर टोल प्लाजा के निकट नवनिर्मित काशिफ पब्लिक स्कूल की संस्थापक पूर्व मंत्री पूर्व विधायक सैय्यद शादाब फातिमा द्वारा आयोजित उद्घाटन समारोह में पहुंचे समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव पूर्व कैबिनेट मंत्री विधायक शिवपाल सिंह यादव,एवं विशिष्ठ अतिथि समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय सचिव पूर्व मंत्री अरविंद कुमार सिंह गोप ने द्वीप प्रवज्जलित कर उद्घाटन किया। इस मौके पर पूर्व मंत्री शिवपाल सिंह यादव जी ने कहा कि इस ग्रामीण क्षेत्र में शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए शादाब फातिमा ने अपने बेटे के नाम पर जो स्कूल खोला है यह एक दिन बहुत ऊंचाइयों तक कामयाबी हासिल करेगा। मैं इन्हें शुभकामनाएं देता हूं। पूर्व मंत्री अरविंद सिंह गोप ने संबोधित करते हुए कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में उठाया गया कदम आने वाले समय में इस ग्रामीण क्षेत्र में मील का पत्थर साबित होगा।अभी नए सत्र की शुरुवात है और जिस तैयारी से बच्चों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया है उससे लगता है कि स्कूल के शिक्षक और स्कूल का प्रबन्ध तंत्र बड़े मन से शिक्षा को प्रदर्शित कर रहा है। मैं बहन शादाब फातिमा जी को शुभकामनाएं देते हुए स्कूल के उज्वल भविष्य की कामना करता हूं। और स्कूल के टीचर्स को बधाई देता हूं जिन्होंने रात दिन मेहनत करके बच्चों को तैयार किया। इस मौके पर मौजूद लोगों में पूर्व मंत्री विधायक हाजी फरीद महफूज किदवई,पूर्व विधायक सरवर अली खां,प्रवक्ता दीपक मिश्रा,पूर्व विधायक राम गोपाल रावत, पूर्व विधायक राम मगन रावत,चेयरमैन कोआपरेटिव धीरेन्द्र कुमार वर्मा, डा कुलदीप सिंह,हशमत अली गुड्डू, नसीम कीर्ति, एमडी सैय्यद नसीम हैदर, चौधरी तालिब नजीब कोकब,हसनैन हैदर, सुरेन्द्र सिंह वर्मा,सूरज यादव गामा,फैजान किदवई,जितेंद्र पटेल, डा विकास यादव,लल्ला यादव, शाफे जुबैरी,ज्ञान सिंह यादव,लल्लन वर्मा,अय्यूब कुरेशी,फारूक कुरैशी,राजू सिंह,विजय राज सिंह एडवोकेट, नेहा सिंह आनंद,आदि सैकड़ों लोगों ने उपस्थित होकर शिवपाल सिंह यादव का स्वागत किया।

CMYK

# सिन्धु महोत्सव को लेकर प्रेस वार्ता आयोजित

संवाददाता




कानपुर। उत्तर प्रदेश सिन्धी समाज की सांस्कृतिक संस्था सिन्धु भारत प्रहरी के तत्वाधान में मोतीझील प्रांगण में कल दिनांक 02 अप्रैल, 2023 सिन्धु सभ्यता का महाकुम्भ लगने जा रहा है। इस महाकुम्भ महोत्सव में सिन्धी संस्कृति, सिन्धी सभ्यता, सिन्धी लोकनृत्य, सिन्धी भजनों की मनमोहक छटा, जनमानस को सम्मोहित करेगी। भगवान झूले लाल की जयन्ती के अवसर पर बम्बई के प्रमुख कलाकार सुर के बादशाह श्विपिन सेवानीश् ने मोतीझील को मंत्रमुग्ध करके जनमानस को थिरकने के लिए मजबूर कर देंगे सम्पूर्ण वातावरण भक्तिमय हो जाये। आयोलाल झूलेलाल के जयघोष से आसमान गुंजायमान हो जायेगा। महाआरती से भगवान झूलेलाल को अवतरित करने का प्रयास किया जायेगा। मातायें बहनें सर पर आंचल रखकर भजनों की बेला से आत्मसात होकर आत्मीयता की ज्योति प्रज्जवलित करेंगी। वृन्दावन और दिल्ली के कलाकार के लोकनृत्य से बच्चे भाव-विभोर होंगे तथा भजनों के माध्यम से मानवता का संदेश उजागर होगा। भक्ति के इस महासिन्धु मे श्विपिन सेवानीश् अपनी आवाज से जनमानस को सिन्धी संस्कृति को आकर्षित करेगी और सीधा-सीधा पाश्चात्य संस्कृति पर हमला होगा।

कार्यक्रम का संचालन अपनी मनमोहक आवाज से संचालन कर समा बांधेगी। वाल इस कार्यक्रम में सभी पंचायतों के प्रमुखों व सरपंचों को सम्मानित किया जायेगा। सिन्धी व्यंजनों तथा ढेरों पुरस्कारों से सम्मानितफकिया जायेगा। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से महेश मेघानी, मोहन रामचन्दानी, जय हेमराजानी, देवेन्द्र सचदेवा, लाल चन्द्र डुसेजा आदि लोग प्रमुख रूप से उपस्थित रहेंगे।

# दून इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल का वार्षिक परीक्षा फल घोषित



संवाददाता, हापुड़। हापुड़ के शिव नगर में स्थित दून इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल मे वार्षिक परीक्षा फ्ल का वितरण किया गया जिसमें कु. गरीमा ने पूरे विद्यालय में प्रथम स्थान,तनिष्क कुमार ने विद्यालय मे द्वितीय स्थान, कु . राखी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इस अवसर पर अपनी अपनी कक्षाओं मे प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्रों को भी सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम के अवसर पर विद्यालय के समस्त स्टाफने बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए शुभकामनाएं दी एवम अनेकों अभिवावक उपस्थित रहे।

## चार अप्रैल को धनपति देवी टी 20 क्रिकेट की शुरुआत

संवाददाता, शुक्लागंज, उन्नाव। राजधानी मार्ग सब्जी मंडी स्थित कार्यालय में क्रिकेट एसोसिएशन द्वारा प्रेस वार्ता आयोजित की गई। जहा पर शुक्लागंज क्रिकेट एसोसिएशन के चेयरमैन वीरेंद्र शुक्ला ने बताया कि आगामी 4 अप्रैल से रामकली स्टेडियम में धनपति देवी टी 20 क्रिकेट लीग शुरुआत होगी। जिसमे 12 टीमें हिस्सा ले रही है। प्रत्येक मैच में मैन ऑफद मैच की ट्राफी दी जाएगी। बेस्ट बैट्स मैन व बेस्ट बॉलर को आकर्षक पुरुस्कार दिये जाएंगे। वही उन्होंने बताया की प्रत्येक मैच 20-20 ओवर का होगा। इस दौरान अनिल रावत, कमल दोसर , परवेज अहमद, अविरल शुक्ला, राजेश भारती, राजेंद्र कन्नोजिया, वैभव आदि उपस्थित रहे।

## नलकूप कर्मचारियों व सदस्यों का निर्विरोध पदों पर हुआ गठन

संवाददाता, उन्नाव। जनपद में सिंचाई विभाग नलकूप तकनीकी कर्मचारी एसोशिएशन द्वारा निर्विरोध निर्वाचित पदाधिकारियों व सदस्यों का गठन किया गया। जानकारी के मुताबिक नलकूप प्रभारी व नलकूप चालक तकनीकी कर्मचारी एसोशिएशन सिंचाई विभाग की खंडीय शाखा नलकूप खंड उन्नाव में पदाधिकारी और सदस्यों के गठन में निर्विरोध अध्यक्ष पद पर हरी किशोर गौतम, वरिष्ठ उपध्यक्ष कमला शंकर अवस्थी, उपध्यक्ष चंद्र प्रताप यादव, मंत्री मो. शमशाद, कोषाध्यक्ष सुजीत कुमार, सम्प्रेक्षक दीपिका यादव, सलाहकार राम नारायण रावत, संरक्षक देवेंद्र सिंह , संगठनमंत्री महेन्द्र प्रसाद सहित मीडिया प्रभारी विजय कुमार यादव को निर्विरोध निर्वाचित किया गया है।

## आग की चपेट में करोड़ों का नुकसान

संवाददाता, प्रयागराज। चौक घंटाघर नेहरू कांप्लेक्स में शनिवार की सुबह आग लग गई। देखते-देखते आग बेकाबू हो गई। 25 दुकानों को अपनी चपेट में ले लिया। इससे व्यापारियों समेत आसपास के लोगों में अफरा-तफरी मच गई।चौक नेहरु कांप्लेक्स में दर्जनों दुकानें खुली हैं। शनिवार सुबह आसपास के लोगों ने एक दुकान से धुआं उठता देखा। जबतक वो कुछ समझ पाते इससे पहले आग की लपटें उठने लगी।कुछ ही देर में कोतवाली पुलिस के साथ ही फायर कर्मी मौके पर पहुंचे। लेकिन तब तक आग ने भयानक रूप धारण कर लिया था। आग ने पहले 12 दुकानों को चपेट में लिया। फिर आग बढ़ते-बढ़ते 25 दुकानों तक पहुंच गई। फायर कर्मी आग पर काबू पाने की कोशिश करते रहे। अब तक आग से दो करोड़ से अधिक की क्षति का अनुमान लगाया जा रहा है।

## बन्द मकान में दिन में रैकी कर रात में चोरी करने वाले 4 चोर गिरफ्तार

संवाददाता, जनपद हापुड़ के थाना हापुड़ नगर पुलिस ने क्षेत्र में हुई चोरी की घटना का खुलासा करते हुए चार चोरों को गिरफ्तार कर पुलिस ने चोरों से नगदी व सोनें चांदी के जेवरात,एलईडी टीवी, मोबाइल फोन के साथ अवैध तमंचा बरामद किया है वही हापुड़ नगर कोतवाली थाना प्रभारी निरीक्षक संजय पांडे ने बताया कि चोरी का खुलासा करते हुए चार चोरों दिलशाद उर्फ पाजी निवासी नवी करीम,जुनैद आसिफ रोहित उर्फ नईम निवासी कोटला मेवातियान हापुड को बुलंदशहर रोड पर स्थित टीएफसी होटल के पास से गिरफ्तार किया गया है जिनके कब्जे से 32 हजार 8 सौ रूपये नगद, पीली धातु के आभूषण( 4 कंगन, एक गले का हार 3 जोड़ी कुंडल, 3 अंगूठी , एक जोड़ी वाली, एक ओम लॉकेट) सफेद धातु की 6 जोड़ी पाजेब, सफेद धातु के 8 सिक्के,एक एलइडी टीवी 32 इंची एक मोबाइल फोन ओप्पो एफ9 के साथ-साथ अवैध तमंचे में दो जिंदा कारतूस 315 बोर हुए एक अवैध चाकू बरामद हुआ है। जहां पुलिस पूछताछ में चोरों ने बताया कि हम लोग क्षेत्र में दिन में बन्द मकान की रैकी कर रात में मौका पाकर चोरी की घटना को अंजाम देते हैं।

## जीशान से 5 करोड़ रंगदारी के मामले में अतीक से होगी पूंछतांछ

संवाददाता, प्रयागराज। अतीक अहमद की मुश्किलें लगातार बढ़ती जा रही है।आये दिन किसी न किसी केस की परतें खुलने को तैयार बैठी है। जीशान उर्फ जानू पर जानलेवा हमले और जेसीबी से घर ढहाने के मामले में अतीक का बयान दर्ज करने के लिए पुलिस को रिमांड मिल गई है। जल्द ही पुलिस की एक टीम अहमदाबाद रवाना होगी। इस मामले में अब तक दो को छोड़कर सभी आरोपियों के खिलाफ चार्जशीट दाखिल की जा चुकी है। इनमें अतीक और उसका गुर्गा असाद शामिल हैं। असाद फरार है। घटना के बाद वह पकड़ा नहीं गया था।

# राधिका विद्या मंदिर इंटर कॉलेज का वार्षिकोत्सव संपन्न

संवाददाता



कानपुर। राधिका विद्या मंदिर इंटर कॉलेज, न्यू आजाद नगर सतबरी रोड कानपुर नगर का विधिवत रंगारंग महोत्सव के रूप में छात्र-छात्राओं द्वारा मनाया गया जिसमें माँ सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्जवलन जिला विद्यालय निरीक्षक डॉ. फ्तेबहादुर सिंह एवं सिद्धनाथ मठ के मठाधीस बाल योगी अरुण पूरी चौतन्य जी महराज के द्वारा कार्यक्रम का शुभारम्भ किया गया, जिसमे प्रमुख रूप से छात्रध्छात्राओं ने राजस्थानी नृत्य, शिवकाली की लीला, अंग्रेजी मॉम सांग, बृजभूमि परिदृश्य, वन रक्षा हेतु जंगल बुक, होली डे सन्डे एवं देश भक्ति आर्मी एक्ट के माध्यम से अपनी प्रतिभा के द्वारा दर्शको का मन मोह लिया। दर्शको ने करतल ध्वनिंकर छात्र-छात्राओं का उत्साह वर्धन किया महोत्सव के सर्वश्रेष्ठ प्रतिभा प्रदर्शन में छात्र-छत्राओ को स्वर्ण पदक, रजत पदक,कॉंस्य पदक देकर मुख्य अतिथि ने सम्मानित किया। जिसमे प्रमुख रूप से मंत्री राकेश सचान सांसद सत्यदेव पचौरी मानवेन्द्र सिंह (प्रदेशीय उपाध्यक्ष भाजपा), क्षेत्रीय अध्यक्ष मसप्रकाश पाल पूर्व विधायक रघुनन्दन सिंह भदौरिया, एमएलसी अरुण पाठक प्रदेशीय मंत्री हेमराज सिंह , शिक्षाविद् डॉ. अंगद सिंह दिवाकर मिश्र (प्रदेश संयोजक शिक्षण संस्थान प्रकोष्ठ), आदि क्षेत्रीय गणमान्य सदस्य पू उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन अरविन्द त्रिवेदी एवं शिक्षिका श्रीमती सुनीता गुप्ता द्वारा किया गया।आभार एवं कृतज्ञता विद्यालय डायरेक्टर बी.एल. पाण्डेय ने की।

# सच मत बोल मुंह मत खोल सरकारी ऐलान है ताना शाही देख रो रहा भारत का संविधान : नरेश कुमार भाटी

संवाददाता




हापुड़। हापुड़ जिला अनुसूचित जाति विभाग कांग्रेस कमेटी के जिलाध्यक्ष नरेश कुमार भाटी के नेतृत्व में हापुड़ खण्ड विकास अधिकारी हापुड़ के कार्यालय के बाहर घोड़ा तागे पर बैठकर विकास खण्ड आधिकारी के ऑफिस हापुड़ जाकर नारे बाजी कर प्रदर्शन किया और खण्ड विकास आधिकारी के द्वारा माननीय राष्ट्रपति को ज्ञापन दिया गया। ज्ञापन के द्वारा जिलाध्यक्ष ने माँग की हैं कि कांग्रेस पार्टी के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी द्वारा सरकार से पांच सवालों के जवाब देने में सरकार क्यो आनाकानी कर रही हैं। सरकार क्यो अडानी का बचाव कर रही है। जिलाध्यक्ष नरेश कुमार भाटी ने बताया कि अडानी समूह द्वारा देश के सबसे बड़े

एल ईसी और स्टेट बैंक ऑफ इंडिया में किये गए घोटाले को क्यो छुपा रही हैं, अगर राहुल गांधी ने सरकार से सवाल किया तो उसके बदले में बीजेपी सरकार ने 2019 की चुनावी रैली में दिए गए भाषण का बहाना बनाकर उन पर केस दर्ज करके उनकी लोकसभा की सदस्यता खत्म कर दी है। सरकार बदले की भावना से कार्य कर रही है। लोकतंत्र खत्म करने पर लगी हुई हैं। सच मत बोल मुंह मत खोल सरकारी ऐलान है तानाशाही देख रो रहा भारत का संविधान विकास त्यागी जिला महासचिव ने बताया किया है कि गौतम अडानी के खिलाफ दिल्ली हाईकोर्ट में एक याचिका इस घोटाले की एसआईटी जांच की मांग कर रही है, अडानी समूह के खिलाफसभी सबूत स्टेट बैंक ऑफ इंडिया के सिंगापुर ब्रांच में मौजूद है.इतना कुछ होने के बाद भी मोदी सरकार अडानी ग्रुप के खिलाफजांच करने को तैयार नही है। पूरनमल आनंद ने कहा कि देश मे लोकतंत्र खत्म करने की साजिश रची जा रही है, राहुल गांधी जी ने अडानी के घोटाले संबंधी पांच सवाल जैसे ही सरकार से किये, सरकार ने सवालो का जवाब देने के बजाय राहुल गांधी जी की लोकसभा की सदस्यता ही खत्म कर दी। सरकार राहुल गांधी जी की लोकप्रियता से डरी हुई हैं, जिसका ताजा उदाहरण राहुल गांधी प्रकरण है। कांग्रेस पार्टी ने हमेशा जनता के हक की लड़ाई लड़ी है,और आगे भी जनमानस के मुद्दों पर जनता की लड़ाई लड़ती रहेगी।

# धनीलाल श्रमिक बने सपा मजदूर सभा के प्रदेश अध्यक्ष

संवाददाता, प्रयागराज। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देश पर प्रदेश अध्यक्ष नरेश उत्तम पटेल ने प्रयागराज जिले के विधानसभा प्रतापपुर अंतर्गत सोंरो गांव निवासी धनीलाल श्रमिक को सपा मजदूर सभा का प्रदेश अध्यक्ष नामित किया है।शनिवार को जनपद आगमन पर समाजवादी पार्टी कार्यालय में फूल मालाओं से उनका स्वागत किया गया। स्वागत अवसर पर धनीलाल ने राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं प्रदेश अध्यक्ष के प्रति आभार जताते हुए पार्टी संगठन को मजबूत बनाने का संकल्प दोहराया। कहा कि 2024में केंद्र से भाजपा को हटाकर लोकतंत्र को बचाना है। इसके लिए सभी का सहयोग चाहिए।पार्टी को बूथ स्तर तक मजबूती देने की अपील किया। इस मौके पर जिलाध्यक्ष यमुनापार पप्पू लाल निषाद, जिलाध्यक्ष गंगापार अनिल यादव, सैयद इफ्तेखार हुसैन,डा.मान सिंह यादव, संदीप पटेल, श्यामलाल पाल,रविंद्र यादव एडवोकेट, महबूब उस्मानी,वजीर खान, आशीष पाल, गुड्डी यादव,आरती पाल आदि मौजूद रहे।

# वैभव गौड़ बने अध्यक्ष, डॉ विकास विक्टर बने महासचिव

संवाददाता




कानपुर। फुटसाल एसोसिएशन ने प्रथम प्रेस वार्ता कर कानपुर शहर में फुटसाल खेल के महत्व को समझाने का प्रयास किया तथा कानपुर फुटसाल एसोसिएशन के महासचिव डॉ विकास विक्टर ने बताया कि उनका उद्देश्य कानपुर शहर में फुटसाल खेल को लोकप्रिय बनाना है साथ ही विद्यार्थियों को खेल के माध्यम से सर्वांगीण विकास करना है और इसके साथ ही उनको फुटसाल खेल से संबंधित नियम की जानकारी दी इसके उपरांत कानपुर फुटसाल एसोसिएशन के अध्यक्ष वैभव गौड़ उत्तर प्रदेश फुटसाल एसोसिएशन वह कानपुर ओलंपिक संघ को अपने ऊपर विश्वास करने के लिए आभार व्यक्त किया इस अवसर पर कानपुर फुटसाल एसोसिएशन के चेयरमैन डॉ रजत आदित्य दीक्षित ने अपना आशीर्वाद देते हुए सभी पदाधिकारियों को शुभकामनाएं दी सभी पदाधिकारियों ने अपनी उपस्थिति दर्ज करवा करके फुटसाल खेल को लोकप्रिय बनाने में अपना मत जाहिर किया अभय सिंह, वेदरतन सिंह, भाविका, अर्पित तिवारी, राजकुमार, स्वास्तिका आदि वरिष्ठ लोगों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। सभी पदाधिकारियों ने संजय पाल जी को वरिष्ठ उपाध्यक्ष के रूप में अपनी स्वीकृति प्रदान की।

# संपूर्ण समाधान दिवस में 29 शिकायतें में से 2 शिकायतों का हुआ निस्तारण

संवाददाता



हापुड़। जनपद हापुड़ में शनिवार को जिलाधिकारी प्रेरणा शर्मा तथा पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा की उपस्थिति में तहसील सभागार हापुड़ में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया और जिलाधिकारी ने आए हुए फरियादियों की शिकायतों को सुनकर सम्बन्धित अधिकारियों को शीघ्र निस्तारण कराने हेतु निर्देश दिए तथा जिलाधिकारी हापुड़ ने कहा कि भूमि विवाद से सम्बन्धित सन्दर्भों में पुलिस एवं राजस्व की संयुक्त टीम मौके पर जाकर निस्तारण कराये। उन्होंने समस्त जिला स्तरीय अधिकारियों को निर्देश दिए कि शासन की मंशा के अनुरूप जो समय सीमा समस्याओं के निस्तारण की दी गई है उसी के अनुरूप गुणवत्तापूर्ण निस्तारण कराएं। उन्होंने यह भी कहा कि समस्याओं के निस्तारण पर गुणवत्ता का विशेष ध्यान दिया जाए क्योंकि शासन से निस्तारण के संबंध में समस्या ग्रस्त व्यक्ति से वार्ता भी की जाती है जिस समस्या का निस्तारण कराया जाए उस निस्तारण के संबंध में संबंधित समस्या ग्रस्त व्यक्ति को भी अवगत कराएं। संपूर्ण समाधान दिवस में 29 शिकायतें प्राप्त हुई जिनमें से दो का निस्तारण संबंधित अधिकारी द्वारा करा दिया गया। सम्पूर्ण समाधान दिवस में मुख्य विकास अधिकारी प्रेरणा सिंह, उपजिलाधिकारी हापुड़ सुनीता सिंह, मुख्य चिकित्सा अधिकारी, जिला पंचायत राज अधिकारी, मुख्य पशु चिकित्साधिकारी सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# बाईस शिकायतों का मौके पर हुआ निस्तारण



संवाददाता, प्रयागराज। मुख्य विकास अधिकारी गौरव कुमार की अध्यक्षता में शनिवार को बारा तहसील में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी ने लोगों की शिकायतों को सुनते हुए राजस्व, पुलिस एवं अन्य सम्बंधित विभागों के अधिकारियों को शिकायतों को गुणवत्तापूर्वक एवं समयबद्धता के साथ निस्तारित करने के निर्देश दिये है साथ ही साथ उन्होंने यह भी निर्देशित किया है कि शिकायतों के निस्तारण से शिकायतकर्ता को संतुष्ट भी होना चाहिए। मुख्य विकास अधिकारी ने प्रार्थना पत्रों की समयबद्ध जांच, कार्रवाई एवं समस्याओं के निस्तारण के लिए निर्देशित किया साथ ही अधिकारियों को चेतावनी दी कि निस्तारण में विलम्ब पर कड़ी कार्रवाई की जायेगी। मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि जन-शिकायतों का निस्तारण शासन की सर्वोच्च प्राथमिकता वाले बिंदुओं में से एक है, इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही या उदासीनता स्वीकार्य नहीं है। सम्पूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर प्रार्थी छेदीलाल कुशवाह पुत्र श्रीनाथ कुशवाहा निवासी ग्राम टिकरी कला(डाडी) तहसील बारा ने रिगवा मोड़ हाइवे से लालापुर मार्ग के बीच ग्राम रिगवा पुलिया से अंदर होते हुए ग्राम टिकरी कला(डाडी) जो बाहाला प्रखण्ड नहर की पटरी है को पक्का बनाये जाने के लिए प्रार्थना पत्र दिया है जिसपर मुख्य विकास अधिकारी ने बीडीओ जसरा को उक्त प्रार्थनापत्र पर नियमानुसार कार्यवाही करने एवं आख्या उपलब्ध कराये जाने के लिए निर्देशित किया है। इसी प्रकार राजाराम पुत्र कन्हैयालाल निवासी ग्राम पटिवार तहसील बारा ने अपनी भूमि पर कुछ लोगो के द्वारा अवैध रूप से मकान के निर्माण किए जाने की शिकायत की जिसपर मुख्य विकास अधिकारी ने उपजिलाधिकारी बारा एवं थानाध्यक्ष शंकरगढ़ को प्रकरण की जांच कर आख्या उपलब्ध कराये जाने तथा मौके पर शांति व्यवस्था सुनिश्चित बनाये रखने के निर्देश दिए है। प्रार्थी इन्द्रपाल पुत्र बन्धू निवासी सेहुडा, ब्लाक जसरा तहसील बारा ने वृद्धा वस्था पेंशन न मिलने की शिकायत की जिसपर मुख्य विकास अधिकारी ने जिला समाज कल्याण अधिकारी एवं बीडीओ जसरा को प्रकरण की जांच कर आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करने के लिए कहा है। प्रार्थी घनश्यामदास पुत्र अमृतलाल निवासी गोइसरा थाना लालापुर ने अपनी जमीन पर कराये जा रहे निर्माण कार्य को कुछ लोगो के द्वारा न करने देने की शिकायत की, जिसपर मुख्य विकास अधिकारी ने उपजिलाधिकारी बारा को प्रकरण की जांच कर नियमानुसार आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चत करने तथा आख्या उपलब्ध कराये जाने के निर्देश दिए है।

# स्कूल चलो अभियान में बीईओ ने दिखाई हरी झंडी

## बालकों की तुलना में बालिकाओं का प्रतिशत ड्रॉपआउट व आउट ऑफ स्कूल में ज्यादा है। इस पर जोर देने की जरूरत है : प्रज्ञा सिंह

संवाददाता




प्रयागराज। उत्तर प्रदेश सरकार के निर्देशानुसार शनिवार को स्कूल चलो अभियान रैली निकाली गई । नगर क्षेत्र की खंड शिक्षा अधिकारी प्रज्ञा सिंह ने उच्च प्राथमिक विद्यालय राजापुर मे हरी झंडी दिखाकर रैली को रवाना किया।यह रैली राजापुर के विभिन्न रिहायशी मोहल्लों से होते हुए विद्यालय वापस आई। इसके बाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा स्कूल चलो अभियान कार्यक्रम के लाइव प्रसारण में विद्यालय के बच्चों के साथ प्रतिभाग किया। लाइव प्रसारण में ड्रॉपआउट व आउट ऑफस्कूल बच्चों के नामांकन पर जोर दिया गया। उन्होंने बताया कि बालकों की तुलना में बालिकाओं का प्रतिशत ड्रॉपआउट व आउट ऑफस्कूल में ज्यादा है। इसपर ध्यान देने की जरूरत है। खंड शिक्षा अधिकारी ने विद्यालय में उपस्थित सभी छात्रों को नए सत्र की हार्दिक बधाई दी । इस सत्र के लिए सभी छात्रों को नि:शुल्क पाठ्यपुस्तक भी वितरित किया । पाठ्यपुस्तक पाकर बच्चों के चेहरे खिल उठे।सत्र प्रारम्भ के अवसर पर विद्यालय के इंचार्ज प्रधानाध्यापक मोहम्मद अमान उल्ला व विद्यालय के सभी स्टाफ नगर क्षेत्र के एआरपी स्मिता श्रीवास्तव, अजय कुमार,वार्ड के सभासद व कुछ अभिभावक भी इस कार्यक्रम में हिस्सा लिये। इसके अतिरिक्त उच्च प्राथमिक विद्यालय हरवारा प्रथम व द्वितीय ,उच्च प्राथमिक विद्यालय अतरसुइया, उच्च प्राथमिक विद्यालय नया कटरा प्रथम व द्वितीय, प्राथमिक विद्यालय तुलसीपुर समेत सभी नगर क्षेत्र के विद्यालयों ने भी स्कूल चलो अभियान रैली निकालकर नए सत्र का आगाज किया।

## बिपिन और अंकित का शानदार प्रदर्शन

संवाददाता, प्रयागराज। इंटर हाउस क्रिकेट प्रतियोगिता में खिलाडियों ने शानदार प्रदर्शन जारी रखा। इन्टर हाउस क्रिकेट प्रतियोगिता के तीसरे दिन उपरोक्त पंक्तियां सही साबित हो रही थी जब रेड हाउस ने बड़ा उलट फेर कर दिया। रेड हाउस ने अपने से कहीं बेहतर टीम को हराकर फाइनल में जगह बनाई। रेड हाउस और ब्लू हाउस ने अपने लीग मुकाबले में अगले चरण के अंक में इजाफा किया और दोनो टीम फाइनल मुकाबले में पहुंच गई। वहीं दूसरी तरफपिंक हाउस और यलो हाउस तीसरे और चौथे स्थान के लिए संघर्ष करेगी। प्रथम सत्र के दौरान रेड हाउस और ब्लू हाउस के बीच मैच संपन्न हुआ।जिसमें रेड हाउस ने यह मैच 11रनों से जीत लिया।रेड हाउस पहले बल्लेबाजी करते हुए 4 विकेट पर 89 रन बनाए।वहीं ब्लू हाउस की टीम निर्धारित ओवरों में 8 विकेट पर 77 रनों में ही सिमट गई।रेड हाउस की तरफअरविंद ने 29 रनों का और शिवम यादव ने 31 रनों का शानदार योगदान किया।

# पाकिस्तान : विरोध के बीच, प्रधान न्यायाधीश के अधिकारों में कटौती संबंधी विधेयक सीनेट में पारित



एजेंसी, इस्लामाबाद। पाकिस्तान में विपक्ष की आलोचना के बीच संसद के उच्च सदन सीनेट ने देश के प्रधान न्यायाधीश के स्वत: संज्ञान लेने और संवैधानिक पीठ गठित करने संबंधी अधिकारों में कटौती के लिए पेश विधेयक को बृहस्पतिवार को मंजूरी दे दी। कानून एवं न्याय मंत्री आजम नजीर तरार ने 'उच्चतम न्यायालय (कार्य एवं प्रक्रिया) विधेयक-2023 को बृहस्पतिवार को सीनेट में पेश किया। यह विधेयक एक दिन पहले ही नेशनल असेंबली में पारित हुआ था। पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) के सांसदों ने विधेयक का विरोध करते हुए कहा कि यह संविधान का उल्लंघन है क्योंकि उच्चतम न्यायालय से जुड़े मामलों में बदलाव संविधान संशोधन के जरिये किया जाना चाहिए और उसे दो तिहाई बहुमत से पारित कराया जाना चाहिए। पीटीआई के सीनेटर अली जफर ने बहस के दौरान कहा, '' आप उच्चतम न्यायालय की व्यवस्था में साधारण बहुमत से कानून पारित कर बदलाव नहीं कर सकते हैं। उन्होंने विधेयक को मतदान से पहले संसद की संयुक्त समिति को भेजने की मांग की। हालांकि, उनकी चिंताओं को दरकिनार कर विधेयक को मंजूरी दे दी गई जिसके बाद यह विधेयक कानून बनने के एक कदम और करीब पहुंच गया और अब केवल राष्ट्रपति के हस्ताक्षर की जरूरत है। पीटीआई सीनेटरों ने विधेयक को पारित कराने के कदम का विरोध किया और अली जफर ने चेतावनी दी कि इसे उच्चतम न्यायालय में चुनौती दी जा सकती है और यह तय है कि शीर्ष अदालत इसे खारिज कर देगी। विधेयक में प्रावधान किया गया है कि उच्चतम न्यायालय में लंबित किसी भी मामले या अपील की सुनवाई और निस्तारण प्रधान न्यायाधीश एवं दो वरिष्ठतम न्यायमूर्तियों की समिति द्वारा तय पीठ करेगी। उच्चतम न्यायालय के स्वतरू संज्ञान के मूल न्यायाधिकार क्षेत्र के बारे में विधेयक में कहा गया है कि संविधान के अनुच्छेद 184(3) से जुड़ा कोई भी मामला पहले संबंधित समिति के समक्ष रखा जाएगा। उल्लेखनीय है कि मौजूदा व्यवस्था में प्रधान न्यायाधीश स्वतरू संज्ञान अधिकार पर फैसला लेते हैं और वही मामलों की सुनवाई के लिए विभिन्न पीठों का गठन करते हैं।

# ग्राहकों को पैसा लौटाएगा सहारा

## एक करोड़ लोगों को ध्यान में रखकर एससी ने दिया बड़ा फैसला

एजेंसी, नयी दिल्ली । सहारा-सेबी विवाद के 24000 करोड़ के फंड पर सुप्रीम कोर्ट ने सरकार की याचिका को मंजूर कर लिया है। दरअसल सरकार ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की थी। इस याचिका में सरकार ने कहा था कि सहारा-सेबी के 24000 करोड़ के कुल फंड में से 5000 करोड़ का आवंटन तुरंत किया जाए ताकि सरकार निवेशकों को उनका पैसा लौटा सकें।सुप्रीम कोर्ट से सहारा के एक करोड़ निवेशकों को बड़ी राहत देते हुए आदेश दिया है कि निवेशकों की ओर से जमा किए




गए 24000 हजार करोड़ रुपए में से 5000 करोड़ रुपए तुरंत वापस किए जाएं। इन 5000 करोड़ रुपए को करीब 1.1 करोड़ निवेशकों को दिया जाएगा। इससे पहले कल बाजार नियामक सेबी ने सहारा समूह की रियल एस्टेट कंपनी से 6.57 करोड़ रुपए की वसूली कर ली थी। दरअसल ये बकाया ग्रुप के मुखिया सुब्रत राय और अन्य बकायेदारों से वसूल किया गया है। इससे पहले पिछले साल जून में सहारा 6 करोड़ का भुगतान करने में विफल रहा था जिसके चलते सेबी ने कुर्की और वसूली प्रक्रिया को शुरू कर दिया था। अब उम्मीद है कि निवेशकों को उनका पैसा जल्द मिल सकेगा। दरअसल सहारा का ये विवाद काफी पुराना है। सहारा का स्कैम सहारा ग्रुप की दो कंपनियां सहारा हाउसिंग कॉर्पोरेशन लिमिटेड और सहारा इंडिया रियल एस्टेट कॉर्पोरेशन से जुड़ा है। मामला 30 सितंबर 2009 की है जब सहारा ने आईपीओ के लिए सेबी में आवेदन किया और गलत तरीके से निवेशकों से 24000 करोड़ की रकम जुटाई। सेबी ने इसमें कई गलतियां पाई जिसके बाद से ये जांच का विषय बन गया। मामला सामने आने के बाद सेबी ने सहारा की दोनों कंपनियों को पैसा न जुटाने का आदेश दे दिया और साफकर दिया कि निवेशकों को उनका पैसा 15 फीसदी ब्याज के साथ लौटाया जाए।

# सरकार ने वाणिज्यिक खनन के लिये कोयला ब्लॉक के सातवें दौर की नीलामी शुरू की

एजेंसी, नयी दिल्ली । रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कोयला ब्लॉक के वाणिज्यिक खनन को लेकर सातवें दौर की नीलामी की शुरुआत की। नीलामी के नये चरण के तहत 106 खदानों को रखा गया है। सातवें दौर की नीलामी में शामिल 106 कोयला खदानों में से 95 गैर-कोकिंग कोयला खदान, एक कोकिंग कोयला खदान और 10 लिग्नाइट खदान हैं। इसमें से 61 ब्लॉक का आंशिक रूप से जबकि 45 का पूर्ण रूप से पता लगाया जा चुका है। सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि कोयले को काला सोना माना जाता है। यह देश की अर्थव्यवस्था को मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। उन्होंने कहा, ''पिछले कुछ साल में हमारी ऊर्जा खपत बढ़ी है और इसमें वृद्धि जारी रहेगी। और इस जरूरत को पूरा करने को लेकर हमें आज से प्रयास शुरू करने होंगे।''सिंह ने कहा कि कोयला ब्लॉक की मौजूदा नीलामी ऊर्जा सुरक्षा की दिशा में कदम है।निविदा दस्तावेजों की बिक्री



बुधवार से शुरू हो गई है। खदानों, नीलामी की शर्तों, समयसीमा आदि का विवरण एमएसटीसी नीलामी मंच पर देखा जा सकता है। नीलामी राजस्व हिस्सेदारी के आधार पर पारदर्शी तरीके से दो चरणों में ऑनलाइन आयोजित की जाएगी। कोयला और खान मंत्री प्रह्लाद जोशी ने कंपनियों को नीलामी में भाग लेने की अपील की। उन्होंने कहा कि उन कंपनियों को प्रोत्साहन दिया जाएगा, जो खदानों से जल्द उत्पादन शुरू करेंगी। उन्होंने कहा कि कोयले का उपयोग अगले 40-50 साल किया जाएगा। इस बीच, कोयला मंत्रालय ने छठे दौर में नीलाम किये गये 28 कोयला खदानों के लिये समझौते पर हस्ताक्षर किये। छठे दौर में सफल बोली लगाने वाली कंपनियों में जेएसडब्ल्यू सीमेंट्स, अल्ट्राटेक सीमेंट्स, अंबुजा सीमेंट्स और जिंदल पावर लिमिटेड शामिल हैं।

## चीन ने साई और मैक्कार्थी की भेंट पर जवाबी कार्रवाई की धमकी दी

एजेंसी, बीजिंग । चीन ने धमकी दी है कि ताइवान की राष्ट्रपति साई इंग-वेन और अमेरिकी प्रतिनिधि सभा के अध्यक्ष केविन मैक्कार्थी की लॉस ऐंजेल्स में होने वाली बैठक को लेकर वह जवाबी कार्रवाई कर सकता है। स्वशासी द्वीप ताइवान की राष्ट्रपति अमेरिका की यात्रा पर जाने वाली हैं। हाल में, ताइवान पर राजनयिक दबाव बढ़ गया है, वहीं चीन उसके राजनयिक सहयोगियों को अपने पक्ष में लाने के लिए प्रयासरत है। इस बीच चीन रोजाना आधार पर ताइवान की ओर लड़ाकू विमानों को भेजता रहा है। साई अपनी ग्वाटेमाला और बेलीज यात्रा के दौरान 30 मार्च को न्यूयॉर्क जाएंगी। उनके ताइवान वापस लौटने के दौरान पांच अप्रैल को लॉस ऐंजेल्स में रुकने की उम्मीद है। उस दौरान वह मैक्कार्थी से मुलाकात कर सकती हैं। ताइवान मामलों के कैबिनेट कार्यालय की प्रवक्ता झू फेंग्लियन ने साई के अमेरिका में रुकने की योजना की निंदा की और मांग की कि किसी भी अमेरिकी अधिकारी को उनसे मुलाकात नहीं करनी चाहिए। झू ने एक संवाददाता सम्मेलन में कहा, हम इसका दृढ़तापूर्वक विरोध करते हैं और इसका कड़ा जवाब देंगे। उन्होंने कहा कि अमेरिका को साई इंग वेन की पारगमन यात्राओं की व्यवस्था करने और अमेरिकी अधिकारियों से संपर्क करने से बचना चाहिए। उन्होंने कहा कि इसके साथ ही अमेरिका को ताइवान की स्वतंत्रता का समर्थन नहीं करने की अपनी प्रतिबद्धता को पूरा करने के लिए ठोस कार्रवाई करनी चाहिए।

## मुंबई-अहमदाबाद द्रुत रेल परियोजना के लिए जापान देगा 18,750 करोड़ रुपये का कर्ज

एजेंसी, नयी दिल्ली । जापान अंतरराष्ट्रीय सहयोग एजेंसी (जीका) मुंबई-अहमदाबाद द्रुत रेल (एमएएचएसआर) के निर्माण की चौथी किस्त के रूप में भारत को 18,750 करोड़ रुपये का आधिकारिक विकास सहायता (ओडीए) ऋण उपलब्ध कराएगी। जीका ने इस बारे में भारत के साथ करार पर हस्ताक्षर किए हैं। जीका की ओर से बुधवार को जारी बयान में कहा गया कि यह उसके इतिहास में किसी एक परियोजना के लिए स्वीकृत सर्वाधिक कर्ज राशि है। बयान के मुताबिक, जीका एमएएचएसआर परियोजना के लिए ओडीए ऋण के जरिये वर्ष 2017 से ही सहयोग दे रही है। उसने इस परियोजना के लिए कुल 40,625 करोड़ रुपये का कर्ज देने की प्रतिबद्धता जताई है। इसके अलावा जापानी एजेंसी व्यवहार्यता अध्ययन, मूल और विस्तृत डिजाइन, जापान में प्रशिक्षण और इस परियोजना की क्रियान्वयन एजेंसी नेशनल हाई स्पीड रेल कॉरपोरेशन लि. (एनएचएसआरसीएल) को जापानी विशेषज्ञता समर्थन के रूप में तकनीकी सहयोग दे रही है। इस परियोजना का मकसद मुंबई और अहमदाबाद के बीच जापान की शिन्कानसेन प्रौद्योगिकी (इसे बुलेट ट्रेन भी कहा जाता है) के इस्तेमाल से द्रुत गति की रेल का निर्माण करना है। इस मौके पर जीका इंडिया के मुख्य प्रतिनिधि साइतो मित्सुनोरी ने कहा कि एमएएचएसआर परियोजना जापान-भारत सहयोग का प्रतीक है।

## सामान्य यूपीआई भुगतान पर नहीं लगेगा कोई शुल्क : एनपीसीआई

एजेंसी, नयी दिल्ली । भारतीय राष्ट्रीय भुगतान निगम (एनपीसीआई) ने स्पष्टीकरण जारी करते हुए कहा कि बैंक खाते से बैंक खाता आधारित यूपीआई भुगतान या सामान्य यूपीआई भुगतान पर कोई शुल्क नहीं लगेगा। एनपीसीआई ने बयान में कहा कि विक्रेता के 'पूर्व भुगतान साधन (पीपीआई)' के जरिये लेनदेन करने पर इंटरचेंज शुल्क लगेगा। हालांकि यह शुल्क ग्राहकों को अदा नहीं करना होगा। दरअसल, निगम ने पीपीआई वॉलेट को अंतर-संचालित (इंटरचेंज) यूपीआई परिवेश का हिस्सा बनाने की मंजूरी दी और पीपीआई के जरिये 2,000 रुपये से अधिक के यूपीआई लेनदेन पर 1.1 प्रतिशत शुल्क लगाया है। इसमें बताया गया, ''इंटरचेंज शुल्क सिर्फपीपीआई मर्चेंट लेनदेन पर ही लगेगा, ग्राहकों पर कोई शुल्क नहीं लगेगा। यह भी स्पष्ट किया गया है कि बैंक खाते से बैंक खाता आधारित यूपीआई भुगतान (सामान्य यूपीआई भुगतान) पर कोई शुल्क नहीं लगेगा।पीपीआई के यूपीआई में जुड़ने के बाद ग्राहकों के पास कोई भी बैंक खाता इस्तेमाल करने का विकल्प होगा।

## इस साल सभी क्षेत्रों में औसत वेतनवृद्धि घटकर 9.1 प्रतिशत रहने का अनुमान

एजेंसी, मुंबई । मुद्रास्फीति, ऊंची ब्याज दरों और अर्थव्यवस्था में सुस्ती के कारण इस साल लगभग सभी क्षेत्रों में औसत वेतनवृद्धि घटकर 9.1 प्रतिशत रहने की संभावना है। एक अध्ययन में यह अनुमान लगाया गया है। परामर्श कंपनी डेलॉयट इंडिया की बुधवार को जारी 'प्रतिभा परिदृश्य 2023 रिपोर्ट के अनुसार, वेतन में औसत वृद्धि पिछले साल यानी 2022 में 9.4 प्रतिशत थी। यह अध्ययन जनवरी, 2023 में सात क्षेत्रों और 25 उप-क्षेत्रों में 300 संगठनों के बीच किए गए सर्वेक्षण पर आधारित है। अध्ययन में पाया गया कि वास्तविक वेतनवृद्धि पिछले साल की तुलना में 2023 में लगभग सभी क्षेत्रों में कम रहने की संभावना है। इसके अनुसार, जीवन विज्ञान क्षेत्र में पिछले साल की तुलना में इस साल उच्चतम वेतन वृद्धि होने की उम्मीद है जबकि इस दौरान सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) क्षेत्र में वेतनवृद्धि में बड़ी गिरावट आने की संभावना है। अध्ययन में कहा गया है कि इसके अतिरिक्त देश में कर्मचारियों की नौकरी छोड़ने की दर 2022 में 19.7 प्रतिशत पर पहुंच गई जबकि 2021 में यह 19.4 प्रतिशत थी। डेलॉयट टच तोहमात्सु इंडिया एलएलपी (डेलॉयट इंडिया) के भागीदार आनंदरूप घोष ने कहा, ''महंगाई, उच्च ब्याज दर और धीमी अर्थव्यवस्था की वजह से इस साल संगठनों के और अधिक सतर्क रहने की संभावना है। 2023 में वेतनवृद्धि और नौकरी छोड़ने की दर कम रहेगी।

# ओएनजीसी केजी ब्लॉक से मई में कच्चे तेल का उत्पादन शुरू करेगी, गैस अगले साल से

एजेंसी, नयी दिल्ली । सार्वजनिक क्षेत्र की तेल एवं गैस उत्पादक कंपनी ओएनजीसी के कृष्णा-गोदावरी बेसिन की केजी-डी5 परियोजना से कच्चे तेल का उत्पादन इस साल मई में शुरू होने की उम्मीद है। वहीं क्षेत्र से गैस उत्पादन एक साल बाद शुरू होगा। कंपनी के एक वरिष्ठ अधिकारी ने यह जानकारी दी। ओएनजीसी केजी-डीब्ल्यूएन-98/2 ब्लॉक के क्लस्टर-दो क्षेत्र से उत्पादन जून, 2019 में ही शुरू करने वाली थी, जबकि कच्चे तेल का उत्पादन मार्च, 2020 से शुरू होना था। ओएनजीसी के निदेशक (उत्पादन) पंकज कुमार ने कहा कि कृष्णा गोदावरी बेसिन में स्थित इस परियोजना के लिए एक उत्पादन इकाई (एफपीएसओ) पहले ही स्थापित की जा चुकी है। इसका इस्तेमाल कच्चे तेल के उत्पादन के



लिए किया जाएगा। उन्होंने कहा, 'हमारा अनुमान है कि यहां से तेल उत्पादन मई में शुरू हो जाना चाहिए।' कंपनी को पहले तेल उत्पादन की शुरुआत नवंबर 2021 में करनी थी। इसे टालकर 2022 की तीसरी तिमाही और अब मई, 2023 किया गया है। वहीं गैस उत्पादन का लक्ष्य पहले, मई 2021, फिर मई, 2023 और अब मई, 2024 किया गया है। कंपनी का कहना है कि कोविड महामारी के कारण अनुबंध एवं आपूर्ति संबंधी अड़चनों से यह लक्ष्य समय पर हासिल नहीं किया जा सका। इस ब्लॉक से वर्तमान में प्रतिदिन 17 लाख मानक घनमीटर गैस का उत्पादन हो रहा है। कुमार ने कहा, ''हम शुरुआत में 10,000 से 12,000 बैरल प्रतिदिन का उत्पादन करेंगे और दो-तीन माह में इसे बढ़ाकर प्रतिदिन 45,000 बैरल किए जाने की उम्मीद है।''

उन्होंने कहा कि इस ब्लॉक से सीमित मात्रा में गैस भी निकल रही है लेकिन वास्तविक रूप से गैस उत्पादन मई, 2024 में ही शुरू हो पाएगा। उस समय इस ब्लॉक से प्रतिदिन 70-80 लाख घन मीटर गैस का उत्पादन होने की उम्मीद है। कुमार ने कहा कि कंपनी को अगले वित्त वर्ष 2023-24 में कच्चे तेल के उत्पादन में गिरावट को रोकने की उम्मीद है, जबकि प्राकृतिक गैस के उत्पादन में वृद्धि की संभावना है।

# ताइवान की राष्ट्रपति अमेरिका की यात्रा पर

एजेंसी, वाशिंगटन। ताइवान की राष्ट्रपति साई इंग वेन अमेरिका की यात्रा पर हैं, जिसका मकसद चीन के बढ़ते खतरे के बीच यह दिखाना है कि कई राष्ट्र उनके स्वशासित द्वीप के मित्र हैं। ताइवान यह बहुत सोच-समझकर तय कर रहा है कि साई यात्रा के दौरान कहां रुकेगी और वह हमेशा की तरह इस बार भी वाशिंगटन में किसी वरिष्ठ अमेरिका नेता के साथ आधिकारिक बैठक नहीं करेंगी। दरअसल चीन ने कहा है कि ऐसा किए जाने की स्थिति में वह कड़ी प्रतिक्रया देगा। साई बुधवार को न्यूयॉर्क पहुंचीं। उनकी यात्रा की कुछ जानकारियां ही सार्वजनिक की गई हैं। वाशिंगटन में एक वरिष्ठ चीनी राजनयिक जू शुएयान ने देश में कहीं पर साई एवं केविन मैक्कार्थी के बीच एक अपेक्षित बैठक होने की ओर इशारा किया। उन्होंने एक डिजिटल सत्र में संवाददाताओं से कहा कि इस बैठक के समग्र रूप से गंभीर परिणाम होंगे और इसका अमेरिका एवं चीन के संबंधों पर ''गंभीर''असर पड़ेगा। अमेरिका के सीनेटर रोबर्ट मेनेंदेज ने कहा कि किसी अमेरिकी अधिकारी का साई से अनौपचारिक रूप से मुलाकात करना संकेत देता है कि ताइवान के प्रति अमेरिका का समर्थन ''मजबूत और स्पष्ट'' है। साई ने अमेरिका रवाना होने के लिए विमान में बैठने से पहले संवाददाताओं से कहा, ''ताइवान स्वतंत्रता और लोकतंत्र के मूल्यों की दृढ़ता से रक्षा करेगा।'' उन्होंने कहा, ''बाहरी दबाव दुनिया के साथ जुड़ने के हमारे संकल्प को बाधित नहीं कर पाएगा।'' ताइवान पर राजनयिक दबाव हाल में बढ़ गया है।

# अमेरिकी सीनेट में एच-1 बी, एल-1 वीजा कार्यक्रम में संशोधन के लिए विधेयक पेश

एजेंसी, वाशिंगटन। अमेरिका में प्रभावशाली सांसदों के एक समूह ने सीनेट में एच-1बी और एल-1 वीजा कार्यक्रमों में व्यापक बदलाव लाने और विदेशी कर्मचारियों की भर्ती में अधिक पारदर्शिता लाने के उद्देश्य से एक द्विदलीय कानून पेश किया है। एच-1बी वीजा अमेरिकी कंपनियों को विशेषकर तकनीकी विशेषज्ञता की आवश्यकता वाले पेशे में विदेशी कर्मचारियों को रखने की अनुमति देता है। प्रौद्योगिकी कंपनियां इसके लिए हर साल भारत और चीन जैसे देशों से हजारों कर्मचारियों को भर्ती करती हैं। एल-1 वीजा भी एक प्रकार का 'वर्क वीजा' है जो देश में काम करने की इच्छा रखने वाले पेशेवरों को जारी किया जाता है। एच-1बी वीजा उस व्यक्ति को जारी किया जाता है जो किसी अमेरिकी कंपनी से जुड़ना चाहते हैं, जबकि इसके विपरीत एल-1 वीजा उन लोगों को जारी किया जाता है जो पहले से ही किसी दूसरे देश में कंपनी द्वारा नियोजित हैं और जो केवल एक अमेरिकी कार्यालय में स्थानांतरित हो रहे हैं।

दो प्रभावशाली सांसदों डिक डर्बिन और चक ग्रासली ने इस कानून को अमेरिकी सीनेट में पेश किया है। वहीं, सांसद टॉमी




ट्यूबरविल, बर्नी सैंडर्स, शेरोड ब्राउन और रिचर्ड ब्लूमेंथल ने इसे समर्थन दिया है। मंगलवार को एक मीडिया विज्ञप्ति में कहा गया कि एच-1बी और एल-1 वीजा सुधार अधिनियम से आव्रजन प्रणाली में धोखाधड़ी और दुरुपयोग कम होगा, अमेरिकी श्रमिकों और वीजा धारकों को सुरक्षा मिलेगी और विदेशी कर्मचारियों की भर्ती में अधिक पारदर्शिता की आवश्यकता होगी। विज्ञप्ति में कहा गया है कि विधेयक में एल-1 और एच-1बी कर्मचारियों को काम पर रखने, नए वेतन, भर्ती एवं सत्यापन आवश्यकताओं के बारे में बताने और एच-1बी कर्मचारियों को नियुक्त करने के इच्छुक नियोक्ताओं को इन नौकरियों के बारे में जानकारी श्रम विभाग (डीओएल) की वेबसाइट पर पोस्ट करने का प्रस्ताव दिया गया है। विधेयक में एल-1 कार्यक्रम में सुधार की मांग की गई है और विदेशी सहयोगियों को सत्यापित करने में विदेश विभाग से सहयोग को अनिवार्य करना प्रस्तावित है। गूगल, माइक्रोसॉफ्ट और अमेजन जैसी कंपनियों में हाल में कई गई छंटनी के कारण अमेरिका में भारतीयों सहित हजारों उच्च कुशल विदेशी मूल के श्रमिकों ने अपनी नौकरी खो दी है। 'द वाशिंगटन पोस्ट' के अनुसार, पिछले साल नवंबर से अब तक लगभग 2,00,000 आईटी कर्मचारियों की छंटनी की जा चुकी है। उद्योग के अंदरूनी सूत्रों का कहना है कि उनमें से 30 से 40 प्रतिशत भारतीय आईटी पेशेवर हैं, जिनमें से बड़ी संख्या में एच-1बी और एल1 वीजा धारक हैं।

# मोदी 'सरनेम विवाद


## ललित मोदी ने राहुल गांधी पर ब्रिटेन में मुकदमा चलाने की धमकी दी

एजेंसी, लंदन। भारत में वित्तीय अनियमितताओं के आरोपी और इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के पूर्व प्रमुख ललित मोदी ने बृहस्पतिवार को कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर तीखा हमला किया और 'मोदी सरनेम वाली टिप्पणी के लिए उन पर ब्रिटेन की अदालत में मुकदमा चलाने की धमकी दी। ललित मोदी (59) ने अब तक किसी आरोप के लिए दोषी नहीं ठहराए जाने के बावजूद कांग्रेस पार्टी द्वारा 'भगोड़ा बताने के लिए भी निशाना साधा। सिलसिलेवार ट्वीट में ललित मोदी ने खुद को 'इस दुनिया में सबसे बड़े खेल आयोजन के पीछे की शख्सियत बताते हुए दावा किया कि इससे 100 अरब डॉलर की कमाई हुई है। ललित ने अपने दादा-दादी की तस्वीरें पोस्ट कर कहा कि उसके परिवार ने गांधी परिवार की तुलना में भारत के लिए अधिक योगदान दिया है। ललित ने ट्वीट में कहा, 'मैं लगभग हर टॉम, डिक और गांधी के सहयोगियों को बार-बार यह कहते हुए देखता हूं कि मैं भगोड़ा हूं। क्यों ? कैसे ? और मुझे कब इसके लिए दोषी ठहराया गया। ललित ने कहा, 'पप्पू उर्फ राहुल गांधी की तरह नहीं हूं, एक आम नागरिक और ये कह रहा हूं कि ऐसा लगता है कि विपक्षी नेताओं के पास करने के लिए कुछ नहीं है। उनके पास या तो गलत जानकारी है या फिर वे बदले की भावना से बोलते रहते हैं। उसने कहा, 'मैंने राहुल गांधी के खिलाफ ब्रिटेन की अदालत में जाने का फैसला किया है।

मुझे विश्वास है कि वह कुछ ठोस सबूत लेकर आएंगे। मैं उन्हें पूरी तरह से बेवकूफ बनते देखने के लिए उत्सुक हूं। पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष राहुल गांधी पर ललित मोदी का हमला ऐसे वक्त हुआ है, जब कुछ दिन पहले, 'मोदी सरनेम वाली टिप्पणी को लेकर आपराधिक मानहानि मामले में उन्हें दोषी ठहराया गया और दो साल की सजा सुनाई गई। दोषी ठहराए जाने के बाद गांधी को लोकसभा की सदस्यता के लिए अयोग्य करार दिया गया। ललित मोदी ने ट्वीट में कई कांग्रेस नेताओं पर गांधी परिवार के लिए 'धन जुटानेश् और उनके 'विदेश में संपत्ति होने का आरोप लगाया। ललित ने यह भी दावा किया कि वह इस संबंध में और विवरण प्रदान कर सकता है। ललित ने कहा, 'पिछले 15 साल में मैंने एक भी पैसा लिया हो, यह साबित नहीं हो पाया है। ये जरूर साबित हुआ है कि मैंने दुनिया का सबसे बड़ा खेल आयोजन तैयार किया, जिसने करीब 100 अरब डॉलर की कमाई की है।श् ललित ने कहा, 'कांग्रेसी नेता को यह नहीं भूलना चाहिए कि 1950 के दशक की शुरुआत से ही (ललित) मोदी परिवार ने उनके लिए और अपने देश के लिए इतना कुछ किया है जिसकी वे कभी कल्पना भी नहीं कर सकते। उसने कहा, 'जितना वे सोच भी नहीं सकते, मैंने भी उससे कहीं अधिक किया है। इसलिए भारत के घोटालेबाज लुटेरों भौंकते रहो...। ब्रिटेन में 2010 से रह रहे ललित ने दावा किया कि देश में जैसे ही कड़े मानहानि संबंधी कानून पारित होंगे, वह भारत लौट आएगा।

CMYK

## क्रिश्चियन फैमिली में जन्में विवियन डीसेना ने बदला अपना धर्म, इस्लाम अपनाकर बने पांच वक्त के नमाजी



टीवी के पॉपुलर एक्टर विवियन डीसेना पिछले कुछ टाइम से अपनी पर्सनल लाइफ को लेकर लगातार सुर्खियों में बने हुए हैं। बीतों दिनों एक्टर की सीक्रेट वेडिंग और उनके पापा बनने की खबर ने सबको हैरान कर दिया था। हालांकि अब एक्टर को लेकर एक चौंकाने वाली खबर सामने आई है जिसका खुलासा खुद विवियन ने ही किया है। दरअसल, हाल ही में दिए एक इंटरव्यू में विवियन ने अपनी शादी और बेटी को लेकर खुलकर बात की। एक्टर ने बताया कि उन्होंने पिछले साल शादी रचाई थी और अब वो 4 महीने की बेटी के पिता भी बन गए हैं। इस दौरान एक्टर ने अपने धर्म बदलने को लेकर भी बड़ा खुलासा किया है। बताते चले कि विवियन ने अब इस्लाम धर्म अपना लिया है। आपको बता दें कि हाल ही में विवियन ने इंस्टाग्राम पर ये खुलासा किया था कि वो रमजान सेलिब्रिट करने जा रहे हैं। एक्टर ने अपनी पोस्ट के कैप्शन में इंशाअल्लाह लिखा था जिसे लेकर फैन्स ये अनुमान लगा रहे थे कि कहीं विवियन ने इस्लाम तो नहीं अपना लिया है। वहीं, अब एक्टर ने खुद इस बात का खुलासा किया है। क्रिश्चियन फैमिली में जन्मे विवियन ने बताया कि वो पिछले काफी समय से इस्लाम को फॉलो कर रहे हैं। उन्होंने कहा है, मेरी लाइफ में ज्यादा कुछ नहीं बदला है। मैं क्रिश्चियन परिवार में पैदा हुआ था और अब मैं इस्लाम फॉलो करता हूं। मैं साल 2019 से ही रमजान के महीने से ही इस्लाम धर्म को मानने लगा था। दिन में 5 बार इबादत करने से मुझे बहुत सुकून मिलता है।दूसरी शादी और बेटी के बारे में बात करते हुए उन्होंने कहा कि हां मैं शादीशुदा हूं और चार महीने की बेटी का पिता भी हूं, इसमें कौन सी बड़ी बात है। बता दें कि विवियन ने नूरन अली से दूसरी शादी रचाई है, जो इजिप्ट की पत्रकार हैं। नूरन अली से पहले एक्टर ने अपनी को-एक्ट्रेस वाहबिज दोराबजी से शादी रचाई थी, लेकिन साल 2021 में दोनों का तलाक हो गया।

»» बॉलीवुड ««

## शहनाज गिल की आंखों में खोये राघव जुयाल, दोनों के इस बीटीएस वीडियो ने इंटरनेट पर मचाई धूम



सलमान खान की फिल्म किसी का भाई किसी की जान से बॉलीवुड में डेब्यू करने जा रहीं शहनाज गिल किसी पहचान की मोहताज नहीं हैं। पंजाब की कैटरीना कैफ कहे जाने वाली शहनाज गिल के अपने ही जलवे हैं। सोशल मीडिया पर शहनाज की तगड़ी फैन फॉलोइंग है और उनकी हर फोटो और वीडियो इंटरनेट पर आग की तरह फैल जाती है। इस बार भी शहनाज गिल का एक वीडियो सोशल मीडिया पर खूब सुर्खियां बटोर रहा है। इस वीडियो में शहनाज के साथ डांसर राघव जुयाल भी नजर आ रहे हैं। ये वीडियो सलमान खान की अपकमिंग फिल्म किसी का भाई किसी की जान का बीटीएस वीडियो है। सामने आए वीडियो में शहनाज और राघव की केमिस्ट्री ने लोगों का दिल जीत लिया है। शहनाज गिल और राघव जुयाल का ये बीटीएस वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। सामने आए वीडियो में आप देख सकते है कि बैकग्राउंड में काफी सजावट हो रखी है और दोनों ने व्हाइट कलर के मैचिंग आउटफिट्स भी पहने हुए है। इस दौरान शहनाज और राघव एक-दूसरे की आंखो में आंखे डालकर डांस स्टेप कर रहे हैं। दोनों के फेस पर एक प्यारी सी स्माइल भी दिख रही है। वीडियो में डांस स्टेप की प्रैक्टिस करते हुए शहनाज और राघव की बॉन्डिंग भी साफ दिखाई दे रही है। सोशल मीडिया पर इनके इस बीटीएस वीडियो को काफी पसंद किया जा रहा है। हालांकि इससे पहले शहनाज और राघव का वीडियो देख नेटिजन्स भड़क गए थे। इतना ही नहीं उन्होंने शहनाज गिल को बुरी तरह ट्रोल भी किया था। बता दें कि सलमान खान फिल्म्स प्रोडक्शन किसी का भाई किसी की जान को फरहाद सामजी डायरेक्ट कर रहे हैं। इस फिल्म में सलमान खान, वेंकटेश दग्गुबाती, पूजा हेगड़े, जगपति बाबू, भूमिका चावला, विजेंदर सिंह, अभिमन्यु सिंह, राघव जुयाल, सिद्धार्थ निगम, जस्सी गिल, शहनाज गिल, पलक तिवारी और विनाली भटनागर अहम रोल में नजर आएंगे।



## 6 फिल्में लगातार फ्लॉप होने से डर गई थी प्रियंका चोपड़ा, कहा-मैं नेपो किड नहीं हूं मेरे पास सपोर्ट नहीं था

बॉलीवुड में देसी गर्ल के नाम से फेमस एक्ट्रेस प्रियंका चोपड़ा को हाल ही में बॉलीवुड छोड़ने को लेकर पहली बार बात करते हुए देखा गया। जिसमे एक्ट्रेस ने कई बड़ी बातो का खुलासा किया। आज भले ही प्रियंका अपना नाम हॉलीवुड तक बना चुकी हो लेकिन एक समय ऐसा भी था जब प्रियंका को बॉलीवुड तक में काम के लाले पड गए थे। वह बॉलीवुड के साथ-साथ पिछले कुछ समय से हॉलीवुड में अपनी एक्टिंग का हुनर दिखा रही हैं। इस बीच प्रियंका चोपड़ा ने अपने उन दिनों को याद किया है जब उनकी लगातार 6 फिल्में फ्लॉप हो गई थीं। इसके साथ ही एक्ट्रेस ने नेपोटिज्म पर भी अपना तंज कसते हुए कई बातें कही हैं। प्रियंका चोपड़ा ने एक पॉकडास्ट में इंटरव्यू के दौरान बताया कि उनकी मां और वह बहुत घबरा गई थीं, जब लगातार पीसी की 6 फिल्में फ्लॉप होने के बाद लोगों ने उनके करियर को खत्म मान लिया था। देसी गर्ल के लिए वो दौर बहुत मुश्किल भरा था। एक्ट्रेस ने खुलासा किया कि उस वक्त मां ने उन्हें सलाह दी थी कि, तुम बहुत जल्द 30 की होने वाली हो. तुम्हें पता कि इंडस्ट्री में ये उम्र बहुत ज्यादा है. वे 20 साल की हिरोइन के साथ काम करना चाहते हैं. इसलिए अगर तुम खुद को बनाए रखना चाहते हैं, तो फिर तुम्हें इनकम के कुछ और सोर्स के बारे में सोचने की जरूरत है.डैक्स शेपर्ड के पॉडकास्ट आर्मचेयर एक्सपर्ट पर प्रियंका चोपड़ा ने कहा, मैं बहुत घबरा गई थी जब मेरी 6 फिल्मे बॉक्स ऑफिस पर फेल हो गई क्योंकि मैं नेपो बेबी (स्टारकिड) नहीं हूं. मेरे पास उस तरह का सपोर्ट नहीं था, जो बॉलीवुड फिल्मों में बड़े पैमाने पर है. प्रियंका ने स्वीकार किया कि अपने असफल करियर के चलते उन्होंने प्रोडक्शन में कदम रखा था. एक्ट्रेस ने बताया कि उन्हें प्रोडक्शन में जाने की जरूरत नहीं थी, लेकिन यह उनके करियर के लिए बेहतर साबित हुआ.अब प्रियंका चोपड़ा के वर्क फ्रंट की बात करें तो एक्ट्रेस बहुत जल्द रूसो ब्रदर्स की वेब सीरीज सिटाडेल में नजर आएंगी। इस इंटरनेशनल स्पाई-ड्रामा सीरीज में उन्होंने लीड रोल निभाया है। इसके अलावा प्रियंका चोपड़ा के पास जी ले जरा है, जिसका डायरेक्शन फरहान अख्तर कर रहे हैं। इस मूवी में प्रियंका के साथ आलिया भट्ट और कैटरीना कैफ भी दिखेंगी।



»» बॉलीवुड ««

## सरेआम राखी सावंत ने उड़ाया मलाइका अरोड़ा की वॉक का मजाक

ड्रामा क्वीन राखी सावंत किसी ना किसी वजह से खबरों में बनी रहती हैं। बीतों दिनों राखी अपनी इफ्तार पार्टी के चलते सुर्खियों में बनी हुई थी। वहीं अब राखी अपने एक वीडियो की वजह से चर्चा में आ गई हैं। अपने इस लेटेस्ट वीडियो में राखी बॉलीवुड एक्ट्रेस मलाइका अरोड़ा का मजाक उड़ाती दिख रही हैं। राखी के इस वायरल वीडियो पर सोशल मीडिया यूजर्स तरह-तरह के रिएक्शन दे रहे हैं। सोशल मीडिया पर राखी सावंत का ये वीडियो तेजी से वायरल हो रहा है। इस वीडियो में वो पैपराजी से कहती हुई नजर आ रही है कि मैं मलाइका अरोड़ा की तरह चलकर दिखाऊ। इसके बाद राखी सावंत मलाइका की तरह चलती हुई दिखाई देती है। राखी थोड़ी सा वॉक करके दिखाती है और फिर कैमरे के सामने पोज मारती हुई दिखाई देती है। वीडियो के आखिर में राखी सावंत कहती है कि लेकिन मलाइका अरोड़ा मेरी फेवरेट है। राखी से इस वीडियो पर सोशल मीडिया यूजर्स जमकर कॉमेंट कर रहे हैं। एक यूजर ने लिखा, 'खुद को देख लो पहले दूसरो को नहीं।' दूसरे यूजर ने कॉमेंट कर लिखा, 'बकवास।' एक अन्य यूजर ने लिखा, 'दीदी नकल बहुत अच्छी करते हो।' बीतों दिनों राखी का एक वीडियो सामने आया था जिसमें वो कह रही थी कि वो दिन में 5 बार नमाज पढ़ती है। राखी सावंत ने कहा था, मैं सुबह फजर की नमाज, जोहर की नमाज, असर की नमाज, मगरिब की नमाज और ईशा की नमाज पढ़ रही हूं।



## नवाजुद्दीन सिद्दीकी की बेटी ने रखा पहला रोजा तो मां आलिया को याद आ गए भोलेनाथ, बोलीं- मैं ब्राह्मण हूं..



बॉलीवुड एक्टर नवाजुद्दीन सिद्दीकी पिछले काफी वक्त से खबरों में बने हुए हैं। एक्टर अपनी पर्सनल लाइफ सुर्खियों में बनी हुई है। नवाज की वाइफ आलिया सिद्दीकी ने उन पर घर से बाहर निकालने और रेप तक के गंभीर आरोप लगाए हैं। इसी बीच अब नवाज की वाइफआलिया सिद्दीकी का एक पोस्ट सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है जिसमें उन्होंने अपने और अपनी बेटी के अलग-अलग धर्म को फॉलो करने का जिक्र किया है। नवाजुद्दीन सिद्दीकी ने आलिया से साल 2009 में शादी की थी। दोनों के दो बच्चे भी है जिनका नाम शौरा और यानि हैं। बता दें कि नवाजुद्दीन और आलिया की बड़ी बेटी शौरा ने हाल ही में अपना पहला रोजा रखा। शौरा के पहले रोजा रखने पर उनकी मां आलिया ने इंस्टग्राम पर अपनी बेटी के लिए एक खास पोस्ट डाला। आलिया सिद्दीकी ने अपने ऑफिशियल इंस्टाग्राम अपनी एक फोटो शेयर की है जिसे साझा करते हुए उन्होंने धर्म को लेकर एक खास नोट भी लिखा। अपनी फोटो को शेयर करते हुए आलिया ने कैप्शन में लिखा, मेरी बेटी शोरा ने रोजा रखा है और इस्लाम को फॉलो करती है। शोरा ने इस धर्म को स्वीकार कर लिया है और मैं इसका सम्मान करती हूं और मैं अपने पूरे जीवन में हमेशा इसका सम्मान और समर्थन करती रहूंगी। हालाँकि, मैं एक ब्राह्मण लड़की हूँ जो अपने परमात्मा में विश्वास करती है। उन्होंने आगे कहा, मैं भोलेनाथ भक्त हूं और हमेशा भोलेनाथ भक्त रहूंगी। मेरे नाम की बात करें तो मैंने शादी के बाद अपना नाम अंजना किशोर पांडे से बदलकर आलिया सिद्दीकी रख लिया था। लेकिन मैंने हमेशा अपने परमात्मा भोलेनाथ की पूजा की और मुझे उन पर विश्वास है। मैं संप्रदायवाद में विश्वास नहीं करती। प्रत्येक व्यक्ति को कोई भी धर्म चुनने का अधिकार है। आलिया ने आगे लिखा, जहाँ तक मेरा नाम 'मिसेज आलिया सिद्दीकी' सवाल है, तो ये सिर्फ कुछ दिनों के लिए है और एक बार जब मेरा कानूनी रूप से तलाक हो जाएगा।

हिन्दी दैनिक/डिजिटल स्टार एक्सप्रेस सोच... बदलते भारत की
स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक नरेन्द्र कुमार द्वारा सांई ऑफ्सेट प्रिन्टर्स, 40 वासुदेव भवन, कैसरबाग, लखनऊ से मुद्रित एवं एमजी-18, सेक्टर-सी, अलीगंज, लखनऊ (उ.प्र.) से प्रकाशित।
सम्पादकः नरेन्द्र कुमार । (पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा) R.N.I. No.- UPHIN/2008/24076 Email Id : starexpressnews@gmail.com
CMYK